ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 09:36 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 9 जून 2025
वर्ष 6, अंक 71, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत 12

जयशंकर यूरोप रवाना, द्विपक्षीय संबंध होगा प्रमुख मुद्दा 14

## जातिवाद से मुक्त हो समाज : भागवत

### संघ प्रमुख बोले-मंदिर, जलाशय, श्मशान पर सभी का समान अधिकार

- कहा-हिंदुओं को एकजुट व सनातन परंपरा को दोबारा स्थापित करेंगे
- पूर्वी यूपी क्षेत्र कार्यकर्ता विकास वर्ग और शिक्षा वर्ग में किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार :** शहर प्रवास पर आए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को स्वयंसेवकों से कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में है। पंच परिवर्तन के आधार पर सम्पूर्ण समाज एक बड़े परिवर्तन की ओर जा रहा है।

ऐसा समाज जो राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व के लिए जागरूक हो, ऐसा समाज जो पर्यावरण के अनुकूल अपनी जीवन शैली का निर्माण करे, ऐसा समाज जो जातिवाद की विषमता से मुक्त हो, जहां मंदिर, जलाशय, श्मशान पर संपूर्ण समाज का समान अधिकार हो। पं. दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय आजाद नगर में पूर्वी यूपी क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग, सामान्य-विशेष और संघ शिक्षा वर्ग में सरसंघचालक ने भाग लिया। रविवार सुबह उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग के लोगों के साथ शाखा की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि संघ द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों से जुड़े साहित्य को हर घर तक पहुंचाना है। पंच परिवर्तन पर विशेष जोर देते हुए कहा, सभी हिंदुओं को एकजुट करने का काम करना है। हर घर में संस्कार हों और लोग परिवार में एकजुट हों जिससे सनातन परंपरा को हर घर में दोबारा स्थापित किया जा सके।

## राजग सरकार ने 11 साल में महिलाओं को आगे बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर बोले प्रधानमंत्री मोदी
- कहा-सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लोगों के लिए प्रेरणा बन रहीं महिलाएं



### हर क्षेत्र में कायम कर रहीं मिसाल

पोस्ट में महिलाओं के लिए कई अन्य कल्याणकारी कदमों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक रसोई गैस कनेक्शन दिए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि माताएं-बहनें आज विकसित भारत के संकल्प में भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि शिक्षा-व्यवसाय से लेकर हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरे होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने अपने 11 साल के कार्यकाल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेल, स्टार्टअप और सशस्त्र बलों सहित सभी क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और लोगों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। प्रधानमंत्री ने कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को काफी लाभ हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत के माध्यम से गरिमा सुनिश्चित करने से लेकर जन धन खातों के जरिए वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां धुआं मुक्त रसोई प्रदान करते हुए उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर मिले, वहीं मुद्रा ऋण ने लाखों महिला उद्यमियों को खुद की शर्तों पर अपने सपने पूरे करने में सक्षम बनाया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम पर बने घरों ने भी उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। मोदी ने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन की लौ जगाई।

प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित उन पहलों संबंधी पोस्ट भी साझा किए जिनमें सरकारी योजनाओं द्वारा महिलाओं को दिए गए लाभों को सूचीबद्ध किया गया। इन पोस्ट में कहा गया है कि देश में जीवित जन्मों पर मातृ मृत्यु अनुपात 2011-13 में प्रति लाख 167 से घटकर 2019-21 में प्रति लाख 93 हो गया और नल से जल प्राप्त करने वाले घरों की संख्या अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ से बढ़कर मई 2025 में 15.64 करोड़ हो गई।

# किसानों से संवाद नई क्रांति : योगी

### लैब से लैंड योजना : विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने किया किसानों से संवाद

- योगी बोले-खेती प्रधानमंत्री के शीर्ष एजेंडे में शामिल, फसलों का किया हवाई सर्वेक्षण

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)



औरैया जिले में कार्यक्रम के दौरान एक बच्चे को अन्नप्रासन कराते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। • एजेंसी

**अमृत विचार :** लैब, आईसीआर, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र व अन्य संस्थानों में कार्यरत वैज्ञानिक पहली बार लैंड पर जाकर किसानों के साथ कृषि की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए कार्य कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य लैब से लैंड तक जाना है। कृषि वैज्ञानिक लैंड पर जाएंगे और किसानों से संवाद करेंगे। यह संवाद कृषि क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत करेगा। लैब में जो भी काम हो रहे हैं, वह धरातल पर दिखना चाहिए। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कस्बे के जनता महाविद्यालय में रविवार को जनसभा के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने जो विजन दिया है, कृषि उसकी आधारशिला बनेगी। कृषि के माध्यम से लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में क्या कदम उठाया जा सकता है, इस पर कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी-कार्मिक, औद्यानिक फसल, खेती, डेयरी, मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को खेती के बारे में आधुनिक जानकारी देंगे। इस पहल के तहत वैज्ञानिक क्लाइमेटिक जोन को देखेंगे और किसानों को बीज व वैरायटी का प्रोडक्शन पर असर की जानकारी भी देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 वर्ष के अंदर यूपी में डबल इंजन सरकार ने किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने के अभियान को अपने हाथों में लिया है। यूपी में कृषि के लिए बहुत स्कोप है। सीएम ने पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि किसान उनके सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं बन पाया था। किसान को बीज, एमएसपी का दाम, समय पर खाद्य, खेत के लिए पानी, तकनीक, स्वायल हेल्थ की व्यवस्था नहीं थी। लागत कम और अधिक उत्पादन पर जोर नहीं था। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी पीएम मोदी के शीर्ष एजेंडे में है। देश में 11 वर्ष के अंदर खेती-किसानी के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है।

### कृषि संबंधी योजनाओं से अन्नदाताओं की जीवनशैली में आ रहा बदलाव

उन्होंने कहा कि हेल्थ कार्ड का अभियान चलाया। किसानों को पीएम कृषि बीमा योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, एमएसपी, पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। यह अन्नदाता किसान के जीवन में परिवर्तन का परिणाम है। कहा कि पिछली सरकार यूपी में कृषि विज्ञान को लागू नहीं करना चाहती थी, लेकिन जैसे ही सूर्यप्रताप शाही कृषि मंत्री बने, 20 नए कृषि विज्ञान केंद्र लाने में सफलता प्राप्त की। आज 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। जो नई तकनीक और बीज की जानकारी दे रहे हैं।

### शोध के केंद्र के रूप में उभरे कृषि विवि

कृषि विवि भी इनोवेशन और कृषि के क्षेत्र में रिसर्च एंड डेवलपमेंट के नए केंद्र के रूप में उभरे हैं। उनकी नई गति प्रदेश की प्रगति में सहायक हो रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि किसान अपनी आय को बढ़ा रहा है। वर्ष 2017 के पहले सुनने को मिलता था कि किसान को पर्ची नहीं मिली तो उसने खेत में आग लगा दी। किसान को वर्षों से गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं होता था। वह मजबूर होकर फसल में आग लगा देता था। किसान का आक्रोश सरकार की स्थिति को बयां कर देता था। इस मौके पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला के साथ स्थानीय विधायक और पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मणिपुर में कई जिलों में कर्फ्यू पांच दिन के लिए इंटरनेट बंद

### राज्य में एटी नेता की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा

- प्रदर्शनकारियों ने कई वाहन फूंके, झड़पों में 10 जख्मी

इंफाल, एजेंसी



हिंसा के बाद राजधानी इंफाल में तैनात सुरक्षाबल। • एजेंसी

मणिपुर में सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन अरामबाई टेंगोल (एटी) नेता और चार अन्य की गिरफ्तारी के विरोध में बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शन के बाद इंटरनेट सेवाएं पांच दिनों के लिए निलंबित कर दी गई और अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। राजधानी इंफाल सहित पांच जिलों में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई है और शनिवार रात से हिंसा भड़कने के कारण अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। मणिपुर के आयुक्त-सह-सचिव (गृह) एन अशोक कुमार ने कहा कि इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में इंटरनेट सेवा निलंबित की है।

सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन अरामबाई टेंगोल ने अपने नेता कानन और चार अन्य की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में रविवार से मणिपुर में 10 दिवसीय बंद की घोषणा की है। गिरफ्तारी के बाद हिंसक प्रदर्शन हुए और अब तक प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाकर्मियों के वाहनों समेत करीब पांच वाहनों को आग लगा दी। सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों में अब तक करीब दस लोग घायल हो चुके हैं, जिनमें एक पत्रकार भी शामिल है। गौरतलब है कि सीबीआई सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मणिपुर हिंसा मामलों की जांच कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर जलाए, पत्थर और लकड़ियां जमा कीं। हिंसा को देखते हुए राजभवन और एयरपोर्ट की ओर जाने वाली सड़कों पर सेना, असम राइफल्स, सीआरपीएफ, बीएसएफ, पुलिस और अन्य सुरक्षा बल तैनात हैं।

### राज्यपाल ने की सुरक्षा समीक्षा बैठक

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की। इस बीच विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी राज्यपाल से मुलाकात कर राज्य की मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया और सामान्य स्थिति बहाल करने में हस्तक्षेप का आग्रह किया। समीक्षा बैठक के दौरान राज्य में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति से संबंधित विभिन्न मामलों पर व्यापक चर्चा और समीक्षा की गई। बैठक में सुरक्षा सलाहकार, डीजीपी, आयुक्त (गृह) सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सूडा के प्रोजेक्ट मैनेजर ने अपने कमरे में फंदे से लटक कर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ के इंदिरानगर बी-ब्लॉक में हुई घटना, 15 वर्ष से थे डिप्रेशन में

**अमृत विचार :** पूर्व आईएएस मंगला प्रसाद मिश्रा के पुत्र सुधाकांत मिश्रा (59) ने शनिवार रात को अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय के मुताबिक इंदिरानगर बी-ब्लॉक के निवासी सुधाकांत मिश्रा (59) सूडा में प्रोजेक्ट मैनेजर थे। तीन महीने बाद ही वह सेवानिवृत्त होने वाले थे। उनके बेटे कार्तिकेय मिश्र ने बताया कि 15 वर्ष से पिता डिप्रेशन में थे। इलाज चल रहा था।


पुलिस के मुताबिक शनिवार रात कार्तिकेय अस्पताल में भर्ती अपनी सास को देखने चले गए थे। घर पर मां इंदिरा और पिता सुधाकांत थे। देर रात घर लौटे तो पिता के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। मां दूसरे कमरे में थीं। मां-बेटे ने कई आवाजें लगाई, लेकिन जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांका तो सुधाकांत बिजली के केबल से बने फंदे के सहारे पंखे से लटक रहे थे। दरवाजा तोड़कर कार्तिकेय ने उन्हें फंदे से उतारा और निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शव घर लाने के बाद पुलिस को सूचना दी।

बीमारी के कारण सुधाकांत छुट्टी पर चल रहे थे। कुछ दिन पहले ही अस्पताल से घर आए थे। पुलिस के मुताबिक सुधाकांत चार बार खुदकुशी करने का प्रयास कर चुके थे। घरवालों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 20 जून से कर सकेंगे राम दरबार के दर्शन

- रोजाना 750 श्रद्धालुओं को मिलेगा मौका
- रामजन्मभूमि ट्रस्ट जारी करेगा मुफ्त पास

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या



राम मंदिर में प्रथम तल पर गर्भगृह में स्थापित राम दरबार।

**अमृत विचार :** राम मंदिर में विराजमान रामलला के साथ राम दरबार के भी दर्शन भक्त सकेंगे। इसके लिए प्रथम तल पर रेलिंग को लगाने का कार्य शुरू हो गया है।

माना जा रहा है कि 20 जून से दर्शन की प्रक्रिया प्रारंभ हो सकती है। वहीं दर्शन करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एक दिन में लगभग 750 भक्तों को पास जारी करेगा। औसतन प्रति घंटे के मुताबिक 50 पास जारी होंगे। इस पास को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अपनी वेबसाइट से जारी करेगा। दर्शन के लिए सुगम दर्शन पास की तरह प्रथम तल के दर्शन का पास भी निशुल्क जारी किया जाएगा। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि अगले 10 दिन के अंदर राम दरबार के दर्शन शुरू हो सकते हैं।

## नेता विपक्ष निर्वाचन आयोग को सीधे भेजें पत्र, तभी देंगे जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी के आरोपों पर निर्वाचन आयोग की दो टूक

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाने वाले अपने लेख पर निर्वाचन आयोग से जवाब मांगे जाने के एक दिन बाद आयोग के सूत्रों ने रविवार को कहा कि संवैधानिक निकाय तभी जवाब देगा, जब विपक्ष के नेता उसे सीधे पत्र लिखेंगे।

सूत्रों ने साथ ही कहा कि अपने संपर्क अभियान के तहत निर्वाचन आयोग ने सभी छह राष्ट्रीय दलों से अलग-अलग बातचीत के लिए उन्हें आमंत्रित किया था, जबकि अन्य पांच दलों ने आयोग के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन कांग्रेस ने 15 मई की बैठक रद्द कर दी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों को निर्वाचन आयोग के सूत्रों द्वारा खारिज किए जाने के बाद उस पर पलटवार करते हुए शनिवार को कहा था कि उसकी विश्वसनीयता बात छिपाने से नहीं, बल्कि सच बोलने से बचेगी।

गांधी द्वारा महाराष्ट्र के मतदान केंद्रों की शाम की सीसीटीवी फुटेज मांगे जाने संबंधी एक सवाल के जवाब में सूत्रों ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, चुनाव याचिका दायर होने पर मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज की जांच सक्षम उच्च न्यायालय ही कर सकता है।

## सरकारी जमीन पर कब्जे का पुनर्वास दावों से संबंध नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अतिक्रमण के मामले में दी हिदायत

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि अतिक्रमणकारी केवल इस आधार पर सरकारी जमीन पर कब्जा जारी रखने के अधिकार का दावा नहीं कर सकते कि उनके पुनर्वास दावों का समाधान नहीं हुआ है, क्योंकि इससे सार्वजनिक परियोजनाओं में अनावश्यक बाधा उत्पन्न होगी।

हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी दिल्ली विकास प्राधिकरण को दक्षिण दिल्ली के कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप में कानून के अनुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने की अनुमति देते हुए की। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने कहा कि रिट याचिकाएं न केवल कई पक्षों के गलत तरीके से जुड़े होने के कारण त्रुटिपूर्ण थीं, बल्कि दिल्ली झुग्गी और झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति द्वारा निर्धारित आवश्यक मानदंडों को भी पूरा नहीं करती थीं।

अदालत ने छह जून को सुनाए गए आदेश में कहा कि किसी भी याचिकाकर्ता को जेजे. क्लस्टर पर लगातार कब्जा बनाए रखने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है, जिससे आम जनता को नुकसान हो।

## चलने-फिरने में लाचार हो चुका माइलो अब फिर लगा रहा दौड़

### रचा इतिहास : आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने स्वदेशी तकनीक से कुत्ते के कूल्हे का किया सफल प्रत्यारोपण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डॉ. रोहित कुमार और टीम ने करीब साढ़े चार घंटे के जटिल ऑपरेशन से हासिल की सफलता
- वैज्ञानिकों ने आर्टिफिशियल हिप बनाने के लिए लगभग 3 वर्षों तक किया था अध्ययन



**अमृत विचार :** भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने देश में पहली बार स्वदेशी तकनीक से लेब्राडोर प्रजाति के कुत्ते का कूल्हा प्रत्यारोपण किया। इसके चलते खटीमा के युगल का चलने-फिरने में लाचार हो चुका लेब्राडोर प्रजाति का कुत्ता माइलो एक बार फिर अपने पैरों पर पर दौड़ने लगा है।

आईवीआरआई के वैज्ञानिक डिस्लोकेटेड हिप को रिप्लेस करने के लिए आर्टिफिशियल हिप बनाने पर करीब तीन साल से काम कर रहे थे। वैज्ञानिकों की सलाह पर युगल ने माइलो के कूल्हा प्रत्यारोपण पर सहमति जताई। करीब एक घंटे तक चली शल्य प्रक्रिया के दौरान पॉलीइथाइलीन नामक पदार्थ से ज्वाइंट बनाकर कूल्हे का प्रत्यारोपण किया। वैज्ञानिकों का दावा है कि ऑपरेशन के तीन दिन बाद ही माइलो चलने-दौड़ने लगा। खटीमा निवासी युगल के अनुसार बाहर घूमाने के दौरान माइलो का पैर अचानक गड्ढे में आ जाने से वह लड़खड़ाने लगा।

अधिक दर्द होने की स्थिति में माइलो को पहले पंतनगर ले गए। पंतनगर में वेटेनरी डॉक्टर ने एक्सरे व अन्य जांच रिपोर्ट के आधार पर बताया कि माइलो का हिप डिस्लोकेट हो गया है। वेटेनरी डॉक्टर ने ही बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के लिए रेफर किया। माइलो को आईवीआरआई लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने कूल्हा प्रत्यारोपण की सलाह दी। डॉ. रोहित कुमार के नेतृत्व में टीम ने करीब साढ़े चार घंटे के जटिल ऑपरेशन के बाद माइलो का कूल्हा प्रत्यारोपण सफलता से पूरा किया। अब माइलो पूरी तरह स्वस्थ है। संस्थान के शल्य विभाग के वैज्ञानिक डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि माइलो का हिप डिस्लोकेट होने से हिप ज्वाइंट, कैप्सूल से बाहर आ गया था। इससे माइलो की फीमर हड्डी एसीटाबुलम कैवटी से बाहर आ गई। इससे चलने-फिरने में लाचार हो गया था। जटिल ऑपरेशन के दौरान खराब कैप्सूल को निकालकर फीमर हड्डी के लिए उसी आकार की पॉलीइथाइलीन कैवटी बनाकर उसे माइलो के शरीर में प्रत्यारोपित किया गया।

डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि पहला प्रत्यारोपण माइलो में सफल होने के बाद अब तक दो अन्य कुत्तों में भी प्रत्यारोपण किया गया। एक बरेली निवासी के लेब्राडोर प्रजाति में किया गया, जबकि दूसरा प्रत्यारोपण संभल पुलिस के जर्मन शेफर्ड प्रजाति के कुत्ते में किया गया है।

### विदेश में खर्चा 5 लाख, स्वदेशी तकनीक में 30 हजार

विदेशों में कुत्तों के कूल्हे के प्रत्यारोपण पर करीब पांच लाख रुपये का खर्चा आता है। माइलो के कूल्हा प्रत्यारोपण में करीब 30 हजार रुपये का खर्चा आया। डॉ. रोहित ने बताया कि ये स्वदेशी तकनीक पूरी तरह से सुरक्षित और किफायती है। बाजार में आने के बाद भी इसका खर्च 30-40 हजार रुपये तक हो सकता है।

### शहर में आज



☞ लालबाग स्थित काली मंदिर में सायंकालीन आरती शाम 7:00 बजे




# कंपनी चयनित, माह के अंत में जंक्शन पर खुलेगा मेडिकल स्टोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुरादाबाद, बरेली, हरिद्वार व देहरादून में खुलेंगे स्टोर

**अमृत विचार :** जून के अंत तक मुरादाबाद के अलावा बरेली, हरिद्वार व देहरादून स्टेशनों पर मेडिकल स्टोर खोल दिए जाएंगे। कंपनी का चयन कर लिया गया है। इसके लिए तीन माह पहले रेलवे ने टेंडर मांगे थे ।

सफर के दौरान यात्री बीमार हो जाते है या फिर बीमार व्यक्ति को दवा न मिलने से उसकी हालत बिगड़ जाती है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। रेलवे प्रशासन मुख्य रेलवे स्टेशनों पर मेडिकल स्टोर खोलने जा रहा है। मंडल मुख्यालय मुरादाबाद स्टेशन पर मेडिकल स्टोर खोलने के लिए कंपनी का चयन हो चुका है। जंक्शन से रोजाना 150 एक्सप्रेस और 10 से ज्यादा पैसेंजर ट्रेनें गुजरती हैं। इनमें प्रतिदिन डेढ़ लाख से ज्यादा यात्री आवागमन करते हैं। प्लेटफॉर्म पर मेडिकल स्टोर होने से उन यात्रियों को भी लाभ होगा, जिन्हें हर समय दवा की जरूरत रहती है। घर से अपने व्हाट्सएप पर चिकित्सक का पर्चा मंगाकर रेलवे स्टेशन से दवाएं खरीद सकेंगे। मेडिकल स्टोर का संचालन करने वाले व्यक्ति के पास फार्मेसी की डिग्री होगी।

रेलवे इस नियम का पालन कराने के लिए मुख्य वाणिज्य निरीक्षक को जिम्मेदारी सौंपेगा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि 139 डायल करने पर चिकित्सक मौके पर पहुंचेंगे।

## प्राइमरी स्तर पर जांच कम करा रहे, दवा का इस्तेमाल ज्यादा कर रहे मरीज

# एंटीबायोटिक का ज्यादा इस्तेमाल... नहीं मिल रहे बीमारी के लक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डॉक्टर बोले, खून व पेशाब में संक्रमण वाले मरीजों को होती है ज्यादा परेशानी
- सर्दी-जुकाम होने पर मेडिकल स्टोर से ली गई दवा बन सकती है स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक



**अमृत विचार :** एंटीबायोटिक के अधिक इस्तेमाल से मरीजों में बीमारी की स्थिति और उसके प्रमुख लक्षण नहीं मिल रहे। ऐसे मरीजों के शरीर में गुड बैक्टीरिया भी कम होते जा रहे हैं। जिला अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों में 20 फीसदी से अधिक रोगी इस तरह की समस्या से पीड़ित मिल रहे हैं।

चिकित्सकों के अनुसार इन लोगों के प्राइमरी लेवल पर इलाज में प्रोटोकाल का अनुपालन नहीं हुआ और जांच के बगैर एंटीबायोटिक का ज्यादा इस्तेमाल किया गया। शुरुआती जांच में यह भी पता चला कि इन मरीजों ने जहां से इलाज शुरू कराया वहां जांच नहीं कराई और अगर कराई तो नाम मात्र की जबकि, दवाएं ज्यादा लिखी गईं। ऐसे में इन मरीजों के रक्त से लेकर पेशाब तक में संक्रमण की स्थिति बिगड़ गई। कई केस में जब मरीजों को सांस लेने में ज्यादा तकलीफ हुई तब वे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे।

जिला अस्पताल के सीनियर फिजिशियन डॉ. आशीष सिंह के अनुसार अस्पताल की ओपीडी में हर दिन 450 से अधिक मरीज ऐसे ही आ रहे हैं जो अपनी मर्जी से मेडिकल या आसपास के डॉक्टर से बिना जांच के ही एंटीबायोटिक खा रहे थे।

ऐसे मरीजों की जांच के दौरान उनकी समस्या के क्लासिकल लक्षण नहीं मिलते हैं। कल्चर जांच में भी बीमारी पकड़ में नहीं आती है। इनमें सबसे अधिक दिक्कत खून और पेशाब में संक्रमण वाले मरीजों को हो रही है। ऐसी स्थिति में उपचार में दिक्कत होती है। साथ ही जांच कराने में समय लगता है। एंटीबायोटिक का असर शरीर में खत्म होने के बाद कल्चर सहित अन्य ब्लड जांच कराई जा रही है। सर्दी जुकाम होने पर मेडिकल स्टोर से ली गई दवा स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक बन सकती है।

### एंटीबायोटिक... शरीर में गुड बैक्टीरिया कम कर बढ़ा रहा बैड बैक्टीरिया

डॉ. आशीष ने बताया कि ओपीडी में आने वाले मरीजों की हिस्ट्री से पता चल रहा है कि हल्का बुखार या फिर सर्दी-जुकाम होने पर मरीज मेडिकल स्टोर से एंटीबायोटिक लेकर उसका सेवन कर लेते हैं। जबकि, एंटीबायोटिक बड़ी संख्या में अच्छे बैक्टीरिया को भी मार देता है। एंटीबायोटिक खाने से वायरस कभी नहीं मरते हैं। जांच में पता चला है कि जिन लोगों ने एंटीबायोटिक का इस्तेमाल अधिक किया, उनके शरीर में अच्छे बैक्टीरिया लैक्टोबैसिलस, बिफीडोबैक्टीरिएम लोंगुम मिले ही नहीं। जबकि, शत्रु बैक्टीरिया पीएड्रमोनास, क्लेबबिईला बढ़ा मिला।

## रविवार को फॉल्ट के चलते बिजली गुल परेशान हुए लोग

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बिजली आपूर्ति ने ईद के अगले दिन ही अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। सुबह सात से विद्युत केंद्र दौलताबाद के नागफनी मोहल्ले में दोपहर तक कई बार तारों में फॉल्ट होते रहे। जिससे वहा रहने वाले लोगों को त्योहार के दिन भी बिजली कटौती का संकट झेलना पड़ा। इसके अलावा सुबह से महानगर के कांशीराम नगर, सिरकोई भूड़, तहसील स्कूल, डेहरिया, टाउनहॉल, ताड़ीखाना रोड पर हुए फॉल्ट होने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रही है।

रविवार को दौलत बाग विद्युत केंद्र से जार रही एलटी लाइन का तार टूट सुबह आठ बजे टूट गया। जिससे दसवां घाट दौलत बाग नागफनी और नबावपुरा मोहल्ले में दोपहर दो बजे तक बिजली आपूर्ति गुल रही। वहीं बीती रात कांशीराम नगर में ओवरलोडिंग के चलते ट्रांसफार्मर की लीड फुंक जाने से सुबह 10 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। इसके अलावा सिरकोई भूड़ में भी सुबह से दोपहर तक तारों में फॉल्ट होने का सिलसिला बना है। यही हाल तहसील स्कुल, टाउनहाल और ताड़ी खना रोड का भी रहा है। भीषण गर्मी में बिजली न रहने से लोगों को पूरे दिन परेशानी का सामना करना पड़ा।

# उमस ने बढ़ाई बेचैनी, दिन में चैन न रात को सुकून

## अवकाश के दिन भीषण गर्मी के चलते घरों से कम ही निकले लोग, पार्क व बाजार रहे सूने

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जून में सूरज की तपिश बढ़ने पर लोग उमस व गर्मी से बेचैन हैं। दिन में चैन है और न रात को सुकून की नींद आ रही है। हर समय पसीना पोंछते बीत रहा है। पंखे कूलर की हवा भी असर नहीं कर रही है। इसमें लो वोल्टेज के चलते बिजली के उपकरण बेमतलब साबित हो रहे हैं। दिन में तेज धूप से सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इससे दिन में लोग पसीने से तरबतर रहे। बाजारों में इक्का- दुक्का ग्राहक ही पहुंचे।

जून के दूसरे सप्ताह में गर्मी का तेवर चढ़ रहा है। पिछले सप्ताह मौसम में कुछ नमीं रही। लेकिन तीन दिन से एक बार फिर सूरज की तपिश बढ़ने से गर्मी और उमस से लोगों को बेचैन कर दिया है। रविवार को सुबह से ही उमस रही। दोपहर में तेज धूप ने लोगों को पसीने से तरबतर कर दिया। हवा न चलने से उमस से लोग बेहाल हो गए। अवकाश का दिन होने के बाद भी लोग घरों में ही समय गुजारते रहे। गर्मी से बचने के लिए सड़क पर चलने वाले भी पेड़ों की छांव देखकर राहत पानो में लगे रहे। सुबह और शाम को अत्यधिक गर्मी के चलते आशियाना फेज एक व दो में कई पार्क सूने रहे। झूले व खिलौने बच्चों की राह देखते रहे। महानगर के कुछ पार्क में कम लोग ही दिखे। अधिकतम तापमान 39.5 और न्यूनतम 26.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**तेज धूप में जाएं तो ढक लें सिर :** जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन एनके मिश्र ने बताया कि तेज धूप में जाने से बचने की जरूरत है। क्योंकि इससे डिहाइड्रेशन होने पर परेशानी होगी। हृदयरोगी धूप में न निकलें। जाएं तो सिर ढक कर और अपने साथ पानी की बोतल अवश्य रखें। अपने चिकित्सक के संपर्क में रहकर दवा की डोज परामर्श से लें। उन्होंने कहा कि गर्मी में शरीर से पसीना निकलने से निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) की स्थिति न आए इसलिए अधिक से अधिक पानी पीएं। इसके अलावा तरल पदार्थ शिकंजी, जूस, नारियल पानी, गन्ने का जूस आदि पीएं।



गर्मी के चलते आशियाना फेज एक में सूना पार्क। • अमृत विचार



अब मिलेगा आराम...नदी में नहाते लोग।





चेहरा ढंककर तपिश से बचने का इंतजाम।

### जोधपुर-गोरखपुर के बीच समर स्पेशल का होगा संचालन

गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की बढ़ती संख्या और उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा जोधपुर से गोरखपुर के मध्य एक साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। सीनियर मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह ट्रेन संख्या 04829-04830 के रूप में चलेगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या- 04829 (जोधपुर-गोरखपुर) प्रत्येक गुरुवार को 12 जून से 26 जून तक चलाई जाएगी, कुल तीन फेरे होंगे। वहीं, ट्रेन संख्या- 04830 (गोरखपुर-जोधपुर) प्रत्येक शुक्रवार को 13 जून से 27 जून तक संचालित होगी, जिसमें भी कुल तीन फेरे निर्धारित हैं। इस ट्रेन में वातानुकूलित, स्लीपर व जनरल श्रेणी के कोच होंगे, जिससे यात्रियों को सभी वर्गों में यात्रा की सुविधा मिलेगी। ट्रेन का ठहराव मुरादाबाद और बरेली स्टेशनों पर भी किया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा।

### सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में लगातार भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा हैं। जिसमें धूप निकलने के साथ ही लोगों में बेचैनी बढ़ गई और गर्मी से लोग बेहाल हो गए। दोपहर के समय गर्मी और उमस इतनी ज्यादा बढ़ गई कि लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। गर्मी के कारण लोग घरों में कैद हो गए और बाजारों में सन्नाटा पसर गया। सड़कों पर आम तौर पर दिखने वाले लोगों की चहल-पहल पूरी तरह से समाप्त हो गई। जिससे बाजारों में सन्नाटे के कारण व्यापारियों में मायूसी दिखाई दी। ग्राहकों की कमी से व्यापारियों को नुकसान होने की संभावना है। लोग राहत पाने के लिए बारिश होने की उम्मीद कर रहे हैं।

### मौसम वैज्ञानिक बोले, बारिश के नहीं हैं अभी आसार

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विशेषज्ञ प्रो. आरके सिंह का कहना है अभी 11 जून तक मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा। बारिश के अभी आसार नहीं हैं। वायु दाब कम होने से मानसून की सक्रियता धीमी हो गई है।

# भीषण गर्मी में ट्रेनों का इंतजार यात्रियों पर पड़ रहा भारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद





- लंबी दूरी की अधिकतर ट्रेनें घंटों देरी से चल रही, स्पेशल ट्रेनों का बुरा हाल

**अमृत विचार :** रविवार को भीषण गर्मी के बीच रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ट्रेनों का इंतजार भारी पड़ा। लंबी दूरी की अधिकतर ट्रेनें घंटों देरी से चल रही हैं और स्पेशल ट्रेनों का बुरा हाल है। पंजाब की ओर जाने वाली शहीद एक्सप्रेस 2 घंटे की देरी से पहुंची, जबकि जोधपुर वीकली एक्सप्रेस भी 6:15 की जगह 7:15 बजे आई। भटिंडा स्पेशल एक्सप्रेस का बुरा हाल रहा। यह गाड़ी करीब चार घंटे की देरी से पहुंची, इसे यहां सुबह 8:00 बजे आना था जबकि, सद्भावना एक्सप्रेस के यात्रियों को 1 घंटे इंतजार करना पड़ा।

वहीं दिल्ली स्पेशल सुबह 6:57 पर आने वाली थी जो 10:09 पर पहुंची। आनंद विहार स्पेशल का भी यही हाल रहा है। रात में 12:15 पर आने वाली ट्रेन सुबह के 7:10 पर पहुंची। लखनऊ से चंडीगढ़ के बीच चलने वाली एक्सप्रेस 7:35 की जगह 8:43 पर आई और दुर्गियाना एक्सप्रेस के यात्रियों को सवा घंटे इंतजार करना पड़ा। दिल्ली दिशा की ओर आने वाली श्रमजीवी का इंतजार भारी पड़ा। यह ट्रेन रात में 1:22 पर आने वाली थी जो सुबह 5:44 पर पहुंची। हिमगिरी एक्सप्रेस दिन के 3:30 पर आएगी। इस ट्रेन का यहां समय 12:57 है। काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस भी 3:45 घंटे की देरी से पहुंचेगी। साबरमती साप्ताहिक 2:55 की जगह पर 3:22 पर आएगी। पद्मावत के यात्रियों को भी लगभग 1 घंटे इंतजार करना पड़ेगा। भटिंडा स्पेशल को सुबह 8:00 बजे आना था। यह गाड़ी चार घंटे की देरी से चली और 12:02 पर मुरादाबाद पहुंची। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशांक शेखर उपाध्याय का कहना है कि दिल्ली-कोलकाता रेल खंड में विभिन्न स्थानों पर ट्रैक संबंधी कार्य हो रहा है। गोरखपुर क्षेत्र में कई स्टेशनों पर कॉशन में ट्रेनों का संचालन हो रहा है। जिसकी वजह से ट्रेनें प्रभावित हो रही है।

# जन्मदिन पर उप निदेशक प्रोबेशन ने कार्यालय में सजा डाली महफिल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कार्यालय में तबला बजा गाना गाते उपनिदेशक राजेश गुप्ता। (वीडियो ग्रैब)

- बधाई देने आए कर्मचारियों को टेबल का तबला बना कर सुनाया गाना प्यार दीवाना होता है, मस्ताना होता है

**अमृत विचार :** उपनिदेशक प्रोबेशन के जिला प्रोबेशन अधिकारी के पद पर रहने के दौरान कार्यालय में महफिल सजाने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो में उपनिदेशक प्रोबेशन राजेश गुप्ता अपने जन्मदिन पर बधाई देने आए लोगों के साथ कार्यालय की टेबल को तबले के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं और फिल्मी गाना गाते नजर आ रहे हैं।

प्रोबेशन विभाग के कार्यालय से वायरल यह वीडियो सरकारी अधिकारी की भूमिका पर सवाल खड़ा कर रहा है। पिछले 8 साल से जिले में तैनात उपनिदेशक राजेश गुप्ता कई बार जिला प्रोबेशन अधिकारी के हटने पर इस पद का चार्ज पा चुके हैं।

इस बीच उनका जन्मदिन भी पड़ा था। जिले और मंडल भर के अधीनस्थ कर्मचारी जन्मदिन पर उन्हें बधाई देने पहुंचे। उनके लिए उपहार मिठाई आदि के साथ फूलों का हार लेकर आए। इससे अभिभूत हुए साहब भूल गए कि वह कार्यालय में बैठे हैं। उपनिदेशक ने टेबल को ही तबला बना दिया और कर्मचारियों को प्यार दीवाना होता है मस्ताना होता है सुनाया। इसकी वीडियो बनाकर किसी ने वायरल कर दी। अब उनकी किरकिरी हो रही है।

> मेरे पास उस वक्त जिला प्रोबेशन अधिकारी के पद का अतिरिक्त चार्ज था। जन्मदिन पर कुछ कर्मचारी बधाई देने आए थे। मुझसे उन्होंने कुछ सुनाने के लिए कहा कि तो मैने एक फिल्मी गाने का कुछ हिस्सा सुनाया था। इसकी अगर वीडियो बनाकर वायरल की गई है तो मुझे नहीं पता है।
>
> – **राजेश गुप्ता**, उप निदेशक प्रोबेशन

### अनदेखी: पेट्रोल भुगतान और फर्जी नियुक्तियों के आरोपों की तीन महीने बाद भी जांच नहीं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रोबेशन विभाग के उपनिदेशक के ऊपर लगे आरोपों की जांच के लिए मंडलायुक्त ने जांच का आदेश दिया था। लेकिन तीन महीने बाद भी अब तक जांच शुरू नहीं हुई। मामला ठंडे बस्ते में जाता दिख रहा है। तीन महीने पहले उप निदेशक प्रोबेशन राजेश गुप्ता के द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी के पद पर रहते हुए सरकारी कार्य के लिए प्रयोग किए गए चार पहिया वाहन के ईंधन का लाखों रुपये फर्जी तरीके से भुगतान करने का आरोप लगा था। इसके अलावा उन पर डिप्टी डायरेक्टर पद पर रहते संप्रेक्षण गृह में 3, महिला शरणालय में 3, किशोर न्याय बोर्ड में एक फर्जी तरीके से नियुक्ति करने का आरोप भी है। जबकि जिला बाल संरक्षण इकाई चयन समिति में डीएम समेत छह सदस्यीय कमेटी द्वारा नियुक्ति की प्रक्रिया का नियम है। मंडलायुक्त ने इन आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की थी। जिसमें अपर आयुक्त द्वितीय शशि भूषण, अपर नगर आयुक्त अजीत सिंह, मुख्य कोषाधिकारी रेनु बौद्ध को कमेटी में शामिल किया गया था। मंडलायुक्त ने जांच कर 15 दिन में रिपोर्ट मांगी थी। लेकिन 3 महीने बाद भी जांच पूरी नहीं हुई।

## रीडिंग से ज्यादा आ रहा बिजली का बिल

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में बिजली उपभोक्ता बिलों को लेकर परेशान हैं। उपभोक्ता संपूर्ण समाधान दिवस तो कभी बिजली दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।

क्षेत्र में ऐसे तमाम उपभोक्ता है जिनके पास अधिक राशि के बिल आ रहे हैं। मीटरों में रीडिंग कुछ है और बिलों में कुछ और ही दर्शाई जा रही है। कई के मीटर खराब हैं। जिसके कारण अधिक राशि के बिल मिल रहे हैं। अनेकों बार मांग करने के बाद भी खराब मीटर नहीं बदले गए। संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देने के बाद भी बिजली मीटरों और बिलों की शिकायतों का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। नगर में ऐसे कई उपभोक्ता हैं जिनके बिलों में आए दिन गड़बड़ी रहती है। उपभोक्ताओं ने बिजली बिल ठीक कराने की मांग की है।

# हरि भजन मनुष्य जीवन का सबसे बड़ा आभूषण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- वसंत विहार खुशहालपुर में आयोजित भजन संध्या में कथा व्यास अर्द्धमौनी का उद्बोधन



आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी।

**अमृत विचारः** महानगर के वसंत विहार खुशहालपुर में रविवार को आयोजित भजन संध्या में कथा व्यास धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने कहा कि भोगासक्त सकामी पुरुष के हृदय में भक्ति का निवास नहीं होता। कामना पूर्ण नहीं होती, तब तक उसके हृदय में आग लगी रहती है और कामना की पूर्ति हुई तो एक और कामना की आग बढ़ जाती है इसलिए भक्तिदेवी उससे दूर हट जाती है। भक्ति की प्राप्ति के लिए विषय-कामना का त्याग अति आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि यह सृष्टि भगवान से ही उत्पन्न हुई है। भगवान से अलग सृष्टि की कोई स्वतंत्र सत्ता ही नहीं है। ऐसे ही हम सभी भगवान के अंतर्गत ही रहते हैं। होहि राम को नाम जप, तुलसी तजि कुसमाज। हम शंका करके भगवान को पुकारते हैं। जैसे बालक मां का होकर मां को ही पुकारता है तो मां को आना ही पड़ता है। ऐसे हम केवल भगवान के होकर भगवान को पुकारें तो उन्हें आना ही पड़ेगा।

विद्या इंसान का विशिष्ट रूप व गुप्त धन है। राजाओं में विद्या की पूजा होती है, धन की नहीं इसलिए विद्याविहीन पशु ही है। कामना के विषय को बदलकर उसे शुद्ध कर लोगे तो फिर वह स्वतः ही प्रेम और भक्ति में बदल जाएगी। कार्यक्रम में पंकज कुमार सिंह, अमिषा हरिदासी, शशि सिंह, संजीव कश्यप, राजेश कश्यप, सीमा कश्यप, राजेन्द्र कुमार, प्रीति सिंह, अनिल सिंह, नीतू कश्यप, शिवम कश्यप, भूमि कश्यप, श्रृष्टि कश्यप, महक कश्यप, लक्ष्मी कश्यप, सुधा शर्मा, सपना सिरोही, सौरभ अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### स्वयं को जाने बिना हरि को जानना संभव नहीं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिल्ली रोड स्थित आराध्या ऑडिटोरियम में चल रही श्रीहरि कथा महोत्सव के आखिरी दिन आचार्य धीरशांत अर्द्धमौनी ने जितना मन से पवित्र रहोगे उतना ही भगवान के करीब रहोगे, क्योकि पवित्रता में ही भगवान का वास होता है। उन्होंने कहा कि स्वयं को जाने बिना हरि को जानना संभव नहीं है। बोले, दूसरों के साथ जैसा व्यवहार करते हैं वैसा ही व्यवहार वह हमारे साथ करते हैं। यदि हमने अपना स्वभाव सत्यभाषी, परोपकारी और मधुर बना लिया तो बड़ी मात्रा में ना सही तो थोड़े अंश में ही सही दूसरों का व्यवहार भी आपको इसी रूप में प्राप्त होगा। प्रकृति ने सबको अलग-अलग स्वभाव, उद्देश्य और आदतें दीं हैं। दूसरों को ज्यादा जानने में व्यक्ति स्वयं से दूर हो जाता है। कथा के समापन पर नैमिषारण्य से पधारे सप्त ऋषियों का सम्मान किया गया। व्यवस्था में नीरज विनोद खन्ना, केसी शर्मा, विनय गुलाटी, अनिल सूरी, गोपाल मेहता, राजेश मेंहदीरत्ता, विजय गुप्ता, सतीश गुप्ता, अशोक भाटिया, सतपाल पुगला, सोमनाथ पोपली, कमल सोनी, अजय शाह, प्रवीन गर्ग, विनय कुमार लोहिया, अनिल रस्तोगी, विजय बजाज, सुंदर लाल दारोगा, धर्मेन्द्र कुमार पाल, सोनू अमरोही आदि ने सहयोग किया।

## डिजिटल डिटॉक्स की आवश्यकता समझाईं

**कांठ, अमृत विचारः** डीएसएम डिग्री कॉलेज कांठ में योग महोत्सव के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों को डिजिटल डिटॉक्स की आवश्यकता समझाना था।

मुख्य वक्ता डॉ. शिवराम सिंह ने डिजिटल यंत्रों के अत्यधिक प्रयोग के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। बताया कि मोबाइल, लैपटॉप व अन्य डिजिटल माध्यमों का अत्यधिक प्रयोग स्मरण शक्ति को बाधित करता है। उन्होंने कुछ उपाय बताए जैसे रात्रि में सोने से पहले स्क्रीन से दूरी बनाना, और सप्ताह में कम से कम एक दिन पूर्ण डिजिटल उपवास रखना। कार्यक्रम में डॉ. रजनीश गुप्ता ने कहा कि योग, ध्यान और प्राणायाम डिजिटल यंत्रों की निर्भरता को कम करने में सहायक हो सकते हैं। उन्होंने डिजिटल संतुलन की प्रेरणा दी।

# बार-बार का खर्चा भारी, एक चुनाव है समझदारी





अभियान के तहत दीवार लेखन के दौरान मौजूद भाजपाई। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीवार लेखन कर एक राष्ट्र-एक चुनाव के लिए मांगा समर्थन

**अमृत विचार :** भाजपा महानगर के तत्वावधान में रविवार को एक राष्ट्र-एक चुनाव अभियान के तहत दीवार लेखन अभियान चलाया गया। महानगर समन्वयक धर्मेंद्र नाथ मिश्रा के निर्देशन और भाजपा पार्षद दल के उपनेता सुरेंद्र बिश्नोई के नेतृत्व में वार्ड 34 रामगंगा विहार में दीवार लेखन किया गया। भाजपाइयों ने देश के संसाधन को बचाना है एक राष्ट्र एक चुनाव कराना है, बार-बार का खर्चा भारी एक चुनाव है समझदारी आदि स्लोगन लिखे।

अभियान के महानगर समन्वयक ने कहा कि राष्ट्रहित व देशहित में एक राष्ट्र एक चुनाव देश के विकास के लिए जरूरी है। भाजपा पार्षद दल के उपनेता सुरेंद्र बिश्नोई ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इससे न केवल अत्यधिक धन खर्च होता है, बल्कि विकास कार्य भी बाधित होते हैं। मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे भारत में चलाया जा रहा है। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी निमित जायसवाल ने कहा कि

बार-बार चुनाव होने से सरकारी तंत्रों की व्यस्तता से विकास के कार्य प्रभावित होता है। इस दौरान राजीव गुप्ता, डॉ. पुनीत गुप्ता, योगेश शर्मा, अभय भटनागर, अनूप खन्ना, सौरभ शर्मा, संजय मल्होत्रा, धीरज भटनागर, संजीव अग्रवाल, प्रवीण बोरा, पंकज शर्मा आदि मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कुंदरकी विधायक को पहनाई पगड़ी



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बिलारी के ग्राम सरथल खेड़ा में एक कार्यक्रम में पहुंचे कुंदरकी के भाजपा विधायक रामवीर सिंह का ग्रामवासियों ने पगड़ी पहनाकर और उन्हें तलवार भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भले ही वह पड़ोस की कुंदरकी विधानसभा से विधायक हैं लेकिन जनता की सेवा को अपना धर्म मानते हैं। यदि बिलारी विधानसभा के नागरिक समस्या को लेकर उनके पास आते हैं तो उसका समाधान कराने का पूरा प्रयास करेंगे। कुछ दिन पहले इस क्षेत्र की लक्ष्मी शुगर मिल पर किसानों के 65 करोड़ के लंबित भुगतान की समस्या और तहसील बिलारी में किसानों की खतौनी में हिस्सा गलत दर्ज होने के कारण गांव गांव लेखपाल द्वारा हिस्सा सही कराने के लिए शिविर लगवाने के लिए भी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा था। इस मौके पर मोनू राघव, गजराम सिंह पाल, वचन सिंह जाटव, महेंद्र पाल, रमेश शर्मा, वसंत राघव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ईद-उल-अजहा: दूसरे दिन भी चला कुर्बानी का सिलसिला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नगर निगम ने सफाई व्यवस्था में दिखाई सक्रियता, सोमवार को भी होगी कुर्बानी

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा रविवार को भी मनाई गई। सुबह से ही महानगर से लेकर देहात तक कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया, जो दोपहर बाद तक जारी रहा। बकरों सहित अन्य पशुओं की कुर्बानी दी गई।

रविवार को दूसरे दिन महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में सुबह 6 बजे से ही लोग मस्जिदों से लौटकर कुर्बानी की तैयारियों में जुट गए थे। बाजारों में भी बकरा और अन्य पशुओं की खरीदारी का दौर देखा गया। लोगों ने परंपरागत तरीके से कुर्बानी दी और अल्लाह की राह में अकीदत के साथ जानवरों को कुर्बान किया। कुर्बानी का सिलसिला दोपहर बाद तक चला। इस दौरान नगर निगम की ओर से साफ-सफाई के विशेष इंतजाम किए गए थे। कुर्बानी के बाद स्थानों की साफ-सफाई लगातार जारी रही। नगर निगम की टीमों ने फौरन कार्रवाई करते हुए कुर्बानी स्थलों से अपशिष्ट सामग्री को हटाया और संक्रमण से बचाव के लिए कीटनाशकों का छिड़काव भी कराया। शाम को विभिन्न मोहल्लों और क्षेत्रों में दावतो का आयोजन किया गया, जहां लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और मिलकर व्यंजनों का आनंद लिया। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। वहीं सोमवार को ईद-उल-अजहा का तीसरा दिन मनाया जाएगा, जिसके तहत कुछ लोगों द्वारा कुर्बानी की जाएगी। इसके लिए महानगर में कई स्थानों पर बकरों और अन्य पशुओं की खरीद-फरोख्त रविवार को भी हुई।

**आज का मौसम**

मौसम सामान्य, तेज धूप रहेगी

39.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:12

## सोशल साइट पर देश विरोधी पोस्ट करने का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सोशल साइट इंस्टाग्राम पर देश विरोधी और आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले मूंढापांडे निवासी युवक के खिलाफ पुलिस ने भड़काऊ पोस्ट करने और आईटी एक्ट का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद सोशल साइट की निगरानी की जा रही है। इसी दौरान पता चला कि इंस्टाग्राम पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र से एक आपत्तिजनक पोस्ट वायरल हो रही है। थाना मूंढापांडे के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा की टीम ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि मूंढापांडे के गांव सक्टूनगला निवासी बाबू ने इंस्टाग्राम अकाउंट से पाकिस्तान के पक्ष में देश विरोधी बातें पोस्ट की है। आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट किए हैं। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा और अपराध निरीक्षक कृष्ण कुमार की टीम ने रविवार को आरोपी बाबू को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ मूंढापांडे थाने में बीएनएस की धारा 353(2) के तहत भड़काऊ और झूठी बातों से समाज में वैमनस्यता फैलाने, बीएनएस की धारा 352 के तहत अपमानजनक पोस्ट कर शांतिभंग करने और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### जून में स्थानांतरण को लेकर असमंजस में अधिकारी, सूची पर लगाए टकटकी

## मनचाहा जिला पाने को गोटी फिट करने में जुटे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नेताजी से कर रहा मनुहार तो कोई सचिवालय में सेट कर रहा जुगाड़

**अमृत विचार :** जून में स्थानांतरण को लेकर अधिकारियों की धड़कनें बढ़ गई हैं। उनकी टकटकी लखनऊ से जारी हो रही ट्रांसफर सूची पर टिकी है। स्थानांतरण सत्र के दौरान किस दिन किसका बोरिया बिस्तर लेकर दूसरे जिले में जाने का फरमान जारी हो जाए इसको लेकर अधिकारी ऊहापोह में हैं। मनचाहा जिला पाने को हर कोई अपनी गोटी फिट करने में जुटा है।

इन दिनों हर विभाग में स्थानांतरण की ही चर्चा है। जो अधिकारी जिले में तीन या इससे अधिक वर्ष का समय बिता चुके हैं उन्हें खुद लग रहा है कि काउंटडाउन शुरू हो गया है। किसी भी दिन दूसरे जिले के लिए आदेश जारी हो जाएगा।

ऐसे में अधिकारियों का ध्यान इन दिनों काम में भी कम ही लग रहा है। वह अपनी सहूलियत के अनुसार मनचाही तैनाती पाने के लिए लखनऊ का चक्कर काट रहे हैं या तो जिले व पहले के किसी



जनप्रतिनिधि से मनुहार करने में लगे हैं।

कोई सचिवालय में जुगाड़ सेट कर अपने नाम के बारे में जानकारी हासिल करने में लगा है कि इस साल जाना है या अभी कुछ दिन और रुक सकते हैं। कलेक्ट्रेट में भी कई वरिष्ठ अधिकारी तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। ऐसे में वह भी जून में स्थानांतरण को लेकर अटकलों पर पूरी तरह गौर कर रहे हैं। अधिकारियों से ही नहीं मीडिया कर्मियों से भी बातचीत में कहते फिर रहे हैं कि देखिए कितने दिन और आप लोगों के बीच में रहना होता है।

### कई चिकित्साधिकारी भी लाइन में

कई चिकित्साधिकारियों को भी जिले में 5 वर्ष से अधिक समय बीत चुके हैं ऐसे में वह भी लाइन में है और स्वास्थ्य महानिदेशालय से जारी हो रही सूची पर नजर गड़ाएं हैं। कोई लखनऊ तो कोई गाजियाबाद नोयडा में तैनाती चाह रहा है।

### शिक्षकों के होंगे अंतर्जनपदीय तबादले

बेसिक शिक्षा विभाग में इसी महीने शिक्षकों के अंतर्जनपदीय तबादले भी होंगे। इसके लिए उनसे विकल्प मांगा गया है। वर्षों से जिले में जमें कई शिक्षकों को मंडल के ही किसी दूसरे जिले में स्थानांतरित करने की चर्चाएं तेज हैं।

## एक नजर

### इनोवा- बाइक की टक्कर में दो किशोर घायल

**भोजपुर, अमृत विचार :** रविवार की दोपहर हाइवे स्थित सिरसवां दोराहा निवासी अब्दुल रब के घर डिलारी के गांव मासूमपुर निवासी भांजे ईद मनाने आए थे। खाना खाने के बाद किशोर बाइक से कोल्डड्रिंक पीने सिरसवां दोराहे आ रहे थे। पीछे से आ रही इनोवा के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार किशोरों के पैरों में चोट लग गई। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने कार को रोककर चालक की पीटना शुरू कर दिया। नजदीक ही मौजूद चौकी इंचार्ज पंकज कुमार राठी और कांस्टेबल समीर तोमर ने चालक को छुड़ाने की कोशिश की तो ग्रामीण पुलिस से उलझ गए। हंगामा बढ़ने पर पुलिस कार चालक और एक ग्रामीण को पकड़कर थाने ले आई। पुलिस ने चालक तनवीर और सिरसवां दोराहा निवासी ग्रामीण हसन रजा को हिरासत में लेकर थाने में बैठा लिया। ग्रामीण चालक और घायलों के परिजनों में समझौता कराने में जुटे हैं।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात हनुमान मूर्ति पुल पर कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार दंपती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना कटघर क्षेत्र के गोविंद नगर निवासी राजपाल सिंह बीते शनिवार को पत्नी पूजा के साथ मूंढापांडे में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात डेढ़ बजे दोनों बाइक पर लौट रहे थे। हनुमान मूर्ति पुल के पास पहुंचे तभी अज्ञात कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दंपती गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं पास से गुजर रहे गोविंदनगर के एक ऑटो चालक ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों का उपचार चल रहा है। हादसे के बाद थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने जांच पड़ताल की।

### लाठी- डंडों से पीट कर दो महिलाओं को किया घायल

**कांठ, अमृत विचार :** मामूली कहा सुनी को लेकर दो महिलाओं को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला सहित चार के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना कांठ के ग्राम शाहपुर अब्दुल बारी निवासी साहिबा खातून व दूसरे पक्ष की रेशमा में किसी बात को लेकर गाली गलौज हो गई। रेशमा, मुस्तफा, मुजीज, मुख्तियार आदि ने लाठी-डंडे लेकर साहिबा व मुमताज के ऊपर हमला कर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्वजन दोनों घायलों को लेकर थाना कांठ पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर घायल महिलाओं को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ भेज दिया है।

### किशोरी को भगाने में दो के खिलाफ केस दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने गांव लालुवाला निवासी ग्रामीण की तहरीर पर गांव के दो युवकों पर 16 वर्षीया बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में केस दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में ग्रामीण ने बताया कि एक जून को दोपहर साढ़े तीन बजे गांव के उरमान पुत्र रजुआ ने बेटी को बहलाकर गांव के बाहर बुलाया और भगा ले गया। इसमें गांव के शबाब ने सहयोग किया है।

## श्रावण मास में टूटी सड़क लेगी शिवभक्तों की परीक्षा

### 11 जुलाई से शुरु हो रहा सावन, कांवड़ पथ का निर्माण अधर में

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जुलाई में श्रावण मास में महानगर की सड़कों पर हर हर महादेव का जयघोष दिखेगा। कांवड़ियों का रेला सड़कों पर दिन रात आवागमन करेगा। कांवड़ियों की सहूलियत के लिए फव्वारा चौक से लेकर छजलैट तिराहे तक 22 किलोमीटर लंबे कांवड़ पथ के निर्माण कार्य में तेजी आई है। हालांकि काम जनवरी से ही चल रहा है। मई में काम बाधित होने के चलते इस महीने के अंत तक पूरा कराने में अधिकारी जुटे हैं। यदि काम समय से पूरा नहीं हुआ तो कांवड़ियों का रास्ता आसान नहीं होगा।

लोकनिर्माण विभाग की ओर से फव्वारा चौक से छजलैट तिराहा तक 22 किलोमीटर कांवड़ पथ के अलावा छजलैट तिराहे से बिजनौर जिले की सीमा तक 12 किलोमीटर लंबे कांवड़ पथ के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य अभी अधर में है। अगर समय से काम पूरा नहीं हुआ तो टूटी सड़कों पर बिखरे कंकड़ कांवड़ियों को शूल बनकर



कॉसमॉस अस्पताल के पास कांठ रोड पर टूटी सड़क। • अमृत विचार

- कई जगह जर्जर है मुख्य सड़क समय पर मरम्मत न होने से मुश्किल होगी डगर

चुभेंगे। लोक निर्माण विभाग में खींचतान का असर कांवड़ पथ के निर्माण पर भी दिख रहा है। क्योंकि यह सभी कार्य मई में ही पूरा हो जाना था। जून का एक सप्ताह बीतने के बाद भी काम अधर में है। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने भी पिछले दिनों बैठक में लोनिवि के अधिकारियों को काम जल्द पूरा कराने की चेतावनी दी थी।

इसके अलावा मुरादाबाद-कांठ मार्ग पर नगर निगम की सीमा तक सड़कों के दोनों पटरियों व डिवाइडर का सौंदर्यीकरण नगर निगम तेजी से करा रहा है। डिवाइडर के अलावा सड़क किनारे लाइटिंग का कार्य भी चल रहा है। जिससे शिव भक्त कांवड़ियों को कोई असुविधा न हो। डीएम ने सभी अधिकारियों को कार्य इस महीने के आखिर तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया है। जिससे श्रावण महीने में शिवभक्त कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



### कांठ-करनपुर मार्ग क्षतिग्रस्त

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ से करनपुर जाने वाला मार्ग कई जगहों से क्षतिग्रस्त है। जिसके चलते वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांठ करनपुर मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे होने से वाहन चालक परेशान हैं। इस मार्ग के कुछ हिस्सों में सड़क की हालत बहुत खराब है क्षतिग्रस्त मार्ग के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे लोगों को जान का खतरा है। हालांकि कुछ स्थानों पर सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है, जिससे लोगों को कुछ राहत मिल सकती है। भाजपा के कांठ मण्डल अध्यक्ष अंकुश चौहान ने सड़क के गड्ढे भरवाने की मांग लोक निर्माण विभाग से की है।

### कांठ रोड पर दिखेगा विशाल शिव परिवार

नगर निगम की ओर से इस बार श्रावण महीने से पहले कांठ रोड पर शिव परिवार की विशालकाय प्रतिमा स्थापित की जा रही है। 20 फीट ऊंची 20 फीट ऊंची शिव परिवार का दृश्य शिवभक्तों के श्रद्धा का केंद्र रहेगा। दूर से ही शिवभक्त इसे देख सकेंगे। नगर निगम ने इसके लिए जगह चयनित कर काम शुरू करा दिया है। इस महीने के अंत तक अन्य कार्य पूरा होते ही शिव परिवार की प्रतिमा स्थापित कर दी जाएगी।

### 14 जुलाई को पड़ेगा पहला सोमवार

श्रावण महीने में इस बार चार सोमवार पड़ेगा। पहला सोमवार 14 जुलाई को पड़ेगा। इसके अलावा 21, 28 जुलाई और 4 अगस्त को श्रावण सोमवार के दिन भक्त भोलेनाथ का आस्था के जल से अभिषेक करने के लिए हरिद्वार से गंगाजल भर कर लाएंगे।

## बिना कोलतार के ही बना दी सड़क, उखड़ने लगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मिलक से दलपतपुर की सड़क का सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग द्वारा भगतपुर ब्लॉक के गांव महेशपुर खेमपुर की मिलक से दलपतपुर की 1500 मीटर तक सड़क बिना कोतलार के ही बना दी, जो बनने के दूसरे दिन ही उखड़नी शुरू हो गई। इसकी वीडियो बनाकर ग्रामीण और भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के किसान नेताओं ने वायरल कर दी। मामले में लोनिवि के अधिकारी चुप्पी साधे हैं।

मुरादाबाद के दलपतपुर की मुख्य सड़क को जोड़ने के लिए महेशपुर खेम की मिलक के डामर सड़क का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें महेशपुर खेम की मिलक से दलपतपुर को जोड़ने वाली सड़क को बनाने में की गई अनियमितता सामने आ रही है। इसमें लोक निर्माण विभाग द्वारा मिट्टी पर ही बिना कोलतार डाले बजरी सड़क पर बिछा दी। अगले ही दिन यह उखड़नी शुरू हो गई। कुछ लोगों ने हाथ से ही सड़क की परत उखाड़ दी। इस सड़क के निर्माण पर 10 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। 200 से 300 मीटर दूरी की सड़क का वीडियो वायरल कर ग्रामीणों ने इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़ा कर मुख्यमंत्री से इसकी जांच कराने की मांग की है।.

लोनिवि के जेई चंद्रपाल ने बताया कि मौके पर पहुंचकर सड़क का निरीक्षण किया है। निर्माण में गड़बड़ी दिखी है। सड़क को दोबारा खोदवा कर निर्माण मानक के अनुसार कराया जाएगा। लापरवाही के बारे में उच्चाधिकारियों को जानकारी देंगे।

### बच्चों के झगड़े में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**छजलैट, अमृत विचार :** ग्राम सदरपुर मतलपुर में मामूली झगड़े को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे से हुए संघर्ष में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना क्षेत्र के ग्राम सदरपुर मतलब पुर में रविवार क बच्चों में विवाद हो गया था। जिसे लेकर परिजन आमने सामने आ गए। दोनों पक्षों ने लाठी-डंडों से एक दूसरे पर प्रहार किया। संघर्ष में छत्रपाल पुत्र हरि सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल ने छजलैट थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घायल का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में डॉक्टरी परीक्षण कराया गया है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## धोखाधड़ी: रुपये लेकर दूसरे को बेच दिया मकान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीड़ित पहुंचा तो घर में लटका मिला ताला, आरोपी फरार
- दो महिलाओं समेत पांच के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** मकान बेचने के नाम पर लाखों रुपये ऐंठने के बावजूद रजिस्ट्री न कराने के आरोप में मझोला थाना पुलिस ने दो महिलाओं समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित ने बताया कि मकान किसी अन्य व्यक्ति को बेचकर आरोपी फरार हो गए।

थाना मझोला क्षेत्र के आजाद नगर एमडीए कॉलोनी निवासी सलमान ने एसएसपी को शिकायत पत्र देकर बताया कि उन्होंने एमएमआईजी-1 स्थित मकान संख्या 247, जो मुरसलीन के नाम है। उसे 65 लाख रुपये में खरीदने का सौदा किया था। सौदे में मुरसलीन के अलावा फरहा, हबीब, गुड्डू और उसकी पत्नी शबनम भी शामिल थे। पीड़ित ने बताया कि मुरसलीन के कहने पर उसने हबीब के यूको बैंक सिविल लाइंस स्थित खाते में एक लाख रुपये अग्रिम भुगतान के तौर पर ट्रांसफर किए। इसके अगले दिन को 3.98 लाख और ट्रांसफर किए। इसके बाद सिकंदर अली के सामने 10.02 लाख रुपये नगद दिए। बाकी भुगतान रजिस्ट्री के समय तय था। लेकिन महीनों तक टालमटोल करने के बाद भी रजिस्ट्री कराई गई और न ही पैसे लौटाए गए। जब सलमान ने 13 जनवरी 2025 को मुरसलीन से संपर्क किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित के अनुसार पहले भी इस संबंध में 17 जनवरी 2025 को एसएसपी को शिकायती पत्र दिया गया था, जिस पर समझौते के नाम पर मुरसलीन ने दो माह का समय लिया था। लेकिन बाद में सभी आरोपी मकान को किसी और को बेचकर फरार हो गए। अब उनके फोन भी बंद हैं। पीड़ित की शिकायत पर एसएसपी ने एफआईआर के आदेश दिए। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि जांच कर रहे है।

## गर्भवती से मारपीट जेठ व जेठानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में गर्भवती से मारपीट व धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उसके जेठ और जेठानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला क्षेत्र स्थित फकीरपुर शिव विहार कॉलोनी निवासी वर्षा आठ माह की गर्भवती है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते शनिवार को जब उसने अपने जेठ राजू से उधार दिए गए 10 हजार रुपये वापस मांगे तो उसने गाली-गलौच करते हुए पेट पर लात मार दी। पीड़िता ने बताया कि मारपीट में उसकी जेठानी विन्द्रा ने भी साथ दिया और उसे जान से मारने की धमकी दी। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी राजू, विन्द्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मृतका को जीवित दिखा हड़पी करोड़ों की जमीन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एसएसपी के आदेश पर सिविल लाइंस थाने में आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** फर्जी दस्तावेजों के जरिए करोड़ों की जमीन हड़पने के मामले में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने मृत महिला को जीवित दिखाकर कूट रचित दस्तावेज़ तैयार कर धोखाधड़ी से जमीन की रजिस्ट्री करा ली।

जनपद रामपुर के थाना टांडा क्षेत्र स्थित गांव सैटाखेड़ा निवासी रमेश चंद्र ने एसएसपी सतपाल अंतिल को शिकायती पत्र देकर बताया कि 2009 में उसके पिता ने मुरादाबाद के गांव चतरपुर नक्टाखेड़ा में भूमि का आधा हिस्सा धर्मेंद्र से खरीदा था। यह जमीन उनकी माता फूलवती के नाम रजिस्टर्ड कराई गई थी, जिनका निधन 25 अप्रैल 2012 को हो गया था। जमीन की देखरेख का जिम्मा धर्मेंद्र को दिया गया था, लेकिन उसी ने साजिश के तहत राजेंद्र सिंह, रेहान अहमद, एक अज्ञात महिला समेत अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर एक फर्जी महिला को मृत फूलवती बताकर बीती 16 अप्रैल 2022 को फर्जी मुख्तारनामा तैयार करवाया। इसके बाद 21 अप्रैल 2022 को उक्त जमीन की फर्जी रजिस्ट्री करवा दी गई। रमेश चंद्र को इस फर्जीवाड़े की जानकारी नवंबर 2024 में हुई, जिसके बाद उन्होंने तहसील व रजिस्ट्री कार्यालय से दस्तावेज निकलवाकर जांच कराई। दस्तावेजों की जांच में फर्जीवाड़े की पुष्टि हुई। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने धर्मेंद्र, राजेंद्र सिंह, रिहान अहमद, एक अज्ञात महिला, रजिस्ट्री के गवाह राजेंद्र व टिन्नी, और जमीन खरीदने वाले आसिफ हुसैन व रेहान के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिविल लाइंस थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रविवार को आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## मकान बेचने के नाम पर एक करोड़ की ठगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीड़ित ने चार आरोपियों के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक करोड़ से अधिक के मकान के सौदे में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों पर जातिसूचक गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगा है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के दीनदयालनगर फेज प्रथम निवासी विकास दिवाकर ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उन्होंने 5 जुलाई 2024 को जन कल्याण समिति रामलीला ग्राउंड स्थित मकान का सौदा संजीव कुमार अग्रवाल से 1 करोड़ 55 लाख रुपये में किया था। सौदे के एवज में संजीव अग्रवाल ने 10.75 लाख रुपये नकद प्राप्त किए, जबकि कुल मिलाकर अब तक 13.50 लाख रुपये ले चुके हैं। वह रकम की रसीदें भी विकास के पास मौजूद हैं। विकास का आरोप है कि तय समय पर रजिस्ट्री न कराकर मकान मालिक ने वह संपत्ति किसी अन्य को ऊंचे दामों पर बेच दी। जब 1 मई 2025 को विकास दिवाकर इस मामले में बातचीत के लिए नवीननगर स्थित सर्वेश के घर पहुंचे तो वहां मौजूद संजीव अग्रवाल, अन्दर राव, संयुक्ता और राघव कुमार ने उन्हें जातिसूचक शब्दों के साथ गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। सिविल लाइंस थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**जानकारी का अभाव** — नई खेल नीति के अंतर्गत खेलने के दौरान चोटिल होने पर खिलाड़ियों को पांच लाख के बीमे का है प्रावधान

## स्टेडियम में पंजीकृत खिलाड़ियों का हेल्थ बीमा नहीं, कैसे मिले लाभ

- सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का खिलाड़ियों को नहीं मिल रहा लाभ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** किसी टूर्नामेंट में खेलने के दौरान या स्टेडियम में अभ्यास करते समय कोई खिलाड़ी घायल होता है तो उसके परिजन को इलाज के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। एकलव्य क्रीड़ा कोष के अंतर्गत स्टेडियम में पंजीकृत खिलाड़ियों का पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कराने का प्रावधान है।

खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की



नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में प्रैक्टिस करते खिलाड़ी। (फाइल फोटो)

ओर से नई खेल नीति 2023 के तहत यह योजना है लेकिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक भी खिलाड़ी का स्वास्थ्य बीमा नहीं है।

स्टेडियम में 250 खिलाड़ी पंजीकृत हैं। स्टेडियम में लगातार दो साल तक अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों को इस सुविधा का लाभ मिलता है। इससे पहले इस योजना के तहत राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को डाइट मनी के रूप में तीन से पांच लाख रुपये देने का ही प्रावधान था। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों के लिए वरदान है लेकिन, महानगर के खिलाड़ियों को इस योजना के बारे में जानकारी तक नहीं है। बीमा तो दूर महानगर के स्टेडियम में खिलाड़ियों को पर्याप्त सुविधा ही नहीं मिल रही है। अधिकांश खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को वरिष्ठ खिलाड़ियों के सहयोग से निखार रहे हैं। सरकार की ओर से खिलाड़ियों को मिलने वाली योजना का लाभ भी खिलाड़ियों से दूर है।

### प्रचार-प्रसार न होना मुख्य कारण

स्टेडियम में अभ्यास के लिए आने वाले खिलाड़ियों के लिए शासन की ओर से जो योजनाएं चल रहीं खेल विभाग की ओर से उनका प्रचार-प्रसार नहीं किया जा रहा। यही कारण है कि एक भी खिलाड़ी को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा। प्रभारी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि सभी खिलाड़ियों को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। पात्रता रखने वाले खिलाड़ियों को योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाएगा।

## अनियमित जीवन शैली से तनाव, गिर रहे बाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिला अस्पताल के चर्म रोग विभाग में प्रतिदिन पहुंच रहे 40 से अधिक युवक-युवतियां
- चिकित्सकों के अनुसार खानपान और बेहतर जीवनशैली से हो सकता है सुधार

**अमृत विचार :** प्रतिस्पर्धा और भागदौड़ भरी जिंदगी में युवा वर्ग पर पढ़ाई, करियर को लेकर दबाव है। जिससे इस वर्ग में तनाव का दुष्प्रभाव भी दिख रहा है। युवाओं में बालों से संबंधित समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। जिसमें बालों का सफेद होना और झड़ना शामिल है। चिकित्सकों के अनुसार इसका मुख्य कारण तनाव, असंतुलित जीवन शैली व उचित खानपान न लेना है।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला अस्पताल की चर्म रोग ओपीडी में प्रतिदिन इस समस्या को लेकर 40 से अधिक पीड़ित पहुंच रहे हैं। निजी चिकित्सकों के यहां भी संख्या में कमी नहीं है। इनमें युवक-युवतियां दोनों शामिल हैं। चर्म रोग विभाग की चिकित्सक डॉ. आबिदा ने बताया कि कम उम्र में सफेद और बालों का झड़ने का मुख्य कारण तनाव है। पुरुषों में गंजेपन का सबसे आम कारण एंडोजेनेटिक एलोपेसिया है, इसे मेल पैटर्न बाल्डनेस भी कहा जाता है। यह हार्मोनल और जेनेटिक फैक्टर के कारण भी होता है। टेस्टोस्टेरोन का एक बाई प्रोडक्ट डाइहाइड्रोटेस्टोस्टेरोन बालों के रोम को सिकोड़ता है, जिससे बाल पतले हो जाते हैं और आखिरी में झड़ जाते हैं। यह लाइलाज बीमारी नहीं है। खानपान और जीवनशैली का ध्यान रख कर इस मुश्किल का हल निकाला जा सकता है।

### बाल झड़ने के कारण

उन्होंने बताया कि बाल झड़ने के कई कारण हो सकते हैं। इसका मुख्य कारण तनाव माना जाता है। वहीं शरीर में आयरन, विटामिन डी और अन्य पोषक तत्वों की कमी। व्यक्ति में थायराइड की समस्या, अशुद्ध खानपान और आधी नींद भी बाल झड़ने के कारणों में एक हैं।

### बचाव के उपाय

- स्वस्थ आहार लें, जिसमें सभी पोषक तत्व शामिल हों।
- तनाव कम करने को तरीके सोचें।
- शरीर की तरह अपने बालों का भी ध्यान रखें।
- नियमित रूप से बालों की जांच कराएं जिससे असामान्य परिवर्तन को जल्दी पहचाना जा सके।

# भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

## सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



**डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)**
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

**45 वर्षो का कुशल अनुभव**



**डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)**
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

**गुदा रोगों के लक्षण**

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

**समय**
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
**रविवार**
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


# घर से बछड़ा ले गया तेंदुआ जंगल में मिला अधखाया शव

## देरी से पहुंची वन विभाग की टीम, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- आक्रोशित ग्रामीणों ने जल्द ही गांव में पिंजरा लगाने की उठाई मांग



पिंजरा लगाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते गांव बढ़ापुर के ग्रामीण।

**अमृत विचारः** शनिवार रात घर में बनी पशुशाला में बंधे बछड़े को तेंदुआ उठा कर जंगल में ले गया। किसान सवेरे पशुपाला पहुंचा तो वहां बछड़ा नहीं था। मिट्टी में तेंदुए के पंजे के निशान मिलने पर ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर जंगल पहुंचे। वहां बछड़े का अधखाया शव मिला। दहशतजदा ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश है। रविवार को ग्रामीणों ने पिंजरा लगाए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया ।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बढ़ापुर निवासी बलवीर सिंह ने बताया कि शनिवार की रात 8:00 बजे उसने बछड़े को पशुशाला में बांधा और खुद सोने चला गया। रात में किसी समय तेंदुआ दीवार पारकर बछड़े को जंगल ले गया और उसे अपना निवाला बना लिया। रविवार की सवेरे वह पशुशाला पहुंचा तो वहां बछड़े की जगह तेंदुए के पंजे निशान मिले। उसने आसपास के ग्रामीणों को बताया तो सभी लाठी-डंडा लेकर जंगल की ओर निकल पड़े। तेंदुआ तो नहीं मिला लेकिन क्षतविक्षित मृत अवस्था में बछड़ा मिल गया। पुलिस तो मौके पर पहुंची लेकिन वन विभाग की टीम सूचना देने के 1 घंटे के बाद पहुंची तो ग्रामीण टीम को देखकर आग बबूला हो गए। उनके खिलाफ प्रदर्शन करते हुए शीघ्र ही गांव के निकट पिंजरा लगाए जाने की मांग की। किसी तरह वन विभाग की टीम ने लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। प्रदर्शन में बलवीर ,चन्द्रपाल, छत्रपाल , ओमप्रकाश, करन, यशपाल , केन्हैया, प्रीतम , रामो, अंजना, सुनीता आदि थे ।

### तेंदुए की दहशत से आश्रम के श्रद्धालु भयभीत

**कांठ, अमृत विचार :** दो दिन पूर्व गुल्हडिया बहादुरपुर खादर में बालाजी कमलनाथ आश्रम में महंत तेजराम एवं सेवक, श्रद्धालु आरती कर रहे थे। तभी तेंदुआ आया और कुत्ते को वहां से उठाकर ले गया। जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत है। आश्रम के सेवक व खेतों पर आने वाले ग्रामीण घबराए हुए हैं। महंत ने घटना की जानकारी वन विभाग को दी लेकिन टीम नहीं पहुंची थी। धर्मेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, राजपाल सिंह, अजय पाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजीव कुमार, राकेश कुमार आदि ने वन विभाग के अधिकारियों से तेंदुए को पकड़वाने की मांग की है।

## तहसील के कई गांवों में नहीं है मोक्षधाम

**छजलैट, अमृत विचारः** भारत भले ही विकास की ओर बढ़ रहा हो लेकिन तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन से ज्यादा ग्रामों में मोक्ष धाम की व्यवस्था नहीं है जिसके चलते क्षेत्र वासियों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन ग्राम पंचायतों में मोक्ष धाम नहीं है। वहां के नागरिकों ने अनेक बार आवाज भी उठाई लेकिन किसी राजनीतिक या प्रशासन द्वारा कोई व्यवस्था भी नही की गई है, जिसके कारण मृत शरीर को लेकर ग्रामवासी कई किलोमीटर जाते हैं। तहसील क्षेत्र के ग्राम खलीलपुर कद्दीम की आबादी लगभग 2000 है। गांव में मोक्ष धाम नही होने के कारण लगभग 6 किलोमीटर कांठ आना पड़ता है। ग्राम पंचायत नीगू नंगला-रसूलपुर गुर्जर की आबादी लगभग 2500 है। उनको भी अंतिम संस्कार हेतु कांठ आना पड़ता है। क्षेत्र में आज भी आधा दर्जन गांव ऐसे हैं जहां पर मोक्ष धाम की व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण वहां के नागरिक त्रस्त हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन व राजनेताओं से गांव के नजदीक मोक्ष धाम बनाने की मांग की है।

# खेत उजाड़ रहे निराश्रित पशु, किसान परेशान



कांठ नगर की सड़कों पर घूमते निराश्रित पशु। • अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

- पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाने की मांग

**अमृत विचारः** नगर कांठ में भारी संख्या में घूम रहे निराश्रित गोवंश से किसान परेशान हैं। गोवंश हाईवे पर घूम रहे है तो कहीं खेती को बर्बाद कर रहे हैं। किसानों ने पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाने की मांग की है।

नगर में भारी संख्या में गोवंश पशुओं के सड़कों पर घूमने से क्षेत्र के नागरिक व किसान बहुत परेशान हैं। पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। कई बार इन्हें गोशाला छुड़वाए जाने की मांग की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिससे क्षेत्र के किसानों में भारी रोष है। सड़कों पर घूम रहे पशुओं ने कई बार बच्चों को भी घायल कर दिया है परंतु नगर पंचायत प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। गावंश द्वारा कई लोग काल का ग्रास भी बन चुके हैं। नगर व क्षेत्र वासियों ने आवारा पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाने की मांग की है। आ भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मुरादाबाद मंडल महासचिव जितेंद्र बिश्नोई उर्फ जीतू, गौ रक्षक प्रेमी विकास शर्मा ने आवारा पशुओं को गौशाला भिजवाए जाने की मांग की है।

### विवाहिता को मारपीट कर निकाला तीन पर केस

**भोजपुर, अमृत विचार :** गांव चकरपुर निवासी विवाहिता ने पति, जेठ और ससुर के खिलाफ दहेज में 5 लाख रुपए नगदी नही लाने पर मारपीट कर घर से निकाल देने के आरोप में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में विवाहिता फरजाना पुत्री बख्तर ने कहा कि पति सहादत,जेठ नजाकत और ससुर मजीद दहेज में पांच लाख रुपए नकदी की मांग को लेकर उत्पीड़न करते हैं। रविवार को दोपहर एक बजे आरोपियों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर चार बच्चों के साथ घर से बाहर निकाल दिया।

# प्रदीप की मौत मामले में पत्नी व प्रेमी पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बिलारी

- शुक्रवार को सतारन गांव में मिला था शव
- पिता ने दी तहरीर, बोले- बेटे को ससुरालियों ने किया प्रताड़ित

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव सतारन में शुक्रवार को एक लाश मिली थी, जिसकी शिनाख्त मुरादाबाद के मझोला थाना के गांव महोरनपुर निवासी प्रदीप के रूप में हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का सही कारण स्पष्ट नहीं होने पर विसरा सुरक्षित रख लिया गया है। मृतक के पिता ने कोतवाली पहुंचकर बेटे की पत्नी उसके प्रेमी के अलावा मृतक के ससुर पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

थाना मझोला के गांव मनोहरपुर निवासी प्रदीप पुत्र महेश अपनी ससुराल बिलारी के गांव सतारन में बेटे से मिलने गया था। पिता ने दी तहरीर में बताया कि प्रदीप का विवाह 4 जुलाई 2022 को पूजा पुत्री हरिकिशन के साथ हुआ था। पूजा प्रदीप से लड़ाई और गाली गलौज किया कर अक्सर मायके चली जाती थी। उसका प्रेम प्रसंग एक युवक के साथ चल रहा था। पूजा 16 सितंबर 2024 को सामान लेकर मायके का बहाना कर सृजन निवासी जैतिया के साथ भाग गई। जिसका मुकदमा परिवार न्यायालय में भी चला।

प्रेमी सृजन ने प्रदीप को गांव में आने पर जान से मारने की धमकी दी थी। 5 जून को उसका बेटा प्रदीप अपने पुत्र शिवा से मिलने सतारन गांव पहुंचा, जहां संदिग्ध परिस्थितियों में उसका शव मिला था। आरोप लगाया कि प्रदीप के ससुराल वालों ने उसे पहचानने तक से मना कर दिया। ससुरालियों ने बेटे को प्रताड़ित किया।

# दूसरे दिन भी चला कुर्बानी का सिलसिला



क्षेत्र के एक गांव में गश्त के दौरान पुलिस। • अमृत विचार

संवाददाता, कांठ/छजलैट

**अमृत विचारः** बकरीद के दूसरे दिन रविवार को भी नगर में खूब चहल-पहल रही। लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी। देर शाम तक दावतों का दौर चलता रहा। इस्लामी कैलेंडर जिलहिज्जा की 10वीं तारीख को बकरीद का पर्व मनाया जाता है। कुर्बानी का दौर तीन दिनों तक चलता है।

रविवार को दूसरे दिन भी लोगों ने अल्लाह की राह में जानवरों की कुर्बानी दी और मांस को सगे गरीबों, सगे संबंधियों में बांटा। नगर के मुस्लिम बहुल मोहल्लों में सुबह से ही लोगों का आना जाना लगा रहा। लोगों ने ईदी आदान प्रदान करने के उपरांत जलपान ग्रहण करते रहे। ईद की खास लजीज सेवई का लोगों ने भरपूर आनंद लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक सुभाष धनगर, इंस्पेक्टर क्राइम राम नरेश यादव, उप निरीक्षक कमलदीप आदि ने पुलिस बल के साथ गश्त करते हुए मुसलमान भाइयों से अपील करते हुए कहा कि अपशेष निर्धारित स्थानों पर दबा दें ताकि किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस ना पहुंच सके। छजलैट में थाना अध्यक्ष संजय पांचाल ने मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र ग्राम रसूलपुर चौराह, सारी खजूर आदि दर्जनों ग्रामों में जाकर नई परंपरा नहीं शुरू करने, नाली में खून ना बहाने की अपील की।

### डिलारी में धूमधाम के साथ मनाई गई बकरीद

**डिलारी, अमृत विचार :** शनिवार को धूमधाम के साथ ईद उल अजहा पर्व मनाया गया सुबह 7 :30 वजे ईद की नमाज ईदगाहों पर अदा की गई। क्षेत्र के गांव गजरौला सैद, बुढ़नपुर, नगर पंचायत ढकिया, सलेम सराय, काजीपुरा, बढेरा आदी की ईदगाहों पर नमाज अदा करने के बाद इमामो ने खुतबा सुना कर ईद उल अजहा की फजीलत को विस्तार से बताया। इसके बाद मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की गई। एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की। इसके बाद नगर पंचायत ढकिया स्थित नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास पर। पूर्व ब्लाक प्रमुख डिलारी चौधरी जियाउल्लाह। पूर्व ब्लाक प्रमुख मुजाहिद अली गांव सैदपुर में ईद मिलन का सिलसिला जारी रहा। चारों तरफ ईद उल अजहा का उल्लास छाया रहा। इस दौरान थाना डिलारी पुलिस मुस्तैद रही।



### संगीत के साथ योग करने से नहीं भटकता मन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हिंदू कॉलेज में चल रहे 10 दिवसीय योग बंधन के अंतर्गत भौतिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. कमल कुमार ने बताया कि योग सभी के लिए अनिवार्य है। इससे आपसी संबंध मजबूत होते हैं। रविवार को महाविद्यालय में कॉमर्स विभाग के प्राध्यापक सोहन कुमार रजक ने सभी को योग कराया। द्वितीय चरण में योग पार्क के अंतर्गत प्राचार्य प्रोफेसर सत्यव्रत सिंह रावत ने कहा कि भारत सरकार के निर्देश के अनुसार गली मोहल्ले व पार्क में प्रात: कालीन नि:शुल्क योग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसका लाभ प्रत्येक को उठाना चाहिए। इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. सर्वेश कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि क्लासिकल संगीत की धुन के साथ योग किया जाता है तो वह अत्यधिक लाभकारी होता है। इस तरह से योग करने से मन को भटकने से रोका जा सकता है। हिंदी विभाग के प्राध्यापक सूरज वर्मा ने योगाभ्यास कराया। डॉ. एस. बी. यादव ने आभार व्यक्त किया।

# सत्संग से होती है ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



ठाकुरद्वारा संत निरंकारी भवन में सत्संग सुनते अनुयायी। • अमृत विचार

- साधसंगत में प्रचारक ने बताए सतगुरु के विचार

**अमृत विचार :** निरंकारी सत्संग भवन ठाकुरद्वारा पर रविवार को साप्ताहिक साधसंगत का आयोजन किया गया। जिसमें जसपुर से आए प्रचारक महात्मा पूर्व जोनल इंचार्ज राजकपूर ने सतगुरु के विचारों को साधसंगत के समक्ष रखा।

प्रचारक ने कहा कि सत्संग ब्रह्म ज्ञान प्रदान करके मोक्ष प्रदान करता है। सतगुरु हमें सत्य मार्ग पर चलाता है। हमें मन से सतगुरु के चरणों में समर्पित होना चाहिए। भक्ति में डूबे हुए संत निंदा व अंहकार से दूर रहते हैं। एक भक्त हमेशा काम, क्रोध और मोह से मुक्त होकर जीवन जीता है। सतगुरु शरीर नहीं होता, बल्कि ज्ञान ही सतगुरु होता है।

मुखी ब्रह्म प्रकाश गुप्ता जी ने प्रतिदिन सत्संग में आने के लिए प्रेरित किया व सेवादल संचालक डॉ लंगर की सेवा बहन शशि वर्मा जी की ओर से रही। मंच संचालन प्रेमप्रकाश सिंह ने किया। साधसंगत में रमित चौहान, रघुनाथ सिंह,योगेश कुमार, हर्षित चौहान, देवेंद्र नागपाल, डॉ नरेश कुमार, मुनेश कुमार, हरपाल सिंह, सुरेन्द्र कुमार, मुनेश चौहान,हरकेश सिंह,वंदना चौहान, राजबाला चौहान, ईसम देवी, मोनिका चौहान, सुरभि, भूमि, मानसी,पूनम, माला सिंह, मोनिका, रितु मौजूद रहे।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

**सूचना**
मैं मौ0 जियानूर अपने बच्चे का नाम परिवर्तन कर रहा हूँ। पहले बच्चे का नाम मौ0 शारिब ज़रकानी था। जिसे बदलकर मौ0 शारिब जिया रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **पता- ग्राम गजरौला सैद, पोस्ट बहेड़ी ब्रहमनान, थाना भोजपुर, जनपद मुरादाबाद।**

**सूचना**
मैं मौ0 जियानूर अपने बच्चे का नाम परिवर्तन कर रहा हूँ। पहले बच्चे का नाम मौ0 जिया ताबिश था। जिसे बदलकर मौ0 ताबिश जिया रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **पता- ग्राम गजरौला सैद, पोस्ट बहेड़ी ब्रहमनान, थाना भोजपुर, जनपद मुरादाबाद।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शाइस्ता जिया से बदलकर शाइस्ता परवीन रख लिया है। भविष्य में मुझे **शाइस्ता परवीन पत्नी मौ0 जियानूर के नाम से जाना जाए। पता- ग्राम गजरौला सैद, पोस्ट बहेड़ी ब्रहमनान, थाना भोजपुर, जनपद मुरादाबाद।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम जियानूर से बदलकर मौ0 जियानूर रख लिया है। भविष्य में मुझे मौ0 जियानूर पुत्र मौ0 फारुख के नाम से जाना जाए। **पता- ग्राम गजरौला सैद, पोस्ट बहेड़ी ब्रहमनान, थाना भोजपुर, जनपद मुरादाबाद।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


**अनदेखी** | भीषण गर्मी में पेयजल के लिए तरसे लोग, लोगों में आक्रोश

# टंकी से आ रहा गंदा पानी, नगर पालिका को सुध नहीं

अमृत विचार, ठाकुरद्वारा




कमालपुरी रोड पर लगी टंकी का गंदा पानी बोतल में भरकर दिखाते दुकानदार।

**अमृत विचारः** नगर पालिका की लापरवाही व उदासीनता के कारण पिछले दो दिन से नगर क्षेत्र के घरों में लगी पानी की टंकी व सार्वजनिक टंकियां गंदा पानी उगल रही है। शिकायत के बाद भी नगर पालिका अंजान बनी हुई है। जिससे नगर के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। गर्मी के चलते प्यास लगने पर गंदा पानी पीने के लिए लोग मजबूर है।

नगरवासियों ने बताया कि ईद के दिन भी गंदे पानी की आपूर्ति दी गई। कई बार फोन करने के बाद भी पालिका के किसी कर्मचारी और पालिका अध्यक्ष ने फोन उठाना तक उचित नहीं समझा। नगर पालिका द्वारा गंदे पानी की आपूर्ति लगातार किए जाने से लोगों में आक्रोश है। 70 हजार से अधिक लोगों को भीषण गर्मी में गंदा पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस संबंध में पूर्व सभासद राजेंद्र पांडे, पालिका परिषद के पूर्व प्रत्याशी पवन पुष्पद, रुद्र दत्त शर्मा , व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव सिंगल, नरेश कश्यप सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर नगरपालिका की जांच कर मनमानी रोकने की मांग की है। साथ ही जल्द ही नगर वासियों को स्वच्छ पानी की आपूर्ति दिलाए जाने की मांग की है।

### 24 घंटे में मात्र आधा घंटा आ रहा पानी

मुंशिफ कोर्ट रोड पर स्थित दुकानदारों व मोहल्लों के लोगों का आरोप है कि एक महीने से 24 घंटे में मात्र दोपहर 1:00 बजे व रात्रि में पानी छोड़ा जाता है। वह भी मात्र आधा घंटे के लिए उस पर भी पानी गंदा आ रहा है। स्वच्छ पानी की आपूर्ति न किए जाने से गर्मी के चलते तहसील परिसर अब मुंशी कोर्ट के साथ- साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय आने वाले फरियादियों को पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

### अधिशासी अधिकारी का पद खाली तो पालिका अध्यक्ष ने साधी चुप्पी

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी का स्थानांतरण होने के बाद अभी किसी भी ने चार्ज नहीं संभाला है वहीं पालिका अध्यक्ष चुप्पी सादे बैठे हैं। नगर वासियों ने एसडीएम को जानकारी दी तो उन्होंने नगर पालिका को निर्देशित किया कि तत्काल स्वच्छ पानी की आपूर्ति जारी कराई जाए। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

> नगर पालिका का वॉटर टैंक खाली होने पर पुन : पानी भरा गया था। टैंक में थोड़ी बहुत मिट्टी की सतह जम गई थी। उसकी वजह से पानी मट मैला हो गया था। सभी लाइनों को रविवार को पानी चला कर साफ कर दिया गया है। कहीं कमी पाई गई तो उसे दुरुस्त कर दिया जाएगा।
> 
> **- हफिज अहमद**, जलकल प्रभारी, नगर पालिका ठाकुरद्वारा

## एक नजर

### बाइकों की टक्कर में दो की मौत, एक घायल

**सैफनी, अमृत विचार :** दो बाइकों की आमने-सामने से हुई टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। जहां दो लोगों ने दम तोड़ दिया। रविवार रात 9 बजे थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव निवासी रिंकू अपने साथी हरपाल 42 वर्ष थाना क्षेत्र के रायपुर का मझरा गांव के साथ बाइक से सैफनी आ रहा था। जैसे ही वह कासम नगला गांव के समीप पहुंचे तो उसी दौरान मुरादाबाद जनपद के थाना कुंदरकी के बगरौआ गांव निवासी 25 वर्षीय इमरान पुत्र नईम की बाइक से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। दोनों बाइकों की टक्कर में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और दोनों बाइकें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे की सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए शाहबाद के सीएचसी में भर्ती कराया। बगरौआ गांव के प्रधान ने बताया कि हादसे में इमरान और हरपाल की मौत हो गई है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों तक पहुंचाएं सपा की नीतियां

**मिलक, अमृत विचार :** रविवार को क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर जसमोली में समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में पीडीए की पंचायत हुई। जिसमें सामाजिक न्याय, संगठन विस्तार और पार्टी की आगामी रणनीति को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश यादव और राष्ट्रीय सचिव समाजवादी बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के राजबहादुर सागर ने किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक न्याय, आरक्षण समानता और युवाओं की भूमिका पर चुनाव के लिए कार्यकर्ता तैयार रहें। पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार समाज और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों तक पहुंचाएं। पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को लोगों को सपा सरकार की योजनाओं के बारे में बताना है। जगदीश शर्मा, राजेश यादव, रवि यादव, टिंकू, बादाम सिंह गंगवार आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता राजेश यादव और संचालन बॉबी यादव और भानु प्रताप सिंह ने किया।

# भीषण गर्मी से बेजान हो रहीं फसलें बारिश के लिए लोग कर रहे दुआ

## अभी कई दिन गर्मी बढ़ने के आसार जता रहे मौसम वैज्ञानिक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मौसम की मार से फसलें कुम्हलाने लगी हैं। मंदिर और मस्जिदों में बारिश के लिए दुआ हो रही है। सुबह से ही तपिश बढ़ रही है, जिसके चलते लोग गर्मी से बेहाल हो गए। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो 11 जून तक तापमान और बढ़ने का अनुमान है। रविवार दोपहर बाद तेज गर्मी से लोग व्याकुल हो गए। कृषि वैज्ञानिक किसानों को फसलों में सिंचाई की सलाह दे रहे हैं। गर्मी की मार से सभी फसलें बेजान हो रही हैं।

इन दिनों मौसम का मिजाज दिनों-दिन तल्ख होता जा है। रविवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिक तापमान और बढ़ने का अनुमान जता रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मीकांत बताते हैं कि गर्मी के मौसम में किसान अपने खेतों में लौकी, कद्दू, तुरई, करेला, बैंगन की फसलें उगाकर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। क्योंकि गर्मी के मौसम में बाजारों में इन सब्जियों की मांग बढ़ जाती है, जिससे यह किसानों के लिए बेहद मुनाफे वाली फसल होती हैं। बताते हैं कि लौकी ऐसी फसल है, जो किसानों के लिए मुनाफे वाली होती है क्योंकि बाजारों में इसकी मांग खूब बनी रहती है खासकर गर्मियों के मौसम में लोग लौकी का सेवन करना ज्यादा पसंद करते हैं। इसीलिए बाजारों में गर्मी के मौसम में लौकी की मांग ज्यादा रहती है। गर्मी के मौसम में लौकी बोआई के 55 से 70 दिन में तैयार होकर उत्पादन देने लगती है। कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि सूरजमुखी, गन्ना, मेंथा और मक्का की फसलों में सिंचाई कर दें ताकि, खेत में नमी बनी रहे। किसान नबी अहमद बताते हैं कि बारिश के लिए मंदिर, मस्जिदों में दुआ हो रही है। भीषण गर्मी से लोग बेचैन हैं और रविवार को भी पूरा दिन लोग गर्मी में पसीना-पसीना होते रहे।


खेत में सूख रहे गन्ने की फसल।

**हाल-ए-मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 38 डिग्री सेल्सियस |
| न्यूनतम तापमान | 28 डिग्री सेल्सियस |
| आर्द्रता | 51 प्रतिशत |
| वायु वेग | 6 किमी. प्रतिघंटा |

> किसान गन्ना, सूरजमुखी, मेंथा और मक्का की फसलों में सिंचाई कर दें। ताकि खेत की मिट्टी में नमी बनी रहे। सिंचाई नहीं करने पर भीषण गर्मी में फसलों को नुकसान पहुंच सकता है।
> – **डॉ. लक्ष्मीकांत**, कृषि वैज्ञानिक

# बच्चों को अच्छी तालीम अवश्य दिलाएं : सांसद


कार्यक्रम के दौरान मौजूद सांसद मोहिबुल्लाह नदवी व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ईद उल अजहा के मौके पर सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी टांडा के मोहल्ला नाजुपुरा में मुशर्रफ अली के घर ईद मिलने पहुंचे। सांसद ने कार्यकर्ताओं को मुबारकबाद दी। टांडा की अवाम को भी मुबारकबाद पेश की। समाजवादी पार्टी को मजबूत करने के लिए तन, मन, धन से लगने की बात भी सभी कार्यकर्ताओं से की।

सांसद ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि बच्चों में तालीमी माहौल पैदा करें। ताकि बच्चे पढ़ने लिखने में पूरा ध्यान दें और अच्छी तालीम हासिल करें। बिना तालीम के किसी भी तरह की तरक्की का होना मुमकिन नहीं है। कहा कि मेरा असल मकसद बच्चों को तालीमी मैदान में आगे बढ़ाना है क्योंकि जिला तालीमी मैदान में पीछे है। जिसकी वजह से जिला पिछड़ा जिला कहलाता है। सभासद एम सगीर ने कहा कि टांडा में तालीमी माहौल को बेदारी पैदा करने के लिए हमेशा जुस्तजू में लगी रहती है। टांडा जिले में आबादी के हिसाब से बड़ा कस्बा है। मगर यहां कोई डिग्री कॉलेज नहीं है और आईटीआई भी नहीं है। सांसद ने कहा कि मैं केंद्र सरकार से तहसील टांडा में डिग्री कॉलेज, आईटीआई का प्रस्ताव पास कराऊंगा। इस मौके पर तस्लीम पहलवान, मुशर्रफ अली, मतीन कुरैशी, अशरफ कुरैशी, मोहम्मद उस्मान, अब्दुल मारूफ, फारूक, अमीर अहमद, अशरफ अली, फहीम, महबूब पाशा, अय्यूब, रफी, नूरी, नासिर, जुबैर अहमद, आसिफ अली, मेहंदी हसन, अरशद अली आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप



### मां ललिता त्रिपुरसुंदरी का मनाया स्थापना दिवस

**रामपुर, अमृत विचार :** त्रिपुरश्वेरी शक्ति पीठ में महामाया मां ललिता त्रिपुरसुंदरी के स्थापना दिवस पर शक्तिपीठ प्रांगड़ में कीर्तन हुआ। भक्तों ने संकीर्तन में उपस्थित होकर मां ललिता त्रिपुरसुंदरी के दर्शन और संकीर्तन का आनंद प्राप्त किया। ललिता चालीसा, महा आरती उपरांत भोग प्रसाद का वितरण किया। शक्तिपीठ पीठाचार्य डॉ. राधेश्याम वासंतेय उनकी पत्नी विमला शर्मा व पुत्री डॉ. प्रियंका उपाध्याय शुक्ला की अध्यक्षता में महाआरती की। कार्यक्रम में ममता सोनी, कमल चावला, आरती सिंह, मोनिका गोयल, मधु सक्सेना, प्रीति गुप्ता, वर्षा, अंजना, अनिलेश, ज्योति गुप्ता, मधु सक्सेना, नीलू, अंशु रानी, कविता अरोड़ा, शालू, लाडो, लता गुप्ता, सुमति, शक्तिपीठ पुरोहित प्रदीप, निर्मल, राधा, जमुना देवी आदि मौजूद रहे।




### स्वामी सच्चिदानंद पशुपति महाराज का स्वागत

**रामपुर, अमृत विचार :** श्रीश्री 1008 श्री चित्रगुप्त पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद पशुपति महाराज का रामपुर आने पर स्वागत हुआ। कायस्थ समाज के प्रतिष्ठित सामाजिक बंधुओं ने उनसे शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान लोगों को शरबत बांटा। स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश के रूप में पौधरोपण किया। महाराज ने आशीर्वचन में बताया रामपुर में चित्रगुप्त भगवान की कथा की जाएगी। कायस्थ समाज की सभी समितियों को श्री चित्रगुप्त पीठ में शामिल कर एकता और सामाजिक सद्भाव की मिसाल कायम की जाएगी। इस मौके पर प्रिंस श्रीवास्तव, संजीव दयाल सक्सेना, आदर्श सक्सेना, विशाल सक्सेना, अंकुश सक्सेना, मुनीश सक्सेना, गुंजन हिंदुस्तानी, मनु सक्सेना, मयंक सक्सेना, हर्षित सक्सेना, चित्ररंजन सक्सेना, आदित्य सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### सभी सदस्य अनुशासन का करें पालन : अमित

**मिलक, अमृत विचार :** रायुक्रांमो प्रदेश अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन की मजबूती तब ही मानी जाएगी, जब वह नीतियों और नैतिकता पर आधारित हो। संगठन का हर सदस्य आदर्श और अनुशासन का पालन करे तब ही जनता का विश्वास जीता जा सकता है। रविवार को रायुक्रांमो की बैठक क्षेत्र के ग्राम नवदिया में मुख्यालय पर हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में प्रेरित करने और नगरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक में संगठन की पैठ बढ़ाने को लेकर चर्चा की। प्रांतीय प्रवक्ता ने कहा कि आज के समय में युवा शक्ति ही देश की असली ताकत है। प्रांतीय विधिक सलाहकार मोहित सिंह ने कहा कि समाज के गरीब, शोषित और हाशिये पर खड़े लोगों को न्याय दिलाना संगठन का एक प्रमुख उद्देश्य है। इस अवसर पर मुनीश कुमार, जोगिंदर सिंह, सोनू कुमार, दिनेश दिवाकर, वेदपाल आर्य, अजय राठौर, विनय गंगवार, सोमपाल सिंह, राजेश कुमार व जतिन शर्मा रहे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव और संचालन प्रांतीय प्रवक्ता क्रांति शेखर सारंग ने किया।

# गुरुद्वारा संत भाई जी में शबद से संगत हुई निहाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित संत भाई जी बाबा चैरिटेबल हॉस्पिटल के उद्घाटन से पहले श्री अखंड पाठ साहब की शुरुआत हुई। इसके बाद सिमरन जत्था की महिलाओं और जगमोहन सिंह निमाना द्वारा शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया।

गुरुद्वारे में रविवार सुबह 10 से 11 बजे तक फरीदाबाद (हरियाणा) से आए रागी जत्था भाई साहब जितेंद्र सिंह अरोड़ा द्वारा शबद कीर्तन एवं कथा द्वारा संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा बंगला साहिब दिल्ली से आए मुख्य अतिथि डेरा कार सेवा बाबा बचन सिंह और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जनरल सेक्रेटरी जगजीत सिंह काहलो ने चैरिटेबल हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। शबद कीर्तन के बाद गुरुद्वारा प्रधान दर्शन सिंह खुराना द्वारा अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर आई हुई संगत एवं मेहमानों का धन्यवाद किया तथा हॉस्पिटल के लिए सहयोग करने वालों का आभार जताया। डॉ. गुरजीत सिंह चड्ढा द्वारा अस्पताल को दी जा रही सेवाओं पर जनरल सेक्रेटरी जगजीत सिंह द्वारा सम्मानित किया। इस अवसर पर गुरुचरण सिंह आहूजा, भूपेंद्र सिंह, त्रिलोचन सिंह वाधवा, महेंद्र सिंह होरा, अमरजीत सिंह, धनवंत सिंह, हरीश अरोड़ा, हरमिंदर लाल अरोड़ा, पपिंदर सिंह, राधेश्याम अरोड़ा, गुरजीत सिंह माटा, रविंद्र सिंह, जसमीत सिंह, संतोक सिंह, हरजीत सिंह, निर्मल सिंह, गुरजीत सिंह आहूजा एवं उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, महिला आयोग की सदस्य सुनीता सिंह, डॉ. किशोरी लाल, डॉ. हिमांशु गुप्ता, अशोक अग्रवाल, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू आदि मौजूद रहे।


गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में शबद कीर्तन करता रागी जत्था।

## करंट लगने पर छत से गिरा मजदूर, गंभीर

**सैदनगर, अमृत विचार :** करंट लगने से मजदूर छत से गिर गया। बहादुरगंज गांव निवासी नरेश राजमिस्त्री के साथ मजदूरी का काम करता है। रविवार सुबह वह गांव के ही मतलूब के घर मजदूरी करने के लिए गया था। जानकारी मिली है कि छत के ऊपर मजदूर राजमिस्त्री को मसाला दे रहा था तभी मजदूर हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जोरदार झटका के साथ मजदूर छत से नीचे गिर गया। लोगों ने मजदूर को छत से नीचे गिरा देखा तो उनके होश उड़ गए। परिजनों ने घायल मजदूर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर मुरादाबाद रेफर कर दिया।

# मंत्रोच्चार से हुई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** गुजरैला गांव स्थित मंगलधाम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चौथे दिन रविवार को दोपहर बाद स्वामी अविमुक्तेस्वरानन्द सरस्वती मंगलधाम पहुंचे। इसके बाद उन्होंने मंगलधाम में विधि विधान तथा वैदिक मंत्रोच्चार के मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कराई।

मां महाकाली, महासरस्वती एवं खाटू श्याम बाबा की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा किया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए भारत भूमि की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि यही वह स्थान है जहां पर देवता भी आने को तरसते हैं। जिसे इस भूमि में जन्म मिला इससे बढ़कर कुछ नहीं है। भगवान की आराधना करने का मतलब सिर्फ फूल चढ़ाना, जल चढ़ाना, भोग लगाना और परिक्रमा लगाना नहीं है। आराधना का अर्थ है उनके बताए गुणों को अपने अंदर समाने की चेष्टा करना। प्रवचन में गाय पर हो रहे अत्याचार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लोगों से गो रक्षा व गो सेवा करने का आह्वान किया। व्यवस्था में संजय कपूर, संतोष कपूर, अनिल टंडन, लीना कपूर, रेनू टंडन, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, नीरे गुप्ता, नरेन्द्र सक्सेना, अमन सक्सेना आदि मौजूद रहे।


प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रवचन करते स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती।

### रसराज महाराज ने सुनाई हनुमंत कथा

**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को आदर्श रामलीला मैदान में हनुमन्त कथा का आरंभ हुआ। जबकि मंगलवार को बाहर से आ रहे कलाकार श्याम बाबा का भजन गाएंगे। श्याम बाबा भक्त परिवार की ओर से 25 रजत जयंती के मौके पर श्री श्याम बाबा संकीर्तन महोत्सव रामलीला मैदान में हुआ। जिसमें रविवार रात को हनुमंत कथा का आयोजन हुआ, इससे पहले पूजा अर्चना की। उसके बाद श्रीसुंदरकांड, हनुमान चालीसा और श्री बजरंग बाण का पाठ हुआ जोकि देर रात तक होता रहा। कथा व्यास रसराज महाराज ने सुनाया।

## कोर्ट के आदेश पर 3 आरोपियों पर रिपोर्ट

**स्वार, अमृत विचार :** जमीन बेचने के नाम पर 60 लाख रुपये की मांग करने एवं विरोध करने पर कुछ लोगों ने पीड़ित के साथ मारपीट कर दी।

मोहल्ला रसूलपुर निवासी हाजी अख्तर अली के पिता ने वर्ष 1982 में आरिफ के पिता से जमीन खरीदी थी। किसी कारण वश जमीन का दाखिल खारिज नहीं हो पाया था। इस दौरान दोनों के पिता की मौत भी हो गई। अब पीड़ित जमीन बेचना चाहता है, लेकिन रियासत अली, मोहम्मद सादिक और आरिफ अली 60 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। पीड़ि ने विरोध किया तो गाली गलौज करने के साथ ही मारपीट पर उतारु हो गए। पीड़ित ने कोर्ट में गुहार लगाई। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रविवार को आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल प्रदीप मलिक ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# अधिक आय के लिए खेती के साथ मत्स्य पालन करें किसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि किसान बेहतर आय के लिए खेती के साथ मत्स्य पालन भी करें। किसानों को खेती के साथ मछली पालन से जोड़कर सरकार उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करना चाहती है। यह न सिर्फ अतिरिक्त आमदनी देता है बल्कि लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराता है। मत्स्य पालकों द्वारा पोर्टल पर कराया गया पंजीकरण मत्स्य पलकों की एक पहचान है जिसका प्रमाण पत्र भारत सरकार जारी करती है।

मछली पालक, मछली विक्रेता और मछली का शिकार करने वाले समस्त मत्स्य कारोबारी भारत सरकार की वेबसाइट नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म एनएफडीपी पर स्वयं का पंजीकरण करा सकते हैं। सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. अनीता बताती हैं कि मत्स्य विभाग में संचालित केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना निषाद राज बोर्ड सब्सिडी योजना का मत्स्य पालक लाभ उठा सकते हैं। उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सामूहिक दुर्घटना बीमा, सघन मत्स्य पालन के लिए अरेशन सिस्टम योजना का लाभ ले सकते हैं। बताया कि मत्स्य पालकों का यह पंजीकरण निशुल्क है। मत्स्य पालक जन सेवा केंद्र से या स्वयं भारत सरकार की एनएफडीपी पर पोर्टल पर स्वयं का पंजीकरण कर सकते हैं और मत्स्य विभाग में संचालित सारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।


तालाब में तैरतीं मछलियां।

- **अपनी पहचान के लिए पोर्टल पर पंजीकरण कराएं मत्स्य पालक**
- **पंजीकरण के बाद प्रमाण पत्र जारी करेगी भारत सरकार**

# ईद के दूसरे दिन भी दी कुर्बानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कुर्बानी का सिलसिला सुबह से शुरू हो गया जोकि, रविवार शाम तक चलता रहा। कुर्बानी का सिलसिला तीन दिन तक चलता रहेगा। तीसरे दिन सूर्यास्त से पूर्व समाप्त होगा। काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां ने बताया कि कुर्बानी अल्लाह की खुशनूदी के लिए होनी चाहिए इसमें कोई दिखावा नहीं होना चाहिए। कुर्बानी अल्लाह को खुश करने के लिए की जाए, जब कुर्बानी की पहली बूंद जमीन पर गिरती है तो कुर्बानी करने वाले के गुनाह माफ हो जाते हैं। ईद उल अजहा की खुशियां दूसरों के साथ साझा करें, यह इस्लाम का कानून है और यही इस्लाम चाहता है। बताया कि जानवर की उम्र कम से कम एक साल से ज्यादा होना चाहिए, उसके दोनों कान और दोनों आंखें हों और जब आप उनकी कुर्बानी करना शुरू करें तो वह किबला का सामना करे, फिर उसके गोश्त के तीन हिस्से करें एक गरीबों के लिए दूसरा रिश्तेदारों और हमसाया और तीसरा हिस्सा अपने लिए रखें। सड़कों पर किसी तरह की गंदगी न हो साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें। गंदगी को पॉलिथीन बैग या कपड़े के टुकड़े में पैक करके निर्धारित स्थानों पर रखना चाहिए या दफन करा दें।

### मसवासी क्षेत्र में दूसरे दिन भी जारी रहा कुर्बानी का सिलसिला

**मसवासी, अमृत विचार :** ईद उल अजहा का त्योहार दूसरे दिन भी जारी रहा। रविवार को फज्र की नमाज के बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा। उलमा इकराम की पहल पर कुर्बान हुए पशु के अवशेष और रक्त नाली में नहीं बहाए गए। मसवासी नगर के साथ चाउपुरा, भूबरा, बिजारखाता, अलीगंज, खानपुर उत्तरी, मानपुर उत्तरी, पट्टीकलां, घोसीपुरा, किशनपुर, मौलागढ़, शिकारपुर, शिवनगर, बब्बरपुरी लोहार, इनायत गंज, खोद शरीफ, गागन नंगली आदि गांव में कुर्बानी का सिलसिला जारी रहा।

ADMISSION OPEN (2025-26)
SURAJMAL AGARWAL GIRLS P.G. COLLEGE
Kishanpur, Kichha, U.S.Nagar-263148, Uttarakhand
(Approved by: NCTE, Govt. of India (Affiliated to Kumaun University, Nainital, UAU & HNB Uttarakhand Medical University DDN)
Website : www.sapkam.org
Email: sapkm.edu@gmail.com
COURSES OFFERED
UG COURSES
• BBA • B.Com (Hons.) • BCA • B.Sc. (IT) • B.Sc. (PCM, ZBC, PSM)
• B.Sc. (Biotechnology) • B.Sc. Home Science
• B.Sc. (Food Technology) • B.Lib. • B.Ed.
PG COURSES
• M.Com • M.Sc. (Microbiology) • M.Sc. (Biotechnology)
• M.Sc. (Food Technology) • M.Lib.
• M.Sc. (Physics, Botany, Zoology, Chemistry, Mathematics)
• M.Sc. Home Science (Foods & Nutrition, Textile & Apparel Designing)
SCHOLARSHIP AS PER GOVT. RULE
No.1 GIRLS COLLEGE IN UTTARAKHAND
BUS FACILITY AVAILABLE FROM RAMPUR
OTHER COURSES
• Computer Basics • Tally Complete • CCC
SURAJMAL AGARWAL COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL SCIENCES
• GNM • Post Basic B.Sc. (Nursing) • B.Sc. Nursing • M.Sc. Nursing (Medical Surgery, Community Health Nursing, Mental Health Nursing, Child Health Nursing)
• Bachelor in Medical Lab Technology (BMLT) • B.Sc in Optometry
• B.Sc. in Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT)
SURAJMAL MEDICAL COLLEGE OF AYURVED & HOSPITAL
• Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery (BAMS) Mob.: 9758643374
100% Placement Assistance
Transport Facility Available
Safe Hostel with Air Cooler
LIMITED SEATS
Safest Girl Hostel (24x7 Security, Electricity Back up, Wifi Campus)
CONTACT SOON FOR ADMISSION
9412920331, 9837242760, 7902103001
7902103002, 8192801031, 7500005217, 8650079393

## एक नजर

### मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

**मिलक, अमृत विचार :** धनेली उत्तरी निवासी विनोद कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि उनकी ग्राम मैनी में खेती की जमीन है। जिस पर वह 25 वर्ष से फसल कर रहे हैं। आरोप लगाया कि बिलासपुर थाने के खंडिया निवासी भूपराम, मैनी निवासी चंद्रसेन और प्रेम अपने साथ एक अज्ञात व्यक्ति के साथ जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा करने के लिए पहुंचे। जानकारी होने पर वह मौके पर पहुंच गए, उन्हें देख वह गाली गलौच करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। तमंचे लहराते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर लेकर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### आपत्तिजनक टिप्पणी करने में आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर टिप्पणी कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। कोर्ट से उसे जेल भेज दिया। 7 जून को अजीमनगर पुलिस के सोशल मीडिया सेल को ट्वीटर के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई। इसमें आरोपी द्वारा इन्स्टाग्राम पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से टिप्पणी की थी। सूचना पर सोशल मीडिया सेल द्वारा तत्काल आरोपी के इन्स्टाग्राम अकाउन्ट की संबंधित से जांच कराई। जिससे मिली सूचना के आधार पर थाना अजीमनगर पुलिस द्वारा रुपेन्द्र पुत्र मिन्द्रपाल निवासी ग्राम परचई थाना अजीमनगर को गिरफ्तार किया गया।

### श्मशान में मांस के टुकड़े देख लोगों में आक्रोश

**ढकिया, अमृत विचार :** पस्तोर गांव के श्मशान में शनिवार शाम को महिला का शव लेकर अंतिम संस्कार को पहुंचे हिंदू समुदाय के लोगों ने मांस के टुकड़े देखे तो वे आक्रोशित हो गए। उन्होंने फोन कर पुलिस को मौके पर बुलाया। मांस के टुकड़े श्मशान में मिलने के लिए गांव के प्रधान को दोषी ठहराते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने श्मशान के परिसर में पड़े मांस के टुकड़ों को हटवाकर गांव के प्रधान के पुत्र को हिरासत में ले लिया। जिसके बाद हिंदू समुदाय के लोगों को समझाकर शव का अंतिम संस्कार कराया। शाहबाद कोतवाली प्रभारी पंकज पंत का कहना है कि श्मशान के रास्ते में पशुओं का ओज पड़ा था। जिसे हटवाकर महिला का अंतिम संस्कार करा दिया गया है।

### डंपर चालक का पुलिस ने किया चालान

**मसवासी, अमृत विचार :** पुलिस ने नो एंट्री जोन में प्रवेश कर रहे रेत से भरे डंपर को पकड़ कर 20 हजार रुपये के चालान कार्रवाई की है। पुनित कुमार सिंह रविवार को नो एंट्री जोन में वाहनों की चेकिंग में लगे हुए थे। इसी दौरान पट्टी कलां दिशा की ओर से आ रहे डंपर को पुलिस ने रोकने का इशारा किया लेकिन, चालक ने डंपर भगाने की कोशिश की। जिसको लेकर पुलिस ने खुशहालपुर के तिराहे के पास डंपर को रोक लिया। नो एंट्री जोन में प्रवेश करने पर 20 हजार रुपये की कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि नो एंट्री जोन में वाहनों का किसी भी कीमत पर प्रवेश नहीं करने दिए जाएगा।

### आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इंस्टाग्राम आईडी से आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अनस पुत्र मंसूर अली निवासी मोहल्ला मोती मस्जिद कस्बा दढ़ियाल जटपुरा के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद किया। उसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर दी है।

# रंजिशन मेडिकल स्टोर में लगाई आग

## पीड़ित ने थाने में दी तहरीर, पूर्व कर्मचारी पर आग लगाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रंजिश के चलते मेडिकल स्टोर में आग लगा दी गई। मेडिकल स्वामी को लगभग 19 लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। आग लगने की जानकारी होने पर कई लोग मौके पर दौड़ पड़े। उसके बाद किसी तरह से आग पर काबू पाया। इस मामले में पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

टांडा थाना क्षेत्र के गांव बिचपुरी निवासी जुनैद का लालपुर चौराहे पर मेडिकल स्टोर है, जोकि रॉयल मेडिकल के नाम से है। मेडिकल स्टोर पर कई वर्ष से रेहान नाम का युवक बैठा करता था। चोरी के आरोप में उसको हटा दिया था। उसी के बाद से आरोपी रंजिश मानने लगा था। पीड़ित का कहना है कि 7 जून की रात को आरोपी ने मौका पाकर मेडिकल स्टोर में आग लगा दी। आग की लपटें उठती देखकर आसपास के लोग आ गए। उसके बाद आग को बुझाना शुरू कर दिया। आग बुझाने तक मेडिकल स्टोर में रखा 19 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दुकान में आग लगने की जानकारी पर पुलिस भी आ गई। जहां पीड़ित ने सारा मामला पुलिस को बताया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए, तो उसमें रेहान नाम का युवक दिखाई दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।



आग के बाद जला पड़ा सामान। ● अमृत विचार

### मौके पर मची चीखपुकार

7 जून को लोग बकरीद मना रहे थे लेकिन, अचानक मेडिकल स्टोर से आग की लपटें उठती देखकर लोग एकत्र हो गए। आग को बुझाना शुरू कर दिया। बाद में जानकारी मिलने के बाद मेडिकल स्टोर का स्वामी भी मौके पर आ गया। जहां आग को देखकर उसके होश उड़ गए थे। उसने आग बुझने के बाद मेडिकल स्टोर को खोला, तो सारा सामान जलकर राख हो चुका था।



मेडिकल स्टोर से उठती आग की लपटें।

### रंजिश में दो भाइयों को पीटकर किया घायल

**टांडा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला मरघटी में 5 लोगों ने 2 सगे भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला मरघटी निवासी दिनेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 6 जून को मोहल्ले के धर्मेन्द्र, विशाल, टीटू, बाल किशन ने उसके साथ मारपीट की थी। जिस पर स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव करा दिया था। शनिवार को जब दिनेश का भाई पंकज उर्फ पिंटू घर से बाहर निकला तो धर्मेन्द्र, विशाल, टीटू, बाल किशन और हरिओम ने उस पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। आरोपियों ने घर घुसकर भी बुरी तरह मारपीट की। हमले में पंकज के सिर में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। परिवार का आरोप है कि आरोपियों ने उनके घर में घुसकर हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## हाईकोर्ट का पुराना आदेश दिखा रहे प्रभावित दुकानदार

- नगर पालिका के दुकानदारों की ईओ सुनने को तैयार नहीं
- सिविल लाइन की दुकानों पर जल्द चलेगा बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सिविल लाइन के कुछ दुकानदार 1992 का हाईकोर्ट का आदेश दिखा रहे हैं लेकिन, ईओ नगर पालिका कुछ सुनने को तैयार नहीं हैं। इन दुकानदारों को अब रोजी-रोटी का संकट सता रहा है कि दुकानें ध्वस्त हो जाने के बाद आखिरकार यह लोग कहां जाएंगे। दुकानदारों का कहना है कि हमारी कहीं पर भी सुनवाई नहीं हो रही है।

जिले भर में तेजी के साथ सौदर्यीकरण का काम चल रहा है। जिसमें जिलाधिकारी के आदेश के बाद नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा सौंदर्यीकरण कराने के नाम पर तेजी के साथ अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। पूरे जिले में अवैध रूप से बनी दुकानों पर बुलडोजर चल रहे हैं, और इससे लोगों की रोजी रोटी छिन रही है। पिछले दिनों मीना बाजार के सामने बनी करीब 70 दुकानों पर बुलडोजर चल गया था। इसके अतिरिक्त रोडवेज और शिवि टॉकीज के सामने भी दुकानों पर बुलडोजर चल गया था। उसके बाद हाईवे पर बनी दुकानों पर लाल निशान लग जाने के बाद उन पर भी बुलडोजर चलना था, लेकिन विधायक से मिलने के बाद उनको राहत मिल गई थी। लेकिन अब सिविल लाइन थाने के सामने बनी दुकानों पर बुलडोजर चल सकता है, पिछले दिनों अधिशासी अधिकारी ने दुकानों पर निशान लगा दिए थे। नगर पालिका के आदेश से प्रभावित दुकानदार अब हाईकोर्ट का पुराना आदेश दिखाने के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन उनका कहना है कि कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही।

### युवक पर रुपयों के विवाद में चाकू से हमला

**रामपुर, अमृत विचार :** उधार के रुपये मांगने पर आरोपी युवक ने साथियों के साथ मिलकर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद समेत कुछ अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के राधा रोड निवासी राजेश का कहना है कि 14 मई की रात को वह अपने मित्र राकेश के साथ बाजार से सामान खरीदकर मालगोदाम तिराहे से होता हुआ अपने घर को स्कूटी से जा रहा था, तभी राहुल और उसके साथियों ने उसको रास्ते में रोककर चाकू से हमला कर दिया। जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। उसके बाद आरोपी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करके आरोपी को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। उसने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। जिसके बाद सिविल लाइन पुलिस ने एक नामजद सहित 3 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## 5 लोगों को मृत दिखा बैंक के एजेंट ने लाखों रुपये हड़पे

- मामले में 4 आरोपियों पर पुलिस ने दर्ज की है रिपोर्ट
- बैंक की जांच में बीमे के फर्जीवाड़े का हुआ खुलासा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में निजी एजेंट ने कुछ लोगों के साथ 5 लोगों के फर्जी दस्तावेज लगाकर जीवन बीमा के लाखों रुपये हड़प लिए। जांच में मामला सही पाए जाने पर बैंक प्रबंधक ने एजेंट सहित 4 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सैफनी के खरसौल में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा है। जिसमें वर्तमान में प्रबंधक परवेज अदीब हैं। उनका कहना है कि शाखा के पूर्व एजेंट नितिन कुमार गुप्ता द्वारा वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के 8 भुगतान दावों का निस्तारण कराया गया था। बैंक की जांच में पाया कि 8 दावों में से 5 दावों के मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य प्रपत्र फर्जी हैं। जिसकी सूचना शीघ्र संबंधित बैंक अधिकारियों को दी गई थी। जांच के बाद प्रकाश में आया कि आरोपी ने रुपयों के लालच में पूर्व शाखा प्रबंधक की बिना अनुमति के आर्थिक लालच में बीमा दावे पोर्टल पर भुगतान के लिए अपलोड कर दिए। इस योजना में खाता धारकों के नामित व्यक्तियों वीरपाल, जाहिद, सागरमल व स्वयं के खातों में सरकारी सहायता धनराशि का भुगतान प्राप्त कर आपस में बांट लिया। इस तरह आरोपी ने अन्य लोगों के साथ मिलकर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर सरकारी धन का दुरुपयोग एवं आर्थिक अपराध किया। इसके बाद तहरीर के आधार पर सैफनी पुलिस ने आरोपी बैंक के पूर्व एजेंट नितिन कुमार गुप्ता, वीरपाल, जाहिद व सागरमल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### आम ले जाने के विरोध पर बाग के नौकर को पीटा

**मसवासी, अमृत विचार :** मिलक-खौद के आम के बाग में मजदूरों ने बाग की रखवाली कर रहे नौकर की कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। मामले की तहरीर पुलिस को सौंपी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरपतनगर निवासी अय्यूब ने मिलक खौद में ठेके पर आम का बाग ले रखा है। गांव का मोहम्मद हनीफ बाग की रखवाली करता है। रविवार को बाग में आम की तुड़ाई चल रही थी। गांव के मजदूर आम तुड़ाई के बाद बाग मलिक की गैर मौजूदगी में आम तोड़कर घर ले जाने लगे, जिसका नौकर हनीफ ने विरोध किया। इस पर आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से पीट दिया और भाग गए। इसके बाद बाग ठेकेदार समेत कई ग्रामीण नौकर को उठाकर पुलिस चौकी ले गए। नामजद तहरीर पुलिस को सौंपकर कार्रवाई की मांग की। मारपीट करने करने वालों की तलाश में पुलिस ने दबिश दी है।

## न्यू लाइट की टीम ने 10 विकेट से जीता मैच

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** जफर इकबाल, मोहम्मद आलम, मंसूर अख्तर, मास्टर सगीर मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में ताज क्रिकेट क्लब व न्यू लाइट क्रिकेटर क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। न्यू लाइट क्रिकेट क्लब ने 10 विकेट से मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

नगर के मंसब अली स्पोर्ट स्टेडियम में खेले जा रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में न्यू लाइट क्लब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ताज क्लब ने निर्धारित 16 ओवर में 204 रन एक खिलाड़ी आउट होने के बाद बनाए। जिसमें बल्लेबाज विकास कोहली ने 11 चौके और 6 छक्कों की मदद से नाबाद 105 रन बनाकर शतक लगाया। जावेद मुन्ना 31 रन, अमित रावत ने 30 रन बनाए। अतिरिक्त रन 38 रन मिले। न्यू लाइट क्लब के गेंदबाज गोल्डी शर्मा ने ही एक मात्र विकेट लिया। 205 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यू लाइट क्लब ने 14 ओवर में ही 205 रन बनाए, बिना कोई खिलाड़ी आउट हुए। बल्लेबाज आर्यन चौधरी ने नाबाद 17 चौके और 4 छक्कों से 118 रन और जावेद लालू ने नाबाद 65 रन बनाए। कुल अतिरिक्त 22 रन रहे। आज के मैच में दो शतक लगे। ताज क्लब की तरफ से कोई भी गेंदबाज विकेट प्राप्त नहीं कर पाया। ताज क्लब की खराब फील्डिंग रही और 3 कैच छोड़े। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार न्यू लाइट क्लब के आर्यन चौधरी को खान फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी कारी रिजवान ने दिया। कमेंट्रेटर मोहम्मद सईद सागर, मोहम्मद इरफान, जहीर जिया और अब्दुल रज्जाक रहे। स्कोरर सरफराज एवं ऑनलाइन स्कोरर मौलाना जुनैद व आकिब गुल रहे। अंपायरिंग अब्दुल और अब्दुर्रहमान ने की। इस अवसर पर टूर्नामेंट कमेटी संयोजक हाजी सरफराज, अध्यक्ष हाजी जुल्फिकार, हाजी मुबीन, अलकमा अमान, गुड्डू रहमान, शादाब कुरैशी, इफ्तिखार शेखू, सगीर माया, निजाम फरीदी, हाजी फुरकान, मोहम्मद इरफान, कारी रिजवान, महफूज मुन्ना, मकसूद नन्ना उपस्थित रहे।



ट्रॉफी के साथ मौजूद विजयी टीम के खिलाड़ी व साथ में अतिथि। ● अमृत विचार

# विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को करेगी बेनकाब : सगीर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कांग्रेस के जिला कोऑर्डिनेटर सगीर सईद खां ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में जनता भाजपा का चेहरा बेनकाब करेगी। भाजपा की जन विरोधी नीतियों से जनता त्रस्त हो चुकी है। बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों ने जनता के दिलों में भाजपा के लिए नफरत पैदा कर दी है। भाजपा ने सिर्फ जनता का वोट हासिल कर जनता के साथ धोखा किया है।

सैदनगर के ग्राम काशीपुर में युवा कांग्रेस की रविवार को बैठक हुई। जिसमें कांग्रेस संगठन सृजन अभियान में युवाओं को पार्टी से जोड़ने की रणनीति पर चर्चा हुई। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आरिफ अल्वी ने कहा कि युवा इस देश की राजनीति को बदलेगा, युवा ही एक ऐसी शक्ति है जो देश में बदलाव ला सकता है इस मौके पर पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां, मनी कपूर, मोहम्मद फाजिल, शफीक अहमद, शानिब अली, टेकचंद यादव, मेराज, मोहम्मद यामीन, रूप नारयण, पुष्कर राज, कमल सिंह, सईद अहमद, नईम मोहम्मद, रेहान अली, सुभान शेख, आसिम शेख, कासिम अली, नवेद पधान, मोहम्मद एहसान, सोमनाथ, गगन कुमार, प्रदीप कुमार, छोटे अली रहे।



ग्राम काशीपुर में बैठक के बाद मौजूद कांग्रेस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार



कांग्रेस की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

### जिले में जमीनी स्तर पर मजबूत करनी होगी कांग्रेस की पकड़

**रामपुर, अमृत विचार :** कांग्रेस के जिला समन्वयक सगीर सईद खां ने कहा कि संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य केवल पदों की घोषणा नहीं बल्कि, कार्यकर्ताओं को सम्मान देना है। हमें जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ मजबूत करनी है, तभी आगामी चुनावों में हम जनता के मुद्दों के साथ मजबूती से खड़े हो सकेंगे। स्वार रोड स्थित मोरी गेट स्थित साहिर रजा खां के आवास पर रविवार को कांग्रेस सृजन अभियान के तहत बैठक हुई। बैठक में शहर समन्वयक उत्तम सिंह ने कहा कि शहर इकाई का पुनर्गठन करते समय पारदर्शिता बरती है। एआईसीसी सदस्य मुतिउर रहमान बबलू ने कहा कि कांग्रेस एक विचार है, और यह विचार संगठन के माध्यम से ही जन-जन तक पहुंचेगा। शहर अध्यक्ष बाकर अली खां उर्फ हारून खां ने कहा कि नए संगठन में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व मिलेगा। बैठक में शारिब अली खां, जमील मियां, चितरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, ताहिर अंजुम, शकील मंसूरी, फरीद खां, बिलाल यासीन, राजेश कुमार, आशुतोष कुमार आदि ने विचार व्यक्त किए। संचालन उमेश दुबे ने किया।

### परिजन सोते रहे, चोर ले गए लाखों का सामान

**रामपुर, अमृत विचार :** परिजन सोते रहे गए चोर लाखों का सामान समेट कर ले गए। दिन निकलने पर परिवार को चोरी की जानकारी हुई, तो परिजनों के होश उड़ गए। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव मिलक बहादुरगंज निवासी मुराद पेशे से फर्नीचर कारोबारी हैं। वह शनिवार रात को गर्मी अधिक होने के कारण बरामदे में सो रहे थे। रात में किसी समय चोर मौका पाकर घर के अंदर घुस गए और बक्से को खोलकर उसमें रखे जेवर लेकर फरार हो गए। रविवार सुबह जब दंपती कमरे में गए, तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। कमरे से कीमती सामान गायब था। सूचना मिलने के बाद आसपास के लोग आ गए। उसके बाद पुलिस आ गई। मौका मुआयना करने के बाद चली गई।

## सार संक्षेप



### क्रिकेटर की सगाई में हुए शामिल सपा सांसद

**रामपुर, अमृत विचार :** क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की सगाई लखनऊ के होटल सेंट्रम में हुई। जिसमें सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी भी शामिल हुए। इस मौके पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व अन्य कई सांसद भी सगाई में मौजूद रहे। यह जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा ने दी।



### हिंदू साम्राज्य दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**रामपुर, अमृत विचार :** बाबा दीप सिंह नगर में ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की त्रियोदशी को गुरु नानक बस्ती की प्रभात शाखा पर हिंदू साम्राज्य दिवस पर कार्यक्रम हुआ। जिसमें नगर संघ चालक मान भीम सिंह हिंदू साम्राज्य दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य रूप से कार्यक्रम में नगर कार्यवाह सुचित, सोमपाल, सह बौद्धिक प्रमुख प्रदीप कुमार, बस्ती प्रमुख संदीप, सह बस्ती प्रमुख ओम कुमार, शाखा कार्यवाह प्रमोद कुमार, शाखा मुख्य शिक्षक राजेश अन्य स्वयंसेवक में उमेश यादव, देव, अनमोल, आशीष,विनय, पवन और नगरसह व्यवस्था प्रमुख पंकज रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण हुआ।



### भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**रामपुर, अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू जाटव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके कार्यालय में लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। उसके बाद जिले की समस्या मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। उन्होंने मुख्यमंत्री को तहसील मिलक में दुकानें हटाने की कार्रवाई के बारे में बताया कि पुरानी वैध दुकानों में विगत 40 वर्ष से लोग व्यवसाय कर रहें हैं। दुकानें नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा किराये पर दी गई हैं। जिनका किराया व्यापारी नियमित रूप से जमा कर रहें हैं। व्यापारियों को सूचित किया कि दुकानों को सड़क चौड़ीकरण अभियान के तहत हटाया जा रहा है। इसके अलावा डॉ. भीमराव आंबेडकर छात्रावास का भवन जर्जर हो चुका है। छात्रावास के भवन पुन: निर्माण कराया जाना आवश्यक है। जिससे निर्धन, गरीब छात्र उसमें रहकर पढ़ सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वासन देते हुए कहा कि चिंता नहीं करें मैं इन विषयों को संज्ञान में लूंगा। आप लोगों की समस्या का निस्तारण करने का प्रयास करूंगा।



### रामपुर के खिलाड़ियों ने सहारनपुर में जीते पदक

**रामपुर, अमृत विचार :** सहारनपुर के आंबेडकर स्टेडियम में तीन दिवसीय राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता हुई, जिसमें 500 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिले से वैष्णो मार्शल आर्ट फाइट क्लब के खिलाड़ियों ने भी इसमें प्रतिभाग किया था। इसमें ध्रुव कुमार सैनी को गोल्ड मेडल, विनय कुमार को गोल्ड मेडल, साफिया सलीम को गोल्ड मेडल मिला। जबकि शुभ वर्मा को सिल्वर, रोहिनी राजपूत को गोल्ड, जितेंद्र कुमार को गोल्ड, अरुण कुमार लोधी को गोल्ड मेडल मिला। वैभव को सिल्वर, तेजवीर लोधी सिल्वर, कुलदीप को सिल्वर, गर्भ खत्री को ब्राउंज मेडल मिला। कोच प्रेम सिंह लोधी ने सभी को जीत की बधाई दी।

### मनोज कुमार शर्मा बने तहसील अध्यक्ष

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलक के ग्राम रहसैना में हिन्दू युवा वाहिनी द्वारा सदस्यता अभियान चौपाल के माध्यम से चलाया। अभियान में पुरुषोत्तम शर्मा को जिला मंत्री नियुक्त किया। सरजीत सिंह को जिला महामंत्री जबकि, मनोज कुमार शर्मा को तहसील अध्यक्ष बनाया। अरुण कुमार शर्मा तहसील महामंत्री मिलक, लालमन सैनी विधानसभा मंत्री मिलक बनाए गए हैं। वीरेंद्र पाल गंगवार तहसील उपाध्यक्ष मिलक बनाए गए। इंद्रपाल सिंह राठौड़ को विधानसभा सदस्य बनाया। राजेश सैनी विधानसभा सदस्य, वीर सिंह उर्फ पप्पू विधानसभा सदस्य, राजू प्रजापति विधानसभा सदस्य बनाया गया। सभी को हिंदू युवा वाहिनी की तरफ से सदस्यता दिलाई गई। सदस्यता अभियान में उपस्थित जिला अध्यक्ष सुमेश गुप्ता, विजयपाल सिंह, राम सिंह दिवाकर, सुधांशु गुप्ता, आशीष सिंह, कपिल सैनी, मनोज नाथ, कपिल फूल माली, महेंद्र सिंह सैनी, मयंक शर्मा, सुमित सागर रहे।



### राजनयिकों ने देखी जरी-जरदोजी की कारीगरी

**रामपुर, अमृत विचार :** जरी-जरदोजी की कारीगरी देखकर तीन देशों की राजनयिक हैरान रह गईं। भारत में लक्जमबर्ग की राजदूत पैगी फ्रांत्जेन, चेक गणराज्य की राजदूत एलिस्का जिगोवा और रिपब्लिक ऑफ एस्टोनिया की राजदूत मार्जे लूप ने जरी जरदोजी तैयार किए जाने की प्रक्रिया का जायजा लिया। इसके लिए तीनों राजनयिक रविवार को बिलासपुर गेट स्थित शन्नू खान के कारखाने पहुंचीं और इस कार्य के हुनरमंदों से मुलाकात की। पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के आमंत्रण पर रामपुर आईं तीन देशों की राजनयिक रविवार को स्थानीय जरी जरदोजी कारीगरों और अबाया निर्यातक से रूबरू हुईं। राजनयिकों ने हुनरमंदों की प्रशंसा की और अपने देशों में भी रामपुरी हुनर के प्रमोशन की बात कही। इससे पहले राजनयिकों ने रजा लाइब्रेरी का दौरा किया। उन्होंने हामिद मंजिल की भव्यता को सराहा और पूर्व सांसद बेगम नूरबानो को दहेज में मिले लोहारु कलेक्शन को भी देखा। हालांकि, राजनयिक लाइब्रेरी का मूल संग्रह नहीं देख सकीं।

## एक नजर

### बाइकों की टक्कर में दंपती सहित 4 घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव लखौरी भारतल निवासी मनीष रविवार को पत्नी स्वाति को लेकर जुनावई थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानगढ़ में रिश्तेदारी में बाइक से जा रहा था। हयातनगर थाना के पास सामने से आई दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। दूसरी बाइक पर दो लोग सवार थे। बाइकों की टक्कर में मनीष, स्वाति सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

### दो भाइयों को मारपीट कर किया घायल

**संभल/रजपुरा,अमृत विचार :** कस्बा रजपुरा निवासी मुकीम और नबी जान ने पुलिस को तहरीर दी कि जैतोरा सागरपुर मार्ग पर एक मकान में सैक्स रैकेट चल रहा है। उन्होंने विरोध की शिकायत की तो आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट की। महिलाओं के साथ भी मारपीट की। बीच बचाव करने के लिए लोग पहुंचे तो उनसे भी मारपीट की गई। दोनों घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी पक्ष के दो लोगों को हिरासत में ले लिया।

# 1947 से सरेंडर करती आ रही कांग्रेस: इंद्रेश कुमार

## संभल के ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम में शिलादान करने पहुंचे आरएसएस नेता ने कांग्रेस पर कसे तंज

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** संभल के गांव ऐंचौड़ा कम्बोह स्थित श्रीकल्कि धाम पहुंचे आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं भारतीय सद्भावना मंच संरक्षक इंद्रेश कुमार ने आपरेशन सिंदूर को लेकर कांग्रेस के बयानों पर कहा कि कांग्रेस और उनके नेता 1947 से आज तक सरेंडर-सरेंडर करते रहे। देश में उनके नाम से इतनी थू-थू है कि उनको लगता है हम भी थूक दें, लेकिन जब कोई आकाश की तरफ मुंह करके थूकेगा तो थूक उसके मुंह पर गिरेगा।

कल्कि धाम में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इन्द्रेश कुमार ने कहा कि कवाइली हमले में भारत पर आतंकी हमला हुआ। अगर उस समय भारत के प्रधानमंत्री और सरकार यूएनओ में सरेंडर नहीं करती तो पीओके नहीं बनता। उसके बाद हिंदी-चीनी भाई-भाई की आड़ में चीन के सामने नेताओं ने सरेंडर किया। कैलाश मानसरोवर हमसे पराया हो गया। 1971 में पाकिस्तान टूट रहा था, पूर्वी पाकिस्तान बांग्लादेश में बदला, परंतु फिर भारतीय सरकार ने विदेशी ताकतों के साथ सामने सरेंडर किया और पीओके छोड़ दिया। जो बांग्लादेश बना उसमें अल्पसंख्यकों के ऊपर पाकिस्तान से भी अधिक अत्याचार होने लगे। उन्होंने 2 करोड़ घुसपैठिये देकर 2 करोड़ भारतीयों के रोजगार छीन लिए। उन्होंने मोहन भागवत के बयान पर कहा कि 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की एक नई लौ जली थी। भारतीय अस्मिता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लड़ा गया एक लंबा इतिहास है। 90 वर्ष में 3 लाख 27 हजार लोगों ने अपना महत्वपूर्ण बलिदान दिया है। दुःखद इतिहास यह भी है कि लोगों को भरोसा था कि अखंड भारत और आजादी मिलेगी। सत्ता में बैठे कांग्रेस के लोग अंग्रेजों के षड्यंत्र का शिकार होकर झुक गए और दुर्भाग्य से भारत का विभाजन हो गया। पाकिस्तान बन गया, 2 करोड़ लोग उजड़े, 12 लाख से ज्यादा लाशें गिरीं। इतनी कीमत देकर वह विभाजन आजादी में बदला।


शिलादान अनुष्ठान में शामिल आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार। ● अमृत विचार

**भारत विश्व का नेतृत्व करेगा, पाकिस्तान बिखरेगा:** इंद्रेश कुमार ने कहा कि भारत इस मोड़ पर आ गया है कि वह विश्व पटल पर नेतृत्व करें, पाकिस्तान टूटकर बिखरेगा। बांग्लादेश संभल नहीं रहा। बात बड़ी विचित्र है लोग इस्लामी ब्रदरहुड का नारा लगाते हैं पर एक भी बांग्लादेशी को रोहिंग्या को एक भी मुस्लिम देश लेने के लिए तैयार नहीं है। इस्लामी ब्रदरहुडनेस केवल हिंसा, बंटवारे, झगड़े और लोगों की लाशें बिछाने के लिए है।

### कल्कि धाम में पूजन कर किया शिलादान

आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं भारतीय सद्भावना मंच संरक्षक इंद्रेश कुमार ने कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के साथ पूजा-अर्चना करने के बाद शिलादान कर परिक्रमा की। कहा कि युगों से यह बताया गया है अगला अवतार संभल में होने वाला है। 48 कोस से अधिक भूमि बताई है, जिसमें प्रभु आएंगे। कुछ समय पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां शिला पूजन किया था। संभल भारत के इतिहास का एक महत्वपूर्ण शहर है। अब यहां कट्टरता न हो। भाईचारे और सद्भाव के लिए प्रभु से प्रार्थना करेंगे।

### अखिलेश राजनीति के पिटे हुए मोहरे

अखिलेश यादव पर इंद्रेश कुमार ने कहा कि वह देश की राजनीति के पिटे हुए मोहरे हैं। सद्बुद्धि आ नहीं रही इसलिए गलत बोलते हैं, गलत रास्ते पर जाते हैं, गुमराह करते हैं। अपने-अपने परिवार संभाल ले वही ज्यादा अच्छा है, चाहे अखिलेश हो या फिर लालू हों।

# कंटेनर में लगी आग कार व सामान जला


कंटेनर में लगी आग बुझाते दमकलकर्मी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- ट्रांसफर के बाद आर्मी के सीओ का सामान देहरादून से तेलांगना जा रहा था

**अमृत विचारः** सामने सामान लेकर जा रहे कन्टेनर में आग लग गई। दमकल ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। कंटेनर में आर्मी के सीओ का सामान था। कंटेनर देहरादून से तेलांगना के सिकंदराबाद जा रहा था। इस दौराम अफरा-तफरी मच गई। काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। कार और काफी सामान जल गया।

कंटेनर चालक नफीस पुत्र शकील ने बताया कि वह आर्मी के सीओ का तबादला होने पर उनका सामान लेकर तेलांगना के सिकंदराबाद ले जा रहा था। कंटेनर में घरेलू सामान के साथ कार भी थी। दोपहर 3.30 बजे बदायूं रोड से गुजर रहा था। पीछे से आने वाली गाडियों के चालकों ने उसको कंटेनर से धुआं निकलने की जानकारी दी। कंटेनर रोक कर जब उसको खोलकर देखा तो उसमें आग लगी थी। दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया तब तक कंटेनर में रखा सामान जल चुका था। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आंकलन नहीं हो सका है, मगर नुकसान लाखों का बताया जा रहा है। घटना की जानकारी कंटेनर चालक द्वारा सीओ को दी गई।

# शादी की जिद पर अड़ी थी प्रेमिका, इसलिए दोस्तों के साथ मिलकर गला दबा दिया

कार्यालय संवाददाता,संभल/ बहजोई

- पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी प्रेमी को किया गिरफ्तार
- 3 जून को पेड़ पर लटका मिला था युवती का शव

**अमृत विचारः** फेसबुक की दोस्ती प्यार में बदली, प्रेमिका शादी की जिद पर अड़ गई। छुटकारा पाने के लिए प्रेमी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर गला दबाकर हत्या की थी। लाश को फंदे पर इस तरह लटकाया कि मामला आत्महत्या का लगे,लेकिन पुलिस ने मामले की तह तक पहुंचकर हत्यारे प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। उसके दो साथी अभी फरार हैं।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर एएसपी अनुकृति शर्मा ने बताया कि जुनावई के गांव मेडोली निवासी महिला ज्योति के पिता झाऊ सिंह ने 1 जून को बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 3 जून को गुन्नौर कोतवाली के गांव सेजना मुस्लिम के निकट एक खेत में एक ज्योति का शव शीशम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला था। 4 जून को ज्योति के पिता ने नीटू निवासी गांव गोबला लहरा सलेमपुर थाना दादू जनपद अलीगढ़ के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने नीटू को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो पूरे मामले का खुलासा हो गया। नीटू ने बताया कि 30 मई को ज्योति ने फोन कर उसे बुलाया। उसके साथ वह गुरुग्राम आ गई थी। वहां उसने दो दिन गुजारे और लगातार शादी की जिद करती रही। वह ज्योति से शादी नहीं करना चाहता था। ज्योति मुकदमा लिखवा कर जेल भेजने की धमकी दे रही थी। इसके बाद 2 जून को गांव के ही दोस्त रंजीत कुमार और संजीव कुमार को गुन्नौर के सेजना मुस्लिम के जंगल में बुला लिया और ज्योति की गला घोट कर हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया ताकि मामला आत्महत्या का लगे।


जानकारी देतीं एएसपी अनुकृति शर्मा व पुलिस गिरफ्त में प्रेमिका का हत्यारोपी नीटू।

### हत्या को आत्महत्या दिखाने को लटकाया शव

सीओ दीपक तिवारी ने बताया कि नीटू ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर हत्या को इस तरीके से करने की साजिश रची कि पुलिस को आत्महत्या लगे। उन्होंने पहले गला दबा कर हत्या की फिर ज्योति का शव फंदे से शीशम के पेड़ से लटका दिया था। पूछताछ की तो नीटू टूट गया और उसने पूरी कहानी पुलिस के सामने रख दी।

### फेसबुक पर दोस्ती के बाद चढ़ा प्यार परवान

एक साल पहले ज्योति की शादी रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव दीपपुर निवासी अंकित कुमार के साथ हुई थी। वह अपनी ससुराल में जाना नहीं चाहती थी। 8 महीने से अपने मायके में रह रही थी। वह फेसबुक व इंस्टाग्राम पर रील भी बनाती थी। उसकी दोस्ती फेसबुक के माध्यम से नीटू के साथ हो गई थी। दोनों का प्यार परवान चढ़ने लगा। नीटू शादी नहीं करना चाहता था। इसी को लेकर बात यहां तक पहुंच गई।

# मिट्टी से भरे डंपर से टूटा पोल घंटों गुल रही नगर की बिजली

**बहजोई,अमृत विचारः** मिट्टी से भरे डंपर की टक्कर से पोल टूट कर गिर गया। जिससे पूरे शहर की विद्युत आपूर्ति घंटों तक ठप हो गई। लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

गांव पुरा बिजली घर से बहजोई के उप विद्युत केंद्र पर सप्लाई आती है। बहजोई-चंदौसी मार्ग स्थित भरथरा चुंगी पर 33 हजार केवीए के विद्युत पोल में चंदौसी की ओर से आ रहे मिट्टी से भरे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे पोल टूट कर गिर गया। दोपहर 2 बजे से ही गई बिजली देर शाम तक सुचारू नहीं हो पाई। उधर विद्युत आपूर्ति सुचारू करने को लेकर अवर अभियंता रोहित कुमार वरुण के नेतृत्व में विद्युत कर्मचारी उसे ठीक करने में जुट गए। भीषण गर्मी में नागरिकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। जहां एक ओर कूलर, पंखे, एसी फ्रिज शो पीस बन गए तो वहीं नागरिक हाथों के पंखों से भीषण गर्मी से निजात पाते हुए नजर आए। जलापूर्ति भी प्रभावित हुई।

# प्रमुख चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल शहर में सुरक्षा एवं निगरानी की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम जारी है। रविवार को रोडवेज बस अड्डा के साथ-साथ प्रमुख चौराहों पर कैमरे लगाए दिए गए हैं।

24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के विरोध में हिंसा होने के बाद से शहर में सुरक्षा और निगरानी बढ़ाए जाने का फैसला लिया गया। 2.6 करोड़ रुपये की लागत से शहर के मुख्य मार्गों के साथ-साथ अन्य प्रमुख 60 स्थानों पर 224 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हैं। इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी साइबर लैंस सोल्यूशन फर्म को दी गई है। फर्म के हर्षित शर्मा की निगरानी में शुक्रवार को कैमरे लगाने का काम शुरू हुआ था। रविवार को कर्मचारियों ने प्रमुख चौराहों पर काम किया। रोडवेज बस अड्डा के साथ ही यशोदा चौराहा, शंकर कॉलेज चौराहा और अस्पताल चौराहा पर कैमरे लगा दिए गए। वहीं मंडी किशनदास सराय में भी काम जारी रहा।


सीसीटीवी कैमरे इंस्टाल करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- निगरानी और सुरक्षा के लिए 60 स्थानों पर हो रहा कैमरे लगाने का काम
- संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान 24 नवंबर की हिंसा के बाद प्रशासन सतर्क

# स्वास्थ्य मेले में 3114 रोगियों का किया उपचार

**संभल,अमृत विचार :** 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 5 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3114 मरीजों का उपचार हुआ।

37 डॉक्टरों और 137 पैरामेडिकल ने ड्यूटी की। 1224 पुरुषों, 1157 महिलाओं और 733 बच्चों का उपचार किया। बुखार के 205, चर्म रोग के 387, दमा के 336, मधुमेह रोग के 91, नेत्र रोग के 22, उच्च रक्तचाप के 95 मरीज रहे। 21 मरीजों की मलेरिया और 14 रोगियों की डेंगू की जांच की गई। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 147 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 255 आभा आईडी बनाए गए। आशाओं ने संचारी रोगों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया।

# महिला के गेंद लगने पर मारपीट, 7 घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/ कैला देवी

**अमृत विचार :** क्रिकेट खेलते समय महिला के गेंद लगने पर विवाद हो गया। जियादव और वाल्मीकि समाज के लोग भिड़ गए। दोनों पक्षों से सात लोग घायल हो गए। एएसपी उत्तरी, सीओ ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। पुलिस ने महिला की तहरीर पर दूसरे पक्ष के चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कैला देवी थाना क्षेत्र के निरयावली गांव में रविवार को सुबह कुछ किशोर क्रिकेट खेल रहे थे। इसी दौरान वाल्मीकि समाज की सुषमा और ममता शौच को जा रही थीं। गेंद सुषमा को लग गई। सुषमा ने घर पर जाकर परिजनों को जानकारी दी। महिला का पति सुभाष, देवर सूरज आदि ने क्रिकेट खेल रहे यादव बिरादरी के अखिलेश से मारपीट की तो उसके सिर में चोट लग गई। इसके बाद विवाद बढ़ गया। क्रिकेट खेल रहे युवक घर पहुंच गए और मारपीट की जिसमें सूरज ,सुभाष अजय, अमलेश, गीता तथा सुषमा घायल हो गए। गांव में जातीय संघर्ष होने से तनाव का माहौल बन गया। एएसपी उत्तरी राजेश कुमार श्रीवास्तव, सीओ और थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और स्थिति संभाली। मौके पर पुलिस और पीएसी बल तैनात कर दिया गया। पुलिस ने वाल्मीकि समाज की सुषमा की तहरीर पर राजकुमार, अखिलेश, लोकेश और शशि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


झगड़े के बारे में जानकारी लेते एएसपी राजेश श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

- वाल्मीकि और यादव बिरादरी के लोगों में हुई जमकर मारपीट
- महिला की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई

### पुलिस सुरक्षा में बरात रवानगी की मांग

पुलिस के सामने वाल्मीकि समाज के लोगों ने कहा कि अमलेश की बरात बहजोई थाना क्षेत्र के गांव चाटन जानी है। मांग की कि पुलिस सुरक्षा के बीच बारात निकलवाई जाए। थाना प्रभारी ने कहा कि वाल्मीकि समाज के युवक की बारात सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना कराई जाएगी।

# ढाई लाख की ज्वेलरी से भरा बैग पुलिस ने महिला को लौटाया

**बहजोई, अमृत विचारः** नजीबाबाद से अपने भाई के यहां आई महिला का ज्वेलरी से भरा बैग ई रिक्शा में ही रखा रह गया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से बैग बरामद कर महिला के हवाले कर दिया। बिजनौर के नजीबाबाद निवासी अंजू पत्नी सौरभ कुमार बस से अपने भाई ओम बाबू के घर आई थी। बस से उतरकर वह ई-रिक्शा से भाई के घर पहुंच गई। लेकिन ज्वेलरी से भरा बैग जिसमें ढाई लाख रुपए की ज्वेलरी, 4000 रुपए व एक मोबाइल फोन था ई रिक्शा में ही रह गया। अंजू ने बहजोई कोतवाली में सूचना दी तो कोतवाल हरीश कुमार के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले । सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर पुलिस ने महिला का ज्वेलरी से भरा बैग बरामद कर लिया और अंजू के सुपुर्द कर दिया। जैसे ही महिला का बैग मिला तो वह मारे खुशी के उछल पड़ी।

# तेज धूप में वृद्धा की हालत बिगड़ने के बाद मौत

संवाददाता, बबराला

- स्वास्थ्य विभाग ने नहीं की लू से मौत की पुष्टि, बेटे ने मां के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी और उमस जानलेवा साबित हो रही है। रविवार को एक वृद्धा बेसुध होकर गिर गई। अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने लू से मौत की पुष्टि नहीं की है। बेटा बिना पोस्टमार्टम कराए शव ले गया।

रविवार की दोपहर करीब एक बजे इंदिरा चौक पर जुनावई थाना क्षेत्र के गांव भौना नगला निवासी मोहरकली (80) पत्नी लाखन रविवार दोपहर करीब एक बजे इंदिरा चौक पर अचानक मूर्छित होकर गिर गईं। किसी ने पुलिस को सूचना दी तो एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। वृद्धा ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वृद्धा दो-तीन दिन से लावारिस हालत में घूम रही थीं। कहा जा रहा है कि वृद्धा की मौत हीटवेव से हुई है। बहरहाल वृद्धा के बेटे विजय सिंह ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया । थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने कहा कि प्रथम दृष्टया वृद्धा की मौत हार्ट अटैक से लग रही है। सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. विनय गंगवार ने बताया कि मैदानी इलाकों में 40 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक तापमान होता है तो गर्म हवा चलने लगती है। इसी को लू या हीटवेव कहते हैं। वृद्धा की मौत का कारण बगैर पोस्टमार्टम के बता पाना संभव नहीं है।

## सार संक्षेप

### समर कैंप में योग से निरोगी रहने के दिए टिप्स

**बहजोई, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन में समर कैंप के 19 वें दिन सबसे पहले विद्यार्थियों को योग का अभ्यास कराया गया। राजीव सिंह राणा द्वारा योग व व्यायाम कराया गया। इसके बाद शिक्षक गोपाल बाबू वार्ष्णेय ने बताया कि पहली गतिविधि त्राटक क्रिया योग अभ्यास है। जिसमें एकाग्रता और ध्यान बढ़ाने के लिए किसी निश्चित बिंदु या वस्तु पर टकटकी लगाकर अथवा बिना पलक झपकाए ध्यान केंद्रित किया जाता है। दूसरी गतिविधि लाफिंग एक्सरसाइज है। इसमें विद्यार्थियों को ठहाके लगाकर हंसाते हैं। इस क्रिया से मनोरंजन भी होता है और तनाव भी दूर होता है। तीसरी गतिविधि क्लेपिंग एक्सरसाइज में विद्यार्थियों को अपने दोनों हाथों की हथेली को आपस में धीरे से तेज व तेज से धीरे की ओर ताली बजाते हैं। इस दौरान प्रधानाचार्य सीपी .सिंह, राकेश कुमार ,कनिका व राजीव सिंह राणा ने सहयोग किया।

### अक्रूरजी के नाम से पार्क, चौराहा व द्वार बनाने की मांग



**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री वार्ष्णेय जनकल्याण संगठन के पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को संबोधित ज्ञापन पालिकाध्यक्ष के पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी को सौंपा। कहा कि नगर में श्री अक्रूरजी महाराज पार्क बनाया जाए। जहां नागरिकों को योग, ध्यान, विश्राम व सामाजिक मेल-जोल का अवसर प्राप्त हो। चौराहा व किसी प्रमुख मार्ग का नामकरण श्री अक्रूरजी के नाम पर हो। एक भव्य द्वार का निर्माण भी किया जाए। यह निर्माण कार्य न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि यह नगर के सौंदर्यीकरण, सांस्कृतिक समृद्धि और पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। ज्ञापन देने वालों में दिव्यांशु नारायण, प्रियंका चौधरी, गिरिराज किशोर, अमित केएस वार्ष्णेय, गोपाल वार्ष्णेय, मनोज कुमार, प्रवीन वार्ष्णेय, राजन वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### एचटी लाइन से सरिया टकराने पर करंट से मौत

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में अपने तहरे भाई यहां मकान निर्माण का काम करते वक्त लिंटर के लिए बिछाया जा रहा सरिया हाईटेंशन लाइन से छू जाने की वजह से युवक करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। गांव ऐचोड़ा कंबोह निवासी बसंत सैनी का बेटा 40 वर्षीय कन्हैया राज मजदूरी का काम करता था। रविवार को वह अपने तहरे भाई राजू के यहां काम कर रहा था। लिंटर डालने के लिए छत पर सरिया बिछाया जा रहा था। कन्हैया ने सरिया उठाया तो सरिया ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टच हो गया। कन्हैया करंट के तेज झटके से छत से नीचे गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। जिंदगी की आस में परिजन बसंत को सैदनगली निजी डाक्टर के पास लेकर गये। डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। ग्राम प्रधान पति लवकुश शर्मा सहित गांव के तमाम लोग पहुंचे। ।परिजनों का बुरा हाल है।





### अतिक्रमण हटाने के बाद शक्तिनगर की सड़क दिखी चौड़ी

**चन्दौसी,अमृत विचार :** शक्ति नगर में अतिक्रमण हटाने के बाद नगर पालिका की ओर से नाला निर्माण का कार्य चल रहा है। अतिक्रमण हटने के बाद सड़क अपने पूर्ण स्वरूप में लौट आई है। शक्ति नगर में नगर पालिका की भूमि पर लोगों ने स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण कर लिया है। जिससे सड़क संकरी होने पर जाम की समस्या बनी रहती है। कुछ दिन पहले नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाकर नाला निर्माण का कार्य आरंभ कर दिया। अब सड़क 18 फुट, कहीं-कहीं इसके अधिक चौड़ी हो गई है। नाला निर्माण का कार्य तेज गति से चल रहा है। इसके उपरांत सड़क का निर्माण कार्य आरंभ कराया जाएगा।



### सुंदरकांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से सीएचसी परिसर स्थित महामृत्युंजय मंदिर में संगीतमय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। डॉ. वाईपी जोशी ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। केजी शर्मा, राजेश शंखधार, मुकेश आचार्य, रमेश ग्रेवाल, जेएन मिश्रा, योगेंद्र कुमार शर्मा, आलोक दुबे, राजीव शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंतना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। राजू शर्मा ने श्रीराम जानकी बैठे हैं, मेरे सीने में, सीमा चटर्जी ने मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कल्पना वार्ष्णेय, राकेश चौबे, सुरेश चंद्र शर्मा, पीएन शर्मा, प्रवीण मोहन, गंगाराम शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा आदि मौजूद रहे।



### कब्रिस्तान से मुक्त कराई भूमि पर बनेगी सड़क व फुटपाथ

**चन्दौसी,अमृत विचार :** प्रशासन द्वारा 4 दिन पहले कब्रिस्तान से कब्जा मुक्त कराई जमीन का रविवार को एसडीएम विनय मिश्रा व एसडीओ विद्युत विभाग अजय कुमार चौरसिया ने निरीक्षण किया। एसडीएम ने विद्युत विभाग को सड़क बनने में अवरोध उत्पन्न कर रहे पोलों को हटाकर दूसरे स्थान पर लगाने की बात कही। विद्युत पोलों के शिफ्ट होने के बाद कब्जा मुक्त कराई गई भूमि पर फुटपाथ व सड़क का निर्माण कराया जाएगा। ताकि सड़क का चौड़ीकरण किया जा सके और लोगों को रोज-रोज लगने वाले जाम की समस्या से छुटकारा मिल सके। उन्होंने बताया कि सड़क चौड़ीकरण होने पर रेलवे द्वारा रेलवे फाटक का केबिन हटाकर दूसरे स्थान पर बनाया जाएगा।



### गांव फरीदपुर में कई ग्रामीण भाजपा से जुड़े

**बबराला , अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी मंडल की ओर से गांव फरीदपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकारों की नीति और जनोन्मुखी विकास योजनाओं की जानकारी दी गई। मंडल अध्यक्ष योगेंद्र यादव ने बताया कि बीजेपी सरकार सबका साथ सबका विकास को लेकर आगे बढ़ रही है। चौपाल में तीन दर्जन से अधिक लोगों ने भाजपा के साथ जुड़ने का संकल्प लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आस्था जताई। ग्राम प्रधान के ससुर राकेश यादव रावण ने कहा कि हम सुधरेंगे तो युग सुधरेगा, हमें अच्छे नेता की जरूरत है। बीजेपी सरकार में दबंगों पर अंकुश लगाया गया है। बगैर भेदभाव विकास हो रहा है। अरुण यादव, कालीचरण, जयपाल यादव, रामखिलाडी यादव, अतुल यादव उर्फ राजू यादव, वरूण यादव, गुमानी यादव समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

मूर्खा : यत्र न पूज्यन्ते धान्यं यत्र सुसंचितम् ।
दाम्पत्यो : कलहो नास्ति तत्र श्री स्वयमागता ॥

जहां मूर्खों का सम्मान नहीं होता, अन्न का भण्डार भरा रहता है और पति-पत्नी में कलह नहीं हो, वहां लक्ष्मी स्वयं आती है ।

## संपादकीय

# बढ़ता वैश्विक प्रभाव

जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को न्योता मिलना भारत की कूटनीतिक ताकत की पुष्टि करता है। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा में 15 जून से होने वाले जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। वे 2019 से लगातार इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। कुछ दिन पहले भारत को इस सम्मेलन का न्यौता न मिलने पर विपक्षी दल ने इसे मुद्दा बनाया था। महत्वपूर्ण है कि कनाडा जानता है कि भारत को नजरअंदाज करना संभव नहीं है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आर्थिक और वैश्विक कारणों का हवाला देते हुए भारत को सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ जो माहौल बना है, उस वजह से इस बार का जी-7 शिखर सम्मेलन भारत के लिए और भी महत्वपूर्ण हो गया है। ग्लोबल साउथ में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की आवाज सुनी जाती है। जी-7 विश्व की सर्वाधिक विकसित तथा उन्नत अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है, इस समूह में फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूनाइटेड किंगडम, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं कनाडा शामिल हैं। भारत इसका सदस्य नहीं है, लेकिन इस सम्मेलन में बतौर अतिथि देश आमंत्रित किया गया है। आमतौर पर जिस देश के पास जी-7 की अध्यक्षता होती है, वही किसी बाहरी देश को न्योता देता है। जी-7 सम्मेलन हर साल वैश्विक स्थिरता, आर्थिक विकास, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल ट्रांजिशन और वैश्विक सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए होता है। समूह की सिफारिशें वैश्विक नीतियों को प्रभावित करती हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के समय में खालिस्तानी आंदोलन को मिल रहे सरकारी संरक्षण से दोनों देशों के संबंधों में कटुता आ गई थी। परंतु तनावों के बावजूद, भारत और कनाडा के बीच मजबूत आर्थिक और आम लोगों के संबंध बने रहे हैं। कनाडा में लगभग 18 लाख भारतीय मूल के लोग और 10 लाख अप्रवासी भारतीय रहते हैं। यह कनाडा की आबादी का तीन प्रतिशत से अधिक है। लगभग 4,27,000 भारतीय छात्र वर्तमान में कनाडा के संस्थानों में पढ़ रहे हैं। साफ है कि भारत के वैश्विक स्तर पर बढ़ते प्रभाव की वजह से कनाडा की नई सरकार एक बार फिर नई शुरुआत करना चाहती है। भारत की सक्रिय कूटनीति और कनाडा की रणनीतिक दूरदर्शिता के बीच तालमेल एक सुरक्षित और निष्पक्ष वैश्विक व्यवस्था को आकार देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। स्पष्ट है कि भारत और कनाडा के संबंधों से एक अधिक समावेशी और लचीले अंतर्राष्ट्रीय ढांचे में योगदान मिलेगा।

# टीका निर्माण प्रक्रिया और प्रभाव बढ़ाने का विज्ञान



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**सन 2023 में विश्व में सभी टीकों की सात अरब खुराक खरीदी गईं थीं। कोविड महामारी पर काबू पा लेने के बाद कोविड-19 टीकों की कम खरीद के कारण इसमें उल्लेखनीय कमी हुई है। दुनिया में टीकों की बिक्री की आधी मात्रा सिर्फ मौखिक पोलियो (ओपीवी), कोविड-19 और मौसमी इन्फ्लूएंजा के लिए ही बनी रहती है।**

**वायरल और बैक्टीरियल बीमारियों से बचने के लिए हम टीके लगवाते हैं। लेकिन टीकों के विकास के इतिहास और टेक्नोलॉजी के बारे में जानने की दिलचस्पी भी रखनी चाहिए। टीकों के विकास की एक टाइमलाइन बनाई गई हैजो सिर्फ आधुनिक समय की कहानी बताती है। वैसे, खोजकर्ताओं ने टीकों-सदृश प्रयासों के बारे में भी खोजबीन एनशियेंट लिटरेचर से खोज ली है और बताया है कि चीन और भारत ने करीब-करीब एक साथ 1000 वर्ष पहले टीके (इनोक्युलेशन) का विकास किया था।**

वर्ष 2024 में टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम की 50 वीं वर्षगांठ मनाई गई। इन 50 वर्षों में 15 करोड़ से अधिक लोगों की जान सिर्फ टीके लगाए जाने की वजह से बचाई गई है। वैश्विक स्तर पर शिशु मृत्यु में 40 प्रतिशत कमी टीकाकरण के कारण हुई है। कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। इसके बावजूद चिंता की बात है कि बचपन के टीकाकरण कवरेज का स्तर कई वर्षों से रुका हुआ है, जिससे अनेक बच्चे साल दर साल असुरक्षित रह जाते हैं। वैक्सीन बाजारों को समझना टीकों तक पहुंच बढ़ाने और टीकाकरण कवरेज को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण जानकारी स्रोत है। वर्ष 2024 में 207 देशों में 88 वैक्सीन उत्पाद बेचे गए जिन्हें विश्व में 116 टीका निर्माताओं से खरीदा गया था।

सन 2023 में विश्व में सभी टीकों की सात अरब खुराक खरीदी गईं थीं। कोविड महामारी पर काबू पा लेने के बाद कोविड-19 टीकों की कम खरीद के कारण इसमें उल्लेखनीय कमी हुई है। दुनिया में टीकों की बिक्री की आधी मात्रा सिर्फ मौखिक पोलियो (ओपीवी), कोविड-19 और मौसमी इन्फ्लूएंजा के लिए ही बनी रहती है। कार्यक्रम विस्तार और किसी बीमारी के प्रकोप में वृद्धि के कारण क्रमशः एचपीवी और चेचक/मंकीपॉक्स वैक्सीन में बड़ी मात्रा में वृद्धि हुई थी। वैश्विक वैक्सीन बाजार की खरीद की मात्रा में औसत वृद्धि दर तीन प्रतिशत थी जोकि मुख्य रूप से कोविड-19 टीकों के लिए थी। सन 2023 तक दुनिया में 20 बिलियन अमरीकी डॉलर के बराबर मूल्य की तो कोविड वैक्सीन की ही बिक्री हुई थी। वैक्सीन प्रोडक्शन में भारत एक सुपरपावर है। अंदाजा लगाएं कि भारत ने ही कोविड-19 की करीब तीन अरब खुराक की आपूर्ति दुनिया के 100 देशों को की थी। यह वैश्विक वैक्सीन निर्माण में विश्व में भारत की योगदान तकरीबन 60 प्रतिशत है। ऐसा तब है जबकि भारत खुद कोविड-19 महामारी से जूझ रहा था और कोरोना विषाणु के नए उपभेद और विभेद अर्थात स्ट्रेंस और वेरिएन्ट्स उभर रहे थे जिनके लिए नई और असरदार वैक्सीन्स को विकसित करने और इन्हें बनाकर सिस्टम में डालने की जरूरत तेज़ी से उभर रही थी। भारत के वैज्ञानिकों और तकनीशियनों दक्षता पूर्वक यह कर दिखाया क्योंकि देश में फार्मास्यूटिकल रिसर्च, क्लिनिकल फार्माकोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग का मजबूत आधार मौजूद है।

वायरल और बैक्टीरियल बीमारियों से बचने के लिए हम टीके लगवाते हैं। लेकिन टीकों के विकास के इतिहास और टेक्नोलॉजी के बारे में जानने की दिलचस्पी भी रखनी चाहिए। टीकों के विकास की एक टाइमलाइन बनाई गई हैजो सिर्फ आधुनिक समय की कहानी बताती है। वैसे, खोजकर्ताओं ने टीकों-सदृश प्रयासों के बारे में भी खोजबीन एनशियेंट लिटरेचर से खोज ली है और बताया है कि चीन और भारत ने करीब-करीब एक साथ 1000 वर्ष पहले टीके (इनोक्युलेशन) का विकास किया था। चीन में इस कहानी को ढूंढा जोसफ नीडहैम ने जिसने चीन के विज्ञान और टेक्नोलॉजी का इतिहास लिखा है। भारत में इसकी खोज के बारे में तब मालूम हुआ जब एक पुराना दस्तावेज़ भारत में इंडियन मेडिकल सर्विस में काम करने वाले एक ब्रिटिश फिजिशियन के हाथ लगा था।

एडवर्ड जेने और लुई पास्चर ने सबसे पहले टीका विकसित करने की टेक्नोलॉजी बनाई थी। अब तो ऐसे बहुत लोग हैं जिन्होंनें अनेक विधियों से टीकों का विकास किया जिससे बड़े पैमाने पर इनका निर्माण किया जा सके। जेने द्वारा चेचक के विरुद्ध विकसित की गई टीका-टेक्नोलॉजी से लेकर कोविड के सब-यूनिट टीकों के विकास तक यह कहानी लंबी है। टीकों को कई रूपों में निर्मित किया जा सकता है, जिसमें निष्क्रिय (मारे गए), टॉक्सोइड, जीवित क्षीणित, वायरस जैसे कण, सिंथेटिक पेप्टाइड, पॉलीसैकेराइड, पॉलीसैकेराइड संयुग्म (ग्लाइकोकोनजुगेट), वायरल वेक्टरेड (वेक्टर-आधारित), न्यूक्लिक एसिड (डीएनए और एमआरएनए) और बैक्टीरियल वेक्टर/सिंथेटिक एंटीजन प्रेजेंटिंग सेल शामिल हैं। टीकों के निर्माण में कई प्रक्रियाओं का उपयोग किया जाता है और चिकित्सा/बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, जीव विज्ञान, प्रतिरक्षा विज्ञान और वैक्सीनोलॉजी में हाल के विकासों ने अभिनव न्यूक्लिक एसिड वैक्सीन का उदय किया है जोकि पारंपरिक और सबयूनिट वैक्सीन में जोड़ी गई एक नई श्रेणी है।

टीके जैविक रचनाएं हैं जिनका उद्देश्य संक्रमण या बीमारी के विरुद्ध प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करना और तैयार करना है। वे रोगजनकों को पहचानने, प्रतिक्रिया करने और याद रखने के लिए अत्यधिक विकसित स्तनधारी प्रतिरक्षा प्रणाली की क्षमता का उपयोग करते हैं। टीकों का प्राथमिक घटक एंटीजन होते हैं जो रुचि के रोगजनक या जैव-निर्मित से प्राप्त होते हैं। अतिरिक्त घटकों में परिरक्षक, स्टेबलाइज़र, एक्सीपिएंट और निर्माण के दौरान मिलाये उत्पाद हो सकते हैं। शिशु, बुजुर्ग और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्ति में प्रतिरक्षाजनन अथवा प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को प्रेरित करने की क्षमता और प्रभावकारिता में सुधार करने और/या एंटीजन खुराक को कम करने जिससे वैक्सीन की सप्लाई में वृद्धि की अनुमति देने के लिए सहायक पदार्थ के तौर पर मिलाए जाते हैं।

टीका निर्माण के दौरान कम से कम छः और बातों का ध्यान रखा जाता है। इन्हें हम वैक्सीन कॉम्पोनेन्ट कह सकते हैं। ये हैः एक्टिव इंग्रेडियेंट्स जोकि वायरल या बैक्टीरियल एंटीजन होती हैं। इनका काम इम्यून सिस्टम को उत्प्रेरित तो करती हैं लेकिन बीमारी पैदा नहीं करते। दूसरा है एड्जुवेंट जो वैक्सीन के प्रति इम्यून सिस्टम को बूस्ट करता है। तीसरा है एंटीबायोटिक्स जो वैक्सीन निर्माण के समय प्रदूषण नहीं होने देता।

चौथा है स्टेबलाइजर जो टीका बन जाने के बाद इसके रख-रखाव से संबंधित है और स्टोरेज के दौरान टीके के असर को खराब नहीं होने देता, पांचवां है प्रीज़र्वेटिव जो स्टोरेज की अवधि के दौरान टीके में फफूंद और संदूषित करने वाले जीवाणुओं को पनपने नहीं देता और अंतिम हैं ट्रेस कंपाउंड्स जोकि भण्डारण की अवधि ख़त्म हो जाने के बाद उत्पन्न होते हैं जैसे कि फॉर्मलडीहाइड और सैल-कल्चर के रूप में एक अवशेष हैं। कोशिश है कि विषाणु और जीवाणु जनित संक्रमणों से प्रतिरक्षा के लिए ज्यादातर टीकों का इस्तेमाल हो ताकि व्यक्ति के शरीर में दीर्घावधि असर के लिए बीमार होने पर लिए जाने वाली शार्ट-टर्म या अल्पावधि की दवाओं की इस्तेमाल कम हो जाए। टीकों के निर्माण के लिए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने और इनके लिए आवश्यक सामग्री जुटाने हेतु टेक्निकल दक्षता के अलावा अरबों रुपये के निवेश की जरूरत होती है।

## प्रसंगवश

# गंभीरता से लागू करें प्लास्टिक पर प्रतिबंध

प्लास्टिक हमारी धरती के पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र, जीव-जंतुओं, मनुष्यों सभी के लिए एक बहुत बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। इंसान हो या पर्यावरण, समुद्री जीव हों या वनस्पतियां सभी की सेहत को प्लास्टिक ने बिगाड़ कर रख दिया है। आज स्थिति यह है कि आज प्लास्टिक ने हमारी नदियों, हमारे विभिन्न जल स्रोतों, समुद्र,थल व वायु सभी जगहों पर अपनी गहरी पैठ बना ली है। शहरों में तो कचरे के जो बड़े बड़े ढ़ेर नजर आते हैं, उसमें सबसे ज्यादा कचरा प्लास्टिक का ही होता है।

आंकड़े बताते हैं कि 1950 में दुनिया सिर्फ 20 लाख टन प्लास्टिक का उत्पादन करती थी और अब प्लास्टिक का उत्पादन बढ़ कर 45 करोड़ टन से अधिक हो गया है। स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरमेंट इन फिगर्स 2025 के मुताबिक, भारत में प्रतिबंध के बावजूद 2022-23 में प्लास्टिक का कचरा रिकॉर्ड 41.4 लाख टन तक पहुंच गया। यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है कि भारत में हर साल 34 लाख टन से अधिक प्लास्टिक कचरा निकलता है, जिसमें से अधिकतर बैग, रैपर और पैकेजिंग जैसी एक बार उपयोग होने वाले वस्तुओं से आता है। कचरे के प्रबंधन के लिए प्रतिबंधों और नियमों के बावजूद, प्लास्टिक हमारे बाजारों, नालियों और महासागरों में भरा पड़ा है। पर्यावरण दिवस की थीम इस बार 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराना' रखी गई, लेकिन आज चाय के कप से लेकर पानी की बोतल तक, घर हो या आफिस हर जगह प्लास्टिक बिखरा पड़ा है। यहां तक कि जीवन का कोई भी पहलू आज प्लास्टिक से अछूता नहीं रहा है। आज हर जगह प्लास्टिक की बेतहाशा मौजूदगी है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

सच यह है भी है कि आज अधिकांश निराश्रित गायों की मृत्यु का कारण प्लास्टिक का सेवन ही है। आज पानी, मिट्टी और हवा में माइक्रो प्लास्टिक की मौजूदगी हो चुकी है। आईयूसीएन के अनुसार, हर साल कम-से-कम 8 मिलियन टन प्लास्टिक महासागरों में जाता है और यह सतही जल से लेकर गहरे समुद्र में तलछट तक सभी समुद्री मलबे का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा है। सच तो यह है कि माइक्रोप्लास्टिक आज एक बहुत बड़ी समस्या है, क्योंकि वे व्यापक रूप से पाए जाते हैं और पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव डालते हैं। वास्तव में माइक्रो प्लास्टिक तो आज एक अदृश्य खतरा है।

माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण के प्रभाव सिर्फ़ पर्यावरण तक ही सीमित नहीं हैं। जैसे ही माइक्रोप्लास्टिक पानी में पहुंचता है, उसे मछली, मसल्स और दूसरे जानवर खा लेते हैं और गलती से उसे खाना समझ लेते हैं। ये जानवर हमारी प्लेटों में पहुंच जाते हैं और प्लास्टिक के कणों को मानव खाद्य श्रृंखला में ले आते हैं। एक चिंताजनक अध्ययन से पता चला है कि लोग प्रति सप्ताह पांच ग्राम तक माइक्रोप्लास्टिक निगल लेते हैं, जो एक क्रेडिट कार्ड के बराबर वजन है।

वास्तव में माइक्रो प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए हमें व्यक्तिगत पहल करनी होगी। मसलन, शून्य-अपशिष्ट, डिस्पोज़ेबल और खुद के बर्तनों का उपयोग करना, बोतलबंद पानी तथा प्लास्टिक पैकेजिंग का उपयोग न करना आदि कुछ ऐसे कदम हैं जिन्हें प्रत्येक नागरिक माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए उठा सकता है। हालांकि, इसके गंभीर खतरों को देखते हुए हमें अपने जीवन में कुछ बदलाव करने की जरूरत है। मसलन, हम प्लास्टिक का कम से कम उपयोग या शून्य उपयोग करें। बहरहाल, यह विडंबना ही कही जा सकती है कि आज हमें प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने में सफलता नहीं मिल पा रही हैं। वास्तव में देखा जाए तो इसके पीछे कई चुनौतियां हैं। प्लास्टिक का व्यापक उपयोग, सस्ते विकल्पों का अभाव आदि इस दिशा में गंभीर बाधाएं बने हुए हैं। प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन और रीसाइक्लिंग (पुनर्चक्रण) की व्यवस्था भी सरकार के सामने एक बड़ी व गंभीर चुनौती है। प्लास्टिक प्रदूषण रोकने के लिए, सबसे पहले प्लास्टिक के उपयोग को कम या बंद करना होगा। हमें यह चाहिए कि हमप्लास्टिक के रैप के बजाय पुनः प्रयोज्य सामग्री का उपयोग करें। प्लास्टिक के कंटेनर के बजाय धातु या कांच के कंटेनर का उपयोग किया जा सकता है, और प्लास्टिक की पानी की बोतलें और थैली के बजाय पुनः उपयोग योग्य बोतलों और बैग आदि का उपयोग किया जा सकता है। हमें चाहिए कि हम पुनर्चक्रण में योगदान करें।

# शिक्षा, जनसंख्या एवं जाति



पारसनाथ राय
वरिष्ठ अधिवक्ता

**आखिरी बार 1931 में जाति जनगणना हुई थी। तब आज के पाकिस्तान और बांग्लादेश भी भारत का हिस्सा हुआ करते थे।**

जाति जनगणना को लेकरसियासत गर्म है। 1931 की जनगणना एक बहुत ही महत्वपूर्ण दस्तावेज है और अध्ययन के योग्य है, क्योंकि यह आखिरी बार था जब किसी जनगणना में जाति और समुदाय के चश्मे से भारत की जांच की गई थी- जो आयाम 1951 के बाद की जनगणना रिपोर्टों में वर्जित रहे हैं।

जातिवार बात की जाए तो पूरे ब्रिटिश इंडिया में सबसे अधिक आबादी ब्राह्मणों की थी, जो डेढ़ करोड़ से ज्यादा थे। इसके बाद दूसरा स्थान जाटव समुदाय का था, जो संख्या में 1 करोड़ 23 लाख से थोड़े ज्यादा थे। वहीं तीसरे स्थान पर राजपूत थे, जिनकी आबादी 81 लाख थी। तीसरे स्थान पर महाराष्ट्र की कुनबी जाति थी, जिन्हें आज ओबीसी कैटिगरी में रखा गया है। उनकी आबादी 64 लाख 34 हजार थी। वहीं यादव (अहीर) समाज के लोगों की संख्या 56 लाख 82 हजार थी। इसके बाद स्थान तेली बिरादरी का था, जिनकी आबादी 42 लाख 58 हजार पाई गई थी। वहीं ग्वाला की आबादी 40 लाख से ज्यादा थी। आखिरी बार 1931 में जाति जनगणना हुई थी। तब आज के पाकिस्तान और बांग्लादेश भी भारत का हिस्सा हुआ करते थे। ब्रिटिश इंडिया में हुई इस जाति जनगणना में ओबीसी जातियों की आबादी 52 फीसदी पाई गई थी, जबकि देश भर की जनसंख्या उस वक्त 27 करोड़ थी। इसी के आधार पर मंडल कमीशन ने सिफारिशें दी थीं।1931 की जनगणना के अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर बंगाल के वैद्य, कई राज्यों में बसे कायस्थ और केरल के नायर जातियों में सबसे अधिक साक्षर थे। इन तीनों समूहों के पास पारंपरिक व्यवसाय या सामाजिक परिस्थितियां थीं, उनके शैक्षिक विकास में सहायक प्रतीत होती थीं। वैद्य पेशे से चिकित्सक थे, कायस्थ लेखक थे और नायर मालाबार क्षेत्र से थे। इन्होंने शिक्षा में शुरुआती प्रगति की थी।

जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक वैद्यों में 78.2 प्रतिशत पुरुष और 48.6 प्रतिशत महिलाएं साक्षर थीं। कायस्थों में 60.7 प्रतिशत पुरुष और 19.1प्रतिशत महिला साक्षरता थी। वहीं नायरों में 60.3 प्रतिशत पुरुष और 27.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी। इस प्रकार मातृवंशीय नायरों सहित सर्वाधिक साक्षर जातियों में भी महिला साक्षरता, पुरुष साक्षरता की तुलना में काफी कम थी, जो पितृसत्तात्मक संबंधों को दर्शाती है। जहां परिवारों ने पुरुषों की शिक्षा पर अधिक ध्यान दिया, जिनसे लाभदायक रोजगार की अपेक्षा की गई थी। पंजाब की एक वाणिज्यिक जाति खत्री अखिल भारतीय स्तर पर चौथे स्थान पर रही, जिसमें 45.1 प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 12.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी।

1931 की जनगणना में अखिल भारतीय साक्षरता सूची में पांचवें स्थान पर ब्राह्मण थे। राष्ट्रीय स्तर पर ब्राह्मणों में 43.7 प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 9.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी। वे अन्य प्रमुख "उच्च जाति" समुदाय, राजपूतों से बहुत आगे थे, जिनकी पुरुष साक्षरता 15.3प्रतिशत और महिला साक्षरता सिर्फ़ 1.3प्रतिशत थी। साक्षरता के मामले में अखिल भारतीय स्तर पर कई जातियां बहुत पीछे थीं। उत्तर-पश्चिम भारत के प्रभावशाली जाट समुदाय में पुरुष साक्षरता 5.3 प्रतिशत और महिला साक्षरता 0.6 प्रतिशत थी।उत्तर भारत में प्रभावशाली ओबीसी जाति यादव में पुरुष साक्षरता सिर्फ़ 3.9 प्रतिशत और महिला साक्षरता 0.2प्रतिशत थी। दलितों में एक प्रमुख जाति महार से डॉ. बी.आर. अंबेडकर संबंधित थे, अन्य अनुसूचित जाति (एससी) समूहों की तुलना में अधिक शिक्षित पाए गए, जिनमें 4.4प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 0.4प्रतिशत महिला साक्षरता दर्ज की गई।

उत्तरी राज्यों में दक्षिणी राज्यों की तुलना में साक्षरता दर कम दर्ज की गई, जिससे अखिल भारतीय जाति पैटर्न में भारी अंतर देखने को मिला। उत्तर भारतीय राज्यों में ब्राह्मण साक्षरता के आंकड़े दक्षिण की तुलना में कम थे, लेकिन फिर भी अधिकांश अन्य जातियों की तुलना में अधिक थे। बिहार और ओडिशा में, कायस्थ समूह सबसे अधिक साक्षर था, जिसमें 60.5प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 11.8 प्रतिशत महिला साक्षरता थी, उसके बाद ब्राह्मण (35.6प्रतिशत पुरुष और 2.8प्रतिशत महिला साक्षरता), भूमिहार (23.3प्रतिशत पुरुष और 2.8प्रतिशत महिला साक्षरता) और राजपूत (21.7प्रतिशत पुरुष और 1.3 प्रतिशत महिला साक्षरता) थे। स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन नेहरू सरकार ने जाति गणना को बंद करने का फैसला किया, यह तर्क देते हुए कि यह राष्ट्रीय एकता को कमजोर कर सकता है और सामाजिक विभाजन को गहरा कर सकता है।

## सोशल फोरम

# भटकना आदमी का स्वभाव

भटकना तो आदमी का स्वभाव है। यदि आदमी ना भटके तो हमारे इतने सारे धर्म ,बाबा , साधु संत ,रिश्तेदारों और हमारी आपकी पत्नियों के पास फिर काम ही क्या रह जाएगा ? किसे रास्ते पर लाने के उपदेश देंगे ये? और इसमें हमारी आपकी गलती है भी क्या ? इतने सारे रास्ते है ही क्यों ? एक होता हम नाक की सीध में चलते और पहुंच जाते। आदमी भटकना नहीं चाहता पर इतने सारे रास्ते उसे कन्फ्यूज कर देते है,ब हुत बार वो नया रास्ता बनाना चाहता है इसलिए भी एक नई दिशा की तरफ़ निकल पड़ता है। ऐसे में या तो वो खुद खो जाता है या दूसरों को रास्ता दिखाने में कामयाब हो जाता है। कोलंबस को ही ले लीजिए। भटकने के कारण नाम कमा गया वो। भटकने से बचने के ध्यान की दुकानें भी है हमारे यहां। पर बहुत बार यहां ध्यान खुद भटका मिलता है आपको। आप इस नतीजे पर पहुंचते हैं कि दुकान खोले बैठे महारथी खुद अंधे हैं और अंधों से रास्ता दिखाने की उम्मीद रखना बेकार ही है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

और फिर भटके हुए को भटकना मानना ही क्यो है ? हो सकता है उसे ये खबर हो कि दुनिया गोल है। आप जहां जाना चाहते है वहां एक ना दिन पहुंच ही जाएंगे। हरिवंश राय बच्चन ऐसे ही थोड़े बता गए हैं कि राह पकड़ ले एक चला चल। पा जाएगा मधुशाला। ऐसे में किसी को भटकता हुआ देखें तो उसे एकदम से शराबी ना मान लें हो सकता है वो कोई पहुंचा हुआ संत हो और आपको राह दिखाने आया हो।

भटके हुओ को रास्ता दिखाने की ज़िम्मेदारी सबसे पहले ध्रुव तारे ने संभाली फिर गुरू तलाशे गए। कंपास भी आगे आया उसके लिए और आजकल इन सबका काम गूगल कर रहा है। इन सारे तरीक़ों के बावजूद जो भटकना चाहता है वो भटक ही जाता है। और फिर भटकने का अपना रोमांच है। भटकने वाला इंसान ,नई जगहों और नए लोगों से मिलाता है। भटकना आपको ज्ञानी तो बनाता ही है ,बहुत बार जवान भी कर जाता हैं। आदमी भटकता क्यों है ? बंदा शातिर हो जेब भारी हो तो भटकना आसान। और इन सब से बड़ी बात कि विधाता ने आपके लिए अर्श या फर्श क्या तय किया हुआ है। ऐसे मे जब पहुंचे, जहां पहुंचे उससे राजी रहे और आप कर भी क्या सकते हैं?

**-फेसबुक वॉल से**

# कोमल मन पर भारी कठोर परवरिश



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

**असल में यह घटना उन मां-बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात-बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं।**

हाल ही में पश्चिम बंगाल के पंसकुरा में 7वीं क्लास में पढ़ने वाले बच्चे ने इसलिए आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसकी मां ने सबके सामने उसको डांट दिया था। बच्चा अपने पीछे एक सुसाइड नोट छोड़ गया है, जो झकझोर देने वाला है। अपने सुसाइड नोट में बच्चे ने लिखा था कि मां मैंने चोरी नहीं की। बच्चे के ये आखिरी शब्द दिल को झकझोर देने वाले हैं। दरअसल स्कूल में पढ़ने वाले 13 साल के कृष्णेंदु दास पर एक मिठाई की दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुराने का आरोप लगा था। मिठाई की ये दुकान गोसाईंबेर बाजार में एक सिविल वॉलंटियर की थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकानदार की गैरमौजूदगी में बच्चे ने दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुरा लिए थे।

दुकान मालिक ने बच्चे को दुकान से थोड़ी दूर चिप्स के पैकेट के साथ देखा, तो उसके पीछे दौड़ पड़ा। उससे चोरी के बारे में पूछताछ की गई। उसने दुकानदार को पांच रुपए के हिसाब से तीन चिप्स के पैकेट के 15 रुपए दे दिए। इसके बाद भी दुकानदार नहीं माना। वह पैसे लौटाने के बहाने बच्चे को वापस दुकान पर ले गया और उसको मारा-पीटा। इतना ही नहीं, दुकानदार ने बच्चे से सार्वजनिक रूप से माफी भी मंगवाई। बच्चे के साथ ये सब अभी हुआ ही था कि उसकी मां को जैसे ही इस बारे में पता चला, वह भी उसे फिर से उसी मिठाई की दुकान पर लेकर गई और सबके सामने डांटा। इस बात से 13 साल का लड़का इस कदर आहत हो गया कि घर लौटते ही उसने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। गंभीर हालत में उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

पुलिस का कहना है कि बच्चे के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। इसमें कृष्णेंदु ने आत्महत्या करने से पहले अपनी नोटबुक में लिखा है कि मां मैंने चोरी नहीं की। मुझे वो सड़क पर पड़े मिले थे। मैंने चोरी नहीं की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मिठाई दुकानदार के बर्ताव की वजह से बच्चा ऐसा खौफनाक कदम उठाने को मजबूर हो गया। तब से दुकान मालिक फरार है। परिवार इस बात को भी मान रहा है कि मां के सार्वजनिक रूप से डांटे जाने का भी बच्चे के मन पर गहरा असर हुआ। मां की डांट से बच्चा बहुत दुखी था। यह डांट उसके मन में घर कर गई। वह इस तरह के व्यवहार को सहन नहीं कर सका।

असल में यह घटना उन मां-बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात-बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं, क्योंकि उम्र के इस पड़ाव में बच्चे बहुत ही कोमल और संवेदनशील होते हैं। वह हर बात को अपनी बेइज्जती से जोड़ लेते हैं। कई बार वह ऐसा कदम उठा लेते हैं, जिसके बाद पछताने के अलावा कोई और रास्ता परिवार के पास भी नहीं होता, इसलिए माता-पिता को बच्चों के साथ पेश आने में बहुत ही सतर्कता बरतनी चाहिए। किसी भी बात पर उनको समझाएं, न कि सबके सामने उन्हें डांटें। अगर डांटना बहुत जरूरी है, तो अकेले में ही डांटें। सबके सामने ऐसा करने से बचें, ताकि उनको बेइज्जती महसूस न हो।

चाइल्ड एक्सपर्ट का कहना है कि आज के दौर में बच्चों की परवरिश करना बिल्कुल भी आसान नहीं है। उन्हें अच्छे या बुरे की अहमियत समझाना बहुत जरूरी है, लेकिन प्यार और अपनेपन के साथ। हर बात पर उन्हें डांटना या पीटना ठीक नहीं है। कुछ एक्सपर्ट कहते हैं कि माता-पिता बच्चों को नहीं डांटें तो वे मनमानी करते हैं और अगर डांटें तो बच्चे दिल पर ले लेते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि मां-बाप बच्चों को कैसे समझाएं, क्योंकि बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है। छोटी-छोटी बातों का उनके मन पर गहरा असर होता है। अगर सबके सामने उनको डांट दिया जाए, तो वे इसे अपनी बेइज्जती समझ लेते हैं। आहत होकर कई बार वह गलत कदम उठा लेते हैं।

असल में परिवार को अब इस बात को समझना होगा कि बदलते माहौल में बच्चों की परवरिश यदि उसके अनुसार न हो, तो उसके परिणाम गंभीर होते हैं। आमतौर पर कुछ बच्चे काफी सहज और सरल होते हैं, तो कुछ बेहद ही संवेदनशील। ऐसे में उनके स्वभाव के अनुसार ही उनकी देखभाल करने की जरूरत होती है। बच्चों की भावनाओं का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। उनके कोमल मन को समझना भी बहुत जरूरी है। हर बात वह गलत हों, ऐसा जरूरी नहीं है। कई बार बच्चे सच बोल रहे होते हैं, तो भी उन्हें गलत मान लिया जाता है। परिवार को सही और गलत के निर्णय पर पहुंचने से पहले कई बार सोचना होगा। हर बात पर बाल मन का इस तरह तिरस्कार करना सही नहीं कहा जा सकता। हर बच्चे को कृष्णेंदु बनने से बचाना होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# सिर पर आग उगल रहा सूरज, लू कर रही बेहाल

## भीषण गर्मी ने जन जीवन कर दिया अस्त-व्यस्त, लोगों का घरों से निकलना हो गया मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी से परेशान लोग है। गर्मी और लू के थपेड़ों से लोगों का घरों से निकलना मुहाल है। घरों से निकलते भी हैं तो गर्मी से बचने का इंतजाम करके। रविवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा।

पिछले एक सप्ताह से तो पूरा जिला भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। सुबह से ही गर्म हवा चलनी शुरू हो जाती है। सूरज की तपिश से लोगों का धूप में निकलना मुश्किल बना हुआ है। दोपहर में बाजार में सन्नाटा सा छा जाता है और सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो जाती है। लोग जरूरी काम से ही घर से बाहर निकल रहे हैं। घर से बाहर निकलते समय लोग सिर, मुंह को कपड़े से ढक लेते हैं। दुपहिया



धूप से बचने को चेहरों पर कपड़ा लपेटकर स्कूटी से जातीं युवतियां। ● अमृत विचार



बिना छाता सड़क पर निकलना मुहाल।

- **लोगों को घेर रहीं गर्मी जनित बीमारियां, अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी**

वाहन चलाने वाले लोग भी सिर व मुंह पर कपड़ा बांधकर जाते हुए दिखते हैं। पंखे व कूलर से भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है। जिले के तापमान की बात करे तो पिछले दो दिनों में तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। रविवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा। लोग धूप से बचने के लिए छांव की तलाश करते रहे। दोपहर में तो गर्मी में लोगों का हाल बेहाल रहा। जगह जगह लोगों ने राहगीरों को शरबत पिलाया। रविवार को शहर में कई जगह शरबत पिलाया गया।

गजरौला में भी चिलचिलाती धूप व गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त है। रविवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा। दोपहर में बाजारों में सड़कों पर सन्नाटा सा पसर जाता है। शाम के समय ही बाजारों में ग्राहक खरीदारी को आ रहे हैं। गर्मी जनित बीमारियां फैलने लगी हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। पानी, कोल्ड ड्रिंक, ककड़ी, खीरा, तरबूज, खरबूज, नींबू, संतरा आदि फलों की मांग भी बढ़ गई है। गर्मी का प्रकोप बढ़ते ही गरीबों का फ्रीज मटका, सुराही, गगरी आदि की बिक्री भी तेज हो गई है।

### छाछ, नारियल पानी पीएं, खीरा खाएं

**गजरौला।** चौगाईं सीएचसी प्रभारी डॉ. योगेन्द्र सिंह ने बताया कि गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने के लिए छाछ बहुत ही अच्छी होती है। ये शरीर में चुस्ती लाता है। इसे खाने के बाद लिया जाए। क्योंकि ये पाचन में बहुत मददगार साबित हा सकता है। नारियल पानी गर्मियों के लिए सबसे बेहतर है। इसमें बहुत अधिक मात्रा में कैल्शियम, क्लोराइड और पोटैशियम पाया जाता है। खीरा भी गर्मियों के लिए बहुत परफेक्ट माना जाता है। इसमें पानी की मात्रा बहुत अधिक होती है। खीरा गर्मियों में होने वाले गैस, एसीडिटी, सीने में जलन की समस्याओं को दूर करता है। तरबूज गर्मियों में शरीर में पानी की कमी को पूरा करता है।

## कार की टक्कर से उछलकर गिरा बाइक सवार

**अमरोहा, अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार की बाइक की भीषण भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक सवार बाल-बाल बच गया।

हादसा थाना अमरोह देहात क्षेत्र के बाबूगढ़ बाईपास मार्ग पर हुआ। तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। लेकिन बाइक सवार को खरोंच तक नहीं आई। यह पूरी घटना पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें साफ देखा जा सकता है कि किस तरह कार बाइक को सीधे टक्कर मारती है, बाइक सवार उछलकर सड़क पर जा गिरा। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए। लेकिन चंद सेकेंड बाद बाइक सवार खुद खड़ा होकर हट गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। फिलहाल हादसे की सूचना पुलिस को दे दी गई है और वाहन की पहचान के प्रयास जारी हैं। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे का वीडियो सामने आया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## चाय बनाते समय सिलेंडर का पाइप फटा, मां-बेटी झुलसी





झुलसीं मां-बेटी। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव भावली में चाय बनाते समय गैस सिलेंडर का पाइप फटने से आग लग गई आग की चपेट में आकर मां-बेटी झुलस गईं। निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।

क्षेत्र के गांव भावली निवासी मोहित कुमार की पत्नी अमरकली शनिवार को सुबह लगभग 7 बजे गैस सिलेंडर के चुल्हे पर चाय बना रही थी। अचानक गैस सिलेंडर का पाइप फट गया। इस दौरान आग लग गई जिससे अमरकली व अंजली झुलस गईं। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मोहित कुमार का कहना है कि मैंने अपने गैस कनेक्शन का इंश्योरेंस कराया था और जैसे ही पाइप फटने से हादसा हुआ तो इसकी सूचना गैस एजेंसी की दी। गैस एजेंसी संचालक ने कहा हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है।

# बकरीद के दूसरे दिन भी व्यवस्थाएं रहीं चाक चौबंद

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** ईद उल अज़हा के दूसरे दिन भी पशुओं की कुर्बानी दी गई। अवशेष, ओज के निस्तारण को लेकर नगर पालिका की टीम पूरी तरह से मुस्तैद रही। ईओ डॉ बृजेश सिंह ने पालिका स्टॉफ के साथ लगातार निरीक्षण किया। तथा कंट्रोल रूम पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया गया। ओज डलाव प्वाइंट पर लगे करीब 50 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई।

बकरीद का त्योहर शनिवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। दूसरे दिन रविवार को भी कुर्बानी का सिलसिला जारी रहा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि ईद उल अज़हा पर नगर के अधिकांश वार्डो मे बड़े स्तर पर पशुओं की



निरीक्षण करने निकले अधिशासी अधिकारी डॉ बृजेश सिंह। ● अमृत विचार

कुर्बानी दी गई। ये सिलसिला तीन दिन तक चलेगा। इसके लिए पूर्व में ही कार्ययोजना तैयार कर ली गयी थी। नगर के प्रत्येक वार्ड में तैनात डोर टू डोर वाहन को कुर्बानी किये जाने वाले घर से पशुओं के अवशेष उठान हेतु निर्देशित किया गया। इससे कहीं भी ओज सडक पर अधिक समय समय पर जमा नहीं हो सके। इन ओज को ले जाने वाली ट्रैक्टर ट्रॉली पर मोटे तिरपाल की व्यवस्था की गयी। जिससे अवशेष को सुगमता से ट्रांचिंग ग्राउंड तक ले जाया जा सके।

- **50 सीसीटीवी कैमरों से की गई सफाई व्यवस्था की निगरानी**
- **दूसरे दिन भी की कुर्बानी, पालिका कर्मियों ने हटाए अवशेष**

अवशेष रास्ते में मार्ग पर भी न गिरे इस बात का विशेष ध्यान रखा।

ईओ ने बताया कि नगर पालिका द्वारा नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए जिससे लगातार मॉनीटरिंग की गई। कही भी कोई कमी पाए जाने पर उसका तत्काल निस्तारण संभव हो सका। साथ ही नगर की पेयजालापूर्ति भी निर्बाध रही। बताया कि दूसरे दिन भी व्यवस्था चाक चौबंद रही। रविवार को उन्होंने पालिका स्टॉफ के साथ ओज डलाव प्वाइंट का निरीक्षण किया। कहा कि तीसरे दिन सोमवार को भी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहेंगी।

# तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक सवार को कुचला, परिजनों का थाने पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** थाना नौगावां सादात क्षेत्र में एक तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए लोग थाने पहुंचे। जहां लोगों ने कैंटर चालक पर कार्यवाही की मांग को लेकर हंगामा किया।।

हादसा नौगांवा सादात के नई बस्ती इलाके में हुआ। दरअसल रविवार को थाना क्षेत्र गांव मिठनपुर कलां निवासी बाइक मिस्त्री इरफान उर्फ गब्बर बाइक से बाइक का सामान लेने अमरोहा आ रहा था। नई बस्ती इलाके में टैंकर ने टक्कर मार दी। टैंकर के नीचे आने से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। परिजन व गांव के लोग थाने पहुंचे। पुलिस ने टैंकर चालक को हिरासत में ले लिया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने 50 हजार में समझौता करने की



हंगामा करते परिजनों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

- **पुलिसकर्मियों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया**

बात कही जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। परिजनों ने आरोपी टैंकर चालक पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने टैंकर को कब्जे में लिया है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि हादसे के बाद टैंकर को थाने में खड़ा करा दिया है। चालक को हिरासत में लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम को



थाने पर खड़ा टैंकर।

भेजकर परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

## विवाहिता से मारपीट करने में 7 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**हसनपुर, अमृत विचार :** थाना एचौड़ा कंबोज निवासी शीशपाल सिंह ने अपनी बेटी मोनिका की शादी थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव कोटा पांडली निवासी बाबूराम के पुत्र भागमल के साथ की थी। शीशपाल सिंह का आरोप है कि बेटी की ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज में दिये गये सामान को बेच लिया और आये दिन मारपीट करने लगे। 31 मई को बेटी को कमरे में बंद कर बंधक बना जमकर पिटाई की। इसके बाद घर से बाहर निकाल दिया।

पीड़ित पिता का कहना है कि उसने बेटी की शादी में अपनी हैसियत से अधिक दान दहेज दिया था। पीड़ित पिता ने थाना आदमपुर पुलिस को तहरीर दे दी। पुलिस ने मोनिका के के पति भागमल, जेठ काविंद्र समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है।

## शिव परिवार की स्थापना से पूर्व निकाली गई शोभायात्रा



मूर्ति स्थापना से पूर्व निकाली शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर में रविवार को मंदिर में शिव परिवार मां शेरावाली तथा हनुमान मूर्ति स्थापना से पूर्व भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

रविवार को नगर के मोहल्ला काला शहीद नई कॉलोनी स्थित शिव मंदिर पर भगवान भोलेनाथ, गोरा पार्वती, कार्तिकेय, भगवान गणेश, मां शेरावाली एवं हनुमान मूर्ति की स्थापना से पूर्व नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा काला शहीद नई कॉलोनी स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर रहरा अड्डा, शिवाजी मार्ग, घास मंडी, दरबार, जनकपुरी, पंसारा बाजार, इंदिरा चौक, नवयुवक मार्केट, अंबेडकर पार्क से वापसी वर्मा मार्केट, पुरानी तहसील होते हुए आयोजन स्थल पर जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु भजनों पर झूलते हुए चल रहे थे।पूर्व चेयरमैन हरि सिंह सैनी, चंद्रपाल सैनी, सूरज सैनी, पूर्व सभासद पूनम, देवेंद्री, नन्ही आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## अवैध असलहों के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, जेल भेजा

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर कोतवाली पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को भारी माक्ष में अवैध असलहों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

रविवार को पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दीपक पुत्र बलबीर शर्मा निवासी मोहल्ला कटरा गुलाम अली बड़ी मात्रा में हथियारों के साथ मौजूद है।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी दीपक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक पिस्टल देसी, 10 जिंदा कारतूस, एक तमंचा, 15 जिंदा एक खोखा कारतूस व एक दोनाली बंदूक के अलावा एक तलवार भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि असलहों के साथ हिस्ट्रीशीटर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पकड़वाने की मांग | बच्चों के साथ बड़ों पर कर देते हैं हमला, हाथों से छीन लेते हैं सामान, गलियों में जमा लेते हैं डेरा

# बंदर बने मुसीबत... उत्पात से परेशान हैं नगर के लोग

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** बंदर नगर वासियों के लिए बड़ी मुसीबत बन गए हैं। इस समय बंदरों का आतंक इतना हो गया है कि बच्चे तो बच्चे बड़े भी गलियों से गुजरने में घबराते हैं। नगर की गलियों, सड़कों और घरों की छत पर झुंड के झुंड बंदरों ने आतंक नगर में मचा रखा है। इससे निजात दिलाने को कई बार आवाज भी उठी लेकिन बंदरों को पकड़ा नहीं जा रहा। बंदर लोगों को जख्मी कर रहे हैं लेकिन जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे।

ये बंदर नगर में आतंक मचाने लगे हैं। भोजन की तलाश में बंदर कब किस पर हमला बोल देंगे, कोई नहीं जानता। बंदरों के आतंक से लोगों का छतों पर आना मुश्किल हो गया है।

बंदर इतने बेखौफ हैं कि छत से उतरकर रसोई तक पहुंच जाते हैं। लोग पूरे समय अपने घर की खिड़की दरवाजे बंद करने को विवश हैं। लोगों का कहना कि नगर का कोई भी मोहल्ला बंदरों के आतंक से मुक्त नहीं हैं। लोग अपने बच्चों को घर में ही रखने को विवश हैं। बंदर टंकियों की टोटियों को क्षति पहुंचा रहे हैं।



सड़क किनारे बैठा बंदरों का झुंड। ● अमृत विचार

- **छतों के जीने से होते हुए घरों में घुस जाते हैं बंदर**
- **रसोई में रखा सामान उठा ले जाते हैं, कर देते हैं हमला**



बंदरों से सबसे ज्यादा दिक्कत बच्चों को होती है। बच्चे खेलते हैं, ट्यूशन या स्कूल जाते हैं तो बंदर उन पर हमला कर देते हैं। इस समस्या से जल्द से जल्द निजात मिलना चाहिए। – कपिल सैनी



नगर की सड़कों पर बच्चे दो बच्चे बड़ों का भी निकलना दुश्वार हो गया है। अकेला देख बंदर हमला कर घायल करते थे। लोग बंदरों की दहशत में रहते हैं। – तनुज त्यागी



नगर में इस समय बंदरों की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। बंदरों के आतंक के चलते बच्चों का घरों से निकलना दुश्वार हो गया है। –मुकेश गोयल



नगर के मोहल्लों में बंदर झुंड बनाकर बैठे रहते हैं और अकेले देख हमला कर देते हैं। जिसके चलते नगर वासियों को काफी डर बना हुआ है। – शैंकी अग्रवाल

## सार-संक्षेप

### ब्लॉक प्रमुख ने क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटा



**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव हैबतपुर बंजारा में युवाओं द्वारा एचपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी ने फीता काटकर आरंभ किया। ब्लॉक प्रमुख ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय किया। कहा कि इस तरीके के टूर्नामेंट के आयोजन से क्षेत्र की प्रतिभाएं निखर कर सामने आती है और क्षेत्र का नाम रोशन करती हैं। इस मौके पर तंजीम अरमान, अनीस मित्री, रिजवान, ताहीर, अरशद, अफसर, तालिब, फरमान, शाहरुख, तौफीक, इब्राहिम, डॉ नफीस सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

### प्रियांशु बने जन कल्याण समिति के ब्लॉक अध्यक्ष



**हसनपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा का पदाधिकारी द्वारा जिला अध्यक्ष शोभित शर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष कीसंस्तुति पर प्रियांशु श्रीवास्तव को मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति का गंगेश्वरी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पदाधिकारी को संगठन मजबूत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हाईवे पर युवक को घायल करने का आरोपी गिरफ्तार



**अमरोहा, अमृत विचार :** कोर्ट से लौट रहे युवक को गोली मारकर उसे घायल करने के एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक आरोपी पहले जेल भेजा जा चुका है। 28 मई की शाम कोर्ट से लौट रहे गांव सलारपुर निवासी अभिजीत सिद्धू पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया था। हमलावरों ने अभिजीत को दो गोलियां मारीं थी जिसमें वह घायल हो गए थे। मामले में रजबपुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी शगुन ढिल्लो पुत्र सतेंद्र सिंह निवासी अमरोहा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया। थाना प्रभारी कोमल तोमर ने बताया कि रविवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### नगर पंचायत की टीम से भाजपा नेता ने की अभद्रता



**सैदनगली (अमरोहा), अमृत विचार :** सैदनगली नगर पंचायत में अतिक्रमण हटवाने के दौरान हंगामा हो गया। भाजपा नेता ने नगर पंचायत की टीम से अभद्रता की। जमकर हंगामा हुआ। पुलिस ने मामला शांत कराया। नगर पंचायत की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। सैदनगली नगर पंचायत की टीम जेसीबी लेकर मुख्य बाजार के पास तालाब पर अतिक्रमण हटवाने पहुंची। अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू हुआ तो भाजपा नेता राजीव कुमार वहां पहुंच गए और टीम से उलझ गए। इस दौरान नगर पंचायत के कर्मचारी राजेंद्र सिंह से अभद्रता की । सूचना मिलते ही नगर पंचायत के ईओ सलिल भारद्वाज एवं थाने से पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने हंगामा शांत कराया। कार्रवाई की सुगबुगाहट लगने पर देर रात राजीव कुमार ने थाना प्रभारी को फैसलानामा दिया जिसके बाद मामला शांत हुआ। थाना प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। बहरहाल तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

### नौकरी दिलवाने के बहाने ले जाकर किया दुष्कर्म

**गजरौला, अमृत विचार :** नौकरी दिलवाने के बहाने निर्माणाधीन रेस्टोरेंट में ले जाकर जेठ ने महिला से दुष्कर्म किया। अपर पुलिस महानिदेशक के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का निकाह बुलंदशहर जनपद के खुर्जा नगर के एक मोहल्ले के युवक से हुआ था। आरोप है कि जेठ महिला को गलत नजर से देखता था। नौकरी दिलवाने के नाम पर जेठ 19 दिसंबर 2024 को अपने साथ चाचा के निर्माणाधीन रेस्टोरेंट में ले गया। आरोप है कि जेठ ने उसके साथ दुष्कर्म किया तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घर आकर महिला ने अपने पति को बताया। पति ने चुप रहने की बात कही साथ ही तीन तलाक देने की धमकी दी। पीड़ित अपने मायके पहुंची तथा तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि अब पति व जेठ समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### परीक्षा देकर घर जा रही छात्रा के साथ छेड़छाड़

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा छह जून को शहर में स्थित एक डिग्री कालेज में परीक्षा देकर अपने घर जा रही थी। आरोप है कि उसी के गांव का युवक बाइक लेकर कालेज के बाहर खड़ा था। वह छात्रा को बाइक पर बैठने के लिए जबरजस्ती करने लगा। इसी बीच छात्रा के पिता उसे लेने के लिए कालेज के गेट पर आ गए। आरोपी युवक छात्रा के साथ छेड़छाड़ व जाति सूचक शब्द कहते हुए उसका बैग लेकर फरार हो गया। पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि इस मामले में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** रविवार को रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक वीडियो में आवाज एडिट कर धार्मिक भावनाओं को एक स्टोरी के माध्यम से हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है। ग्रामीणों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पत्र पर अनमोल, जीतू, मोहित, प्रशांत, विवेक, राजीव, दीपांशु, कमल, सचिन आदि के हस्ताक्षर हैं। थानाध्यक्ष कुमरेश त्यागी ने बताया कि आरोपी मुकीम पुत्र शौकीन निवासी चंदनपुर खादर को गिरफ्तार कर लिया गया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### बाइक से स्टंट करने वाला युवक पकड़ा

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के एक गांव में चलती बाइक को एक हाथ से घूमाने एवं स्टंट करने के मामले में हसनपुर पुलिस ने युवक के खिलाफ कार्यवाही की है। इसके साथ ही पुलिस ने मोटरसाइकिल को एमबी एक्ट में सीज किया है। कोतवाल वरुण कुमार ने बताया कि आरोपी द्वारा चलती बाइक को एक हाथ से घूमाने का एक वीडियो प्रसारित हुआ था। जिसमें जांच पड़ताल के बाद आरोपी सतेन्द्र पुत्र विजय निवासी फूलपुर बीझलपुर को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

### किसान के घर में चोरी करने का किया प्रयास

**गजरौला, अमृत विचार :** किसान के घर में घुसकर चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया। आहट होने पर चोर फरार हो गए। पुलिस जांच में जुटी है। शनिवार की रात क्षेत्र के गांव वारसाबाद निवासी राजेंद्र चौहान के घर में घुसकर चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया। ग्रामीणों को होने पर शोर मचा दिया। इसके बाद चोर जंगल की तरफ भाग गए। पुलिस ने जंगल में चोरों की काफी तलाश की लेकिन उनका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

**अमरोहा, अमृत विचार :** करीब एक महीने पहले क्षेत्र के एक मोहल्ले निवासी युवती ने गांव कांकर सराय निवासी युवक पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। कार्रवाई न करने पर पीड़िता ने डीआईजी और एसपी तक शिकायत की। आरोपी से मिलीभगत और पैसे वसूलने का आरोप भी लगाया था। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## खेल डायरी

### सप्तक तलवार का स्विटजरलैंड में अच्छा प्रदर्शन जारी

**ल्यूसर्न (स्विट्जरलैंड) :** भारत के सप्तक तलवार ने अंतिम पांच होल में चार बर्डी के साथ तीसरे दौर में तीन अंडर 68 का कार्ड खेला, जिससे वह यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 16वें स्थान पर पहुंच गए। तलवार ने पहले दो दिन 69-69 का स्कोर बनाया था। तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर सात अंडर हो गया है और वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के टोबियास जोनसन से छह शॉट पीछे हैं, जिन्होंने तीसरे दिन 67 का स्कोर बनाया था। गोल्फ़ सेम्पाच में तलवार ने 13वें होल में दिन की एकमात्र बोगी की। इसके बाद उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करके आखिरी पांच होल में चार बर्डी लगाई। उन्होंने 14वें और 15वें होल और फिर 17वें और 18वें होल में भी लगातार बर्डी लगाई।

### केन ने एंडोरा के खिलाफ इंग्लैंड को शर्मसार होने से बचाया

**बार्सिलोना :** इंग्लैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हैरी केन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से विश्व कप फुटबॉल के यूरोपीय क्वालीफाइंग मैच में एंडोरा पर 1-0 से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने इस जीत से हालांकि अपना विजय अभियान जारी रखा। यह उसकी लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं और वह ग्रुप के में शीर्ष पर काबिज है। इंग्लैंड की टीम विश्व में 173वें स्थान पर काबिज टीम के सामने तब तक गोल नहीं कर सकी जब तक कि 50वें मिनट में नोनी मदुके के पास को केन ने गोल में नहीं बदल दिया। केन का इंग्लैंड की तरफ से यह 106 मैच में 72वां गोल था। केन ने कहा हमें निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह ऐसा प्रदर्शन नहीं है जिसे बहुत से लोग याद रखेंगे। हमें खुशी है कि हम तीन अंक हासिल करने में सफल रहे। अल्बानिया और सर्बिया के बीच कड़ी सुरक्षा के बीच मैच गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ। अल्बानिया तीन मैचों के बाद चार अंकों के साथ ग्रुप के में इंग्लैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।



फ्रेंच ओपन में महिला एकल का खिताब जीतने वाली अमेरिका की कोको गौफ पेरिस के प्लेस डे ला कॉनकॉर्ड में ट्राफी के साथ फोटो खिंचाती हुईं। • एजेंसी

### चक्रवर्ती, नारायणन, सिवुक तालिका में शीर्ष पर

**नई दिल्ली :** भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त नारायणन एस एल ने 21वें दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में रविवार को यहां अर्नव अग्रवाल पर जीत के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा है। नारायणन के साथ शुरुआती तीन मुकाबलों में तीन जीत दर्ज करने वाले ग्रैंड मास्टर दीपन चक्रवर्ती, विटाली सिवुक, मिहेल निकितेंको, कार्तिक वेंकटरमन, अभिजीत गुप्ता और अंतरराष्ट्रीय मास्टर आर्सेन दावत्यान भी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अंतरराष्ट्रीय मास्टर आरण्यक घोष ने भी गुरु प्रकाश पर जीत के साथ अपना शानदार खेल जारी रखा है। इस 1.21 करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में 20 देशों के 24 ग्रैंडमास्टर सहित 2500 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### निधीश ने टीएनपीएल में स्पार्टन्स को पैंथर्स पर जीत दिलाई

**कोयंबटूर :** निधीश राजगोपाल के अर्धशतक की बदौलत एसकेएम सलेम स्पार्टन्स ने रविवार को यहां तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में सीचैम मदुरै पैंथर्स को छह विकेट से हरा दिया। स्पार्टन्स के गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए पैंथर्स को छह विकेट पर 164 रन के स्कोर पर रोक दिया। तमिलनाडु के तेज गेंदबाज एम मोहम्मद ने स्पार्टन्स की ओर से 27 रन देकर दो विकेट चटकाए। इसके जवाब में स्पार्टन्स ने निधीश (60 रन, 41 गेंद, सात चौके, दो छक्के) के अर्धशतक और आर केविन (नाबाद 48, 39 गेंद, चार छक्के, एक चौका) के साथ उनकी तीसरे विकेट की 73 रन की साझेदारी से आठ गेंद शेष रहते चार विकेट पर 167 रन बनाकर जीत दर्ज की। पैंथर्स के लिए आईपीएल खिलाड़ियों मुरुगन अश्विन और गुरजपनीत सिंह ने दो-दो विकेट चटकाए।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराया

**एंटवर्प :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ शानदार जीत के साथ यूरोप दौरे की शुरुआत की। आज यहां एंटवर्प में हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में खेले गये मुकाबले में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेल्जियम को 3-2 हराया। मैच की शुरुआत में भारत ने गीता यादव ने (11वें) मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, दूसरे क्वार्टर में मेजबान बेल्जियम की मैरी गोएन्स ने (25वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 बराबर कर दिया। इसके तुरंत बाद बेल्जियम ने लुईस वैन हेके के (34वें) मिनट में किये गये गोल की बदौलत 2-1 से बढ़त बना ली। भारत की सोनम ने (40वें) मिनट में गोलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद भारत ने लगातार आक्रमण जारी रखे और बेल्जियम पर दबाव बनाये रखा। थोड़ी देर बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और लालथंतलुंगी ने (45वें मिनट) गोल कर अपनी टीम एक बार फिर से बढ़त दिला दी।

# रिंकू सिंह संग सांसद प्रिया सरोज की हुई सगाई



क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज रिंग दिखाते हुए। • एजेंसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी रविवार को राजधानी में हुई। दोनों ने एक दूसरे को अंगूठी पहनाई। इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव और अन्य अतिथियों ने बधाई दी।

लखनऊ के निजी सेंट्रम होटल में संपन्न हुई रिंग सेरेमनी में प्रिया सरोज ने पिंक कलर का लहंगा पहन रखा था, जबकि रिंकू सिंह ने डिजाइनर कुर्ता और पायजामा पहना हुआ था। सेरेमनी के दौरान रिंकू द्वारा अंगूठी पहनाएं जाने पर सांसद प्रिया सरोज भावुक हो गईं। जिन्हें क्रिकेटर रिंकू सिंह से ठिठोली कर हंसाया और फिर अतिथियों के बीच आकर लोगों से बधाई ली। साथ ही संगीत के माहौल में रिंकू सिंह व प्रिया सरोज ने जमकर ठुमके भी लगाए। इसके बाद स्टेज पर परिवार के सदस्यों के साथ अतिथियों के बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। बधाई देने वालों में सपा प्रमुख के अलावा रिंग सेरेमनी में सपा नेता रामगोपाल वर्मा, महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद जिया उर्रहमान बर्क, सांसद जया बच्चन, सांसद धर्मेन्द्र यादव, और बीसीसीआई के राजीव शुक्ल समेत कई हस्तियां शामिल रहे।



रिंग सेरेमनी के दौरान स्टेज पर मौजूद सपा प्रमुख अखिलेश यादव व अन्य अतिथि। • एजेंसी

मालूम हो कि सेंट्रम होटल में सगाई के लिए 15 कमरे बुक थे। इसमें पांच कमरे रिंकू सिंह के परिवार व दोस्तों के लिए थे। रिंकू का परिवार शनिवार को ही होटल पहुंच गया था, रात को बच्चों के साथ चहलकदमी करते रिंकू के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। रिंग सेरेमनी में 300 खास मेहमानों को न्योता था।

# इरानी-पाओलिनी ने जीता महिला युगल का खिताब

## फ्रेंच ओपन : पुरुष युगल के चैंपियन बने ग्रैनोलर्स-जेबालोस, जूनियर खिताब टैगर और मैकडोनाल्ड ने जीता

पेरिस, एजेंसी

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी की इटली की जोड़ी ने पहली बार फ्रेंच ओपन महिला युगल खिताब जीता तो वहीं पुरुष युगल में मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी उम्र को धता बताते हुए चैंपियन बनी।

पिछले साल की उपविजेता रही दूसरी वरीयता प्राप्त इरानी और पाओलिनी ने रविवार को अन्ना डैनिलिना और अलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 6-4, 2-6, 6-1 से हराया। इटली की इस जोड़ी ने पिछले साल इसी स्थल पर ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था। यह इरानी का महिला युगल में छठा ग्रैंड स्लैम जबकि दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब है।



विजेता इटली की जैस्मीन पाओलिनी (बाएं) और सारा ईरानी। • एजेंसी



स्पेन के मार्सेल ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस ट्राफी के साथ। • एजेंसी

इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने इससे पहले रॉबर्टा विंची के साथ एक बेहद सफल जोड़ी बनाकर अमेरिकी ओपन, विंबलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताबी जीत दर्ज की थी। इरानी के लिए यह फ्रेंच ओपन में इस साल का दूसरा खिताब है। उन्होंने इससे पहले एन्ड्रा वावसोरी के साथ मिश्रित युगल खिताब भी जीता है। पाओलिनी एकल वर्ग की शानदार खिलाड़ी हैं। वह पिछले साल इस क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में उपविजेता रहीं थी। पुरुष युगल में स्पेन के 39 वर्षीय ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के 40 वर्षीय जेबालोस की जोड़ी चौथी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी और पहली बार चैंपियन बनने में सफल रही। फ्रेंच ओपन में पांचवी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने फाइनल में जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की की ब्रिटिश जोड़ी को 6-0, 6-7 (5), 7-5 से हराया। ग्रैनोलर्स और ज़ेबालोस 2019 में अमेरिकी ओपन और 2021 और 2023 में विंबलडन में उपविजेता रहे थे। सेलिसबरी और स्कूप्स्की ओपन युग में ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी थी।

**टैगर और मैकडोनाल्ड ने फ्रेंच ओपन जूनियर खिताब जीते :** ऑस्ट्रिया की लिली टैगर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों का एकल खिताब जीता। पहली बार फ्रेंच ओपन के जूनियर वर्ग में खेल रही 17 वर्षीय टैगर ने शनिवार को फाइनल में ब्रिटेन की आठवीं वरीयता प्राप्त हन्ना क्लुगमैन को 6-2, 6-0 से हराया। टैगर ने पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए तथा 19 विनर्स लगाए। वह फ्रेंच ओपन में जूनियर एकल खिताब जीतने वाली पहली ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी हैं। किसी बड़े टूर्नामेंट में उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना था। लड़कों के एकल वर्ग के फाइनल में नील्स मैकडोनाल्ड ने जर्मनी के हम वतन खिलाड़ी मैक्स शोनेहॉस के खिलाफ़ तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-7 (5), 6-0, 6-3 से जीत हासिल की। मैकडोनाल्ड 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जूनियर खिताब जीतने वाले अलेक्जेंडर के बाद जर्मनी के पहले ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में एकल खिताब जीता।

## म्यूनिख विश्व कप

### भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे स्वप्निल व इलावेनिल

**म्यूनिख :** वापसी कर रहे पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और इलावेनिल वलारिवान मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्र के तीसरे आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। विश्व कप में कई अंतरराष्ट्रीय सितारे हिस्सा लेंगे।

कुसाले ने घरेलू सर्किट में अच्छे प्रदर्शन के दम पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (थ्री पी) स्पर्धा में वापसी की। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल पेरिस के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में नजर आएंगी। हालांकि वह आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक) निशानेबाज के तौर पर ब्यूनस आयर्स और लीमा गई थीं।

महिला एयर पिस्टल में एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक की भी टीम में वापसी हुई है। हाल ही में महिला एयर राइफल राष्ट्रीय चैंपियन बनी अनन्या नायडू जैसे कुछ निशानेबाज विश्व कप में पदार्पण करेंगे। पुरुष एयर पिस्टल में आदित्य मालरा और निशांत रावत के रूप में दो नए चेहरे होंगे।

# भारतीय टीम ने इंग्लैंड में अभ्यास शुरू किया

लंदन, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले लॉर्ड्स में अभ्यास करके दौरे की शुरुआत की।

जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीतना है।



इंग्लैंड में अभ्यास सत्र के दौरान आराम फरमाते भारतीय खिलाड़ी। • एजेंसी

श्रृंखला हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं।

# भारत ए को पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड लॉयन्स पर 21 रन की बढ़त

**नॉर्थम्पटन (इंग्लैंड) :** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद (70 रन पर चार विकेट) के चार विकेट से भारत ए ने रविवार को यहां दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन चाय तक इंग्लैंड लॉयन्स को 327 रन पर समेटकर पहली पारी के आधार पर 21 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड की टीम ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 192 रन से की और सुबह के सत्र में एक समय सिर्फ 10 रन जोड़कर चार विकेट गंवाए।

तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज (56 रन पर दो विकेट) और तुषार देशपांडे (62 रन पर दो विकेट) ने खलील का अच्छा साथ निभाते हुए दो-दो विकेट चटकाए। भारत ए ने पहली पारी में 348 रन बनाए थे। सुबह के सत्र में जोर्डन कॉक्स (45) और कप्तान जेम्स रेव (10) ने मेजबान टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। कॉक्स ने शारदुल ठाकुर पर चौका जड़ा लेकिन खलील ने दिन के पांचवें और पारी के 51वें ओवर में उन्हें विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराके अर्धशतक से वंचित किया। खलील ने 55वें ओवर में कप्तान रेव को करुण नायर के हाथों कैच कराया और फिर अगली गेंद पर यॉर्कर पर जॉर्ज हिल (00) को बोल्ड किया।

# आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना चाहेगा भारत

## एफआईएच प्रो लीग

एम्सटलवीन, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करनी है और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को यहां होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा।



भारत शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार के बाद प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है। नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से 14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा।

# भारत ने ताइवान ओपन एथलेटिक्स में दूसरे दिन छह स्वर्ण पदक जीते

ताइपे सिटी, एजेंसी

- विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार को मिली सफलता

भारत ने रविवार को ताइवान ओपन अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे और अंतिम दिन दबदबा बनाते हुए महिलाओं के 800 मीटर फाइनल और लंबी कूद प्रतियोगिता में दोहरे पदक सहित छह स्वर्ण पदक जीते। तीन बार की राष्ट्रीय चैंपियन विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार ने अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय दल ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

संतोष टी, विशाल टीके, धर्मवीर चौधरी और मनु टीएस की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी तीन मिनट 5.58 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीतते हुए भारत के अभियान का सकारात्मक अंत किया। यशास पलाक्ष ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 42.22 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक जीता। इस परिणाम से 2025 एशियाई चैंपियनशिप से चूकने के बाद उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा।

विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में 56.53 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जो इस साल का उनका तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। तमिलनाडु की इस एथलीट ने फेडरेशन कप फाइनल में 56.04 सेकेंड और एशियाई चैंपियनशिप फाइनल में 56.46 सेकेंड का समय लिया था।

रोहित पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में 75 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके लेकिन 74.42 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था। ताइपे के हुआंग शिह फेंग ने 74.04 मीटर के प्रयास से रजत जबकि उनके हमवतन चेंग चाओ टीसुन ने 73.95 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। पूजा ने महिलाओं के 800 मीटर फाइनल में दो मिनट 2.79 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ जीत हासिल की और हमवतन ट्विंकल चौधरी को पीछे छोड़ दिया।

# आईपीएल के लिए भी होनी चाहिए 16 सप्ताह की विंडो

नई दिल्ली, एजेंसी

- पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन ने नेशनल फुटबॉल लीग से बराबरी करने के लिए समय बढ़ाने पर दिया जोर



आईपीएल की मौजूदा आठ सप्ताह के तुलना में प्रीमियर लीग (अगस्त से मई), एनबीए (सात महीने) और एनएफएल (4.5 महीने) की बहुत लंबी विंडो है, जो उनके मूल्य को भी बढ़ाती है।

पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को एनएफएल (नेशनल फुटबॉल लीग, अमेरिका), एनबीए (नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन, अमेरिका) और यूरोपीय देशों की बड़ी फुटबॉल लीग सहित दुनिया की शीर्ष खेल लीगों के ब्रांड मूल्य से मेल खाने के लिए 12 से 16 सप्ताह की विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) की आवश्यकता है।

आईपीएल के प्रति मैच का मूल्य लगभग 16.8 मिलियन डॉलर है जो दुनिया भर के विभिन्न खेलों की शीर्ष लीग में सिर्फ एनएफएल (36.8 मिलियन डालर) से पीछे है, लेकिन जब समग्र ब्रांड मूल्य की बात आती है तो यह एनएफएल और यूरोप की शीर्ष फुटबॉल लीग से काफी पीछे है।

प्रमुख निवेश बैंक हौलिहान लॉकी के अनुसार आईपीएल का ब्रांड मूल्य लगभग 16 बिलियन डॉलर है, जबकि एक एनएफएल फ्रेंचाइजी डलास काउबॉय की कीमत ही नौ बिलियन डॉलर है, इसके बाद न्यूयॉर्क यांकीस की कीमत 7.1 बिलियन डॉलर है। एनबीए फ्रेंचाइजी न्यूयॉर्क निक्स का मूल्य सात बिलियन डॉलर है, जबकि शीर्ष फुटबॉल क्लब रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड ने का मूल्य लगभग छह बिलियन डॉलर है। बर्मन ने आईपीएल के आगे की राह और पंजाब किंग्स के उल्लेखनीय बदलाव के बारे में पीटीआई से बात की। पंजाब की टीम 11 साल के लंबे अंतराल के बाद आईपीएल फाइनल में पहुंची। 'डाबर इंडिया' के प्रमुख बर्मन ने कहा हम प्रति मैच मूल्य के मामले में पहले से ही एनएफएल के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर हैं। लेकिन जब बात ब्रांड मूल्य की आती है तो आंकड़े कुछ और होता है। यह एक अलग पहलू है। मुझे लगता है कि हमें वहां पहुंचने के लिए इस लीग का आयोजन 12 से 16 सप्ताह तक कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा इससे हमें बेहतर माहौल बनाने, प्रतिद्वंद्विता बनाने और सभी (प्रशंसक, प्रायोजक, प्रसारक) के लिए अधिक मूल्य बनाने का मौका मिलता है। लेकिन यह सिर्फ आयोजन का समय बढ़ाने के बारे में नहीं है। यह इस बारे में है कि हम उस समय में क्या करते हैं। हम किस तरह की सामग्री पेश करते हैं, हम साल भर प्रशंसकों को कैसे जोड़ते हैं, हम सत्र से परे लीग का निर्माण कैसे करते हैं।

पंजाब किंग्स ने इस सत्र में अपना दूसरा फाइनल खेला और 2014 के बाद से लीग तालिका में शीर्ष पर रहने के बाद यह टीम का पहला फाइनल था। पिछले कुछ साल से खराब प्रदर्शन करने वाली इस टीम की सफलता का श्रेय कोच रिकी पोंटिंग और कप्तान के तौर पर श्रेयस अय्यर को दिया जा रहा है। बर्मन ने कहा रिकी पोंटिंग को टीम का कोच बनाना हमारे बदलाव का पहला कदम था।

